दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 16 मई 2025 कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 94 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

आपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को उसकी नानी तथा उसके हिमायतियों को उनकी दादी याद दिला दी है। भारतीय सेना की इस सैन्य कार्यवाही से पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ है, उससे ज्यादा क्षति तो उसके हिमायतियों को पहुंची है। भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का मात्र दस प्रतिशत उपयोग ही किया था और इतने में ही पाकिस्तान घुटनों पर आ गया। पाकिस्तान को हथियार, लड़ाकू विमान और सुरक्षा कवच देने वाले चीन, तुर्की और अमेरिका के उत्पादों की पोल भी खुल गई। इन हथियारों के सौदागरों के धंधे की वाट लग गई। अब इनके हथियारों की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।

अब पूरा होगा स्काई वॉक का निर्माण

■ पीडब्ल्यूडी ने जारी किया नोटिफिकेशन, 2019 में भूपेश सरकार ने लगाई थी रोक

रायपुर /नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में इस स्काई वॉक के ड्राइंग और डिजाइन को स्वीकृति मिली थी, लेकिन भूपेश सरकार ने इसे रोक दिया था। अब साय सरकार उसी पुराने प्रारूप पर इसे पूरा करने जा रही है। रायपुर के बहुप्रतीक्षित और लंबे समय से विवादों में रहे स्काई वॉक प्रोजेक्ट (फुट ओवर ब्रिज) को अब फिर से

पूरा किया जाएगा। लगभग 8 वर्षों तक रुके रहने के बाद, इस प्रोजेक्ट पर दोबारा काम शुरू होने जा रहा है।

करीब 8 सालों से अधूरे खड़े स्काई वॉक के ढांचे को पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है, जिसके अनुसार, पी.एस.ए.ए. कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. रायपुर को इस परियोजना का ठेका दिया गया है। कंपनी ने अनुमानित लागत 31.41 करोड़ से 20.17प्रतिशत अधिक दर यानी 37.75 करोड़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत ने टीआरएफ के बारे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपा डोजियार

न्यूयॉर्क (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति में पाकिस्तान के आतंकवादी गिरोह लश्कर-ए-तैय्यबा के संगठन दि रज़िस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) पर प्रतिबंध लगवाने के मकसद से आई एक भारतीय तकनीकी टीम ने गुरुवार को यहां संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और टीआरएफ के बारे में एक डोज़ियर सौंपा । संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने भारतीय तकनीकी टीम की यात्रा के बारे बताया कि संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के प्रभारी अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव और आतंकवाद निरोधक समिति कार्यकारी निदेशालय (सीटीईडी) की सहायक महासचिव नतालिया गेरमैन ने भारत के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

प्रवक्ता ने यह भी कहा कि श्री वोरोनकोव और सुश्री गेरमैन ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में हताहतों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की।सूत्रों के अनुसार न्यूयॉर्क में भारतीय तकनीकी टीम ने सुरक्षा परिषद की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मणिपुर में सेना के जवानों के साथ मुठभेड़ : 10 उग्रवादी मारे गए

इंफाल (वार्ता)। भारत-म्यांमार सीमा के पास मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के जवानों के साथ मुठभेड़ में दस उग्रवादी मारे गए। यह जानकारी भारतीय सेना ने कहा कि बुधवार रात दी। भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खेंगजॉय तहसील के अंतर्गत न्यू समतल गांव के पास एक उग्रवादी समूह के सशस्त्र कैडरों की आवाजाही के बारे में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स इकाई ने बुधवार को एक अभियान शुरू किया। सेना ने कहा, अभियान के दौरान संदिग्ध कैडरों द्वारा सैनिकों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी में 10 उग्रवादी मारे गये। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

अंबानी ने दोहा में ट्रंप, अमीर शेख से की मुलाकात

दोहा (वार्ता) । रिलायंस उद्योग के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरुवार को दोहा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कतर अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की। अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया की यात्रा में है। इसमें अमेरिका और कतर के बीच 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक आदान-प्रदान की घोषणा शामिल है। अंबानी की उपस्थिति रिलायंस इंडस्ट्रीज के वैश्विक पदचिह्नों के विस्तार और कतर निवेश प्राधिकरण (क्यूआईए) जैसी संस्थाओं के साथ इसके रणनीतिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने रिलायंस उपक्रमों में निवेश किया है।

शेयर बाजार में तूफानी तेजी

मुंबई (वार्ता)। अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1200.18 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,530.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25062.10 अंक पर बंद हुआ।

घायल सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात करने पहुंचे शाह

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ-तेलंगाना सीमा पर नक्सल विरोधी

अभियान में घायल सुरक्षाकर्मियों से यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स में जाकर मुलाकात की और उनका हाल चाल पूछा। शाह दोहपहर को एम्स में ट्रामा सेंटर गये और वहां भर्ती सुरक्षाकर्मियों से बातचीत की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उनके साथ छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी थे।

गलगम पहुंचे सीएम साय, जवानों का बढ़ाया हौसला

जवानों के अदम्य साहस को सैल्यूट

बीजापुर/रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को बीजापुर जिले के उसूर तहसील के अंदरूनी गांव गलगम पहुंचे, जहां उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर हालिया नक्सल विरोधी अभियान की सफलता पर चर्चा की। इस अभियान में सुरक्षा बलों ने करेगुट्टा की पहाड़ी पर 21 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 कुख्यात माओवादी आतंकियों को मार गिराया और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। मुख्यमंत्री साय ने इस अभियान को नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

मुख्यमंत्री साय ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे के उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने अदम्य साहस और समर्पण के साथ इस ऑपरेशन को सफल बनाया है। यह न केवल बीजापुर बल्कि पूरे राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। गलगम और करेगुट्टा का क्षेत्र लंबे समय से नक्सलियों का गढ़ माना जाता रहा है और इस अभियान ने इस इलाके को सुरक्षित बनाने की दिशा में नई उम्मीद जगाई है। सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात के दौरान साय ने उनके साहस की सराहना की और कहा कि आपके शौर्य और निष्ठा से ही हम नक्सलवाद के खिलाफ इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर पहुंचा सुशासन तिहार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को बस्तर संभाग के अतिदूरस्थ और आदिवासी बहुल ग्राम मुलेर का दौरा किया। यह गांव दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर स्थित अंतिम गांवों में से एक है, जहाँ अब नियद नेल्लानार योजना के तहत समावेशी विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय का ग्रामीणों ने महुआ, आमपत्ती से बने पारंपरिक हार और गौर मुकुट पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम का भी छिंद पत्तों से बने पारंपरिक गुलदस्तों से अभिनंदन किया गया।

ग्रामीणों की जमीनी समस्याएं सुनीं : मुख्यमंत्री साय ने इमली के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की जमीनी समस्याएं सुनीं और विकास की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। उन्होंने राशन दुकान का निरीक्षण किया, जहां हितग्राहियों से बातचीत कर राशन वितरण की नियमितता, गुणवत्ता, और उपयोग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न का वजन भी मौके पर करवाया और एक हितग्राही का राशन कार्ड देखा। मुख्यमंत्री श्री साय ने आंगनबाड़ी में बच्चों से आत्मीय वार्तालाप कर उनके अक्षर ज्ञान, रंग-पहचान आदि की जानकारी ली और बच्चों को चॉकलेट वितरण किया।

जवानों संग बैठकर किया भोजन

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा, ताकि ग्रामीण मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके साथ ही, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने गलगम कैंप में जवानों के साथ तस्वीर खिंचाई और भारत माता के जयकारे से उनका जोश बढ़ाया। जवानों ने भी नारे लगाते हुए देशभक्ति का जज्बा दिखाया। मुख्यमंत्री ने जवानों संग बैठकर भोजन भी किया।

समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जलसंधि पर रोक रहेगी : जयशंकर

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत ने आज दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक तभी हटाने पर विचार किया जाएगा लेकर आतंकवाद के ढांचे के समूल एवं स्थायी विनाश किया जाएगा और जम्मू कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां होंडुरास के नये दूतावास का उद्घाटन के अवसर मीडिया से बातचीत में कहा, हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

3.25 लाख सीआरपीएफ जवानों को राहत

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने जब पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों और एयरबेस पर स्ट्राइक की तो सुरक्षा कारणों के चलते केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की छुट्टियां रद्द कर दी गई थीं। जो भी जवान और अधिकारी, छुट्टी पर थे, उन्हें वापस बुलाने का आदेश जारी किया गया था। सात मई को जारी आदेश की वजह से सभी केंद्रीय बलों के जवान/अधिकारी, छुट्टी से वापस ड्यूटी पर लौट आए थे। अब सीआरपीएफ ने छुट्टियां रद्द होने के आदेश को वापस ले लिया है।

पाकिस्तान के परमाणु हथियार अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सी की निगरानी में रखे जाएं : राजनाथ

श्रीनगर (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बार-बार परमाणु धमकी देने वाले पाकिस्तान में परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए उसके परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (आईएईए) की निगरानी में रखे जाने की मांग की है। सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने यह दिखा दिया है कि भारतीय सैनिक केवल रक्षात्मक कदम उठाना ही नहीं जानते परन्तु समय आने पर वह दुश्मन के गढ़ में जाकर उसे नेस्तानबूद भी करना जानते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान को जो चोट दी है उससे उसे समझ जाना चाहिए कि भारत विरोधी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बारातियों से भरी बस खाई में गिरी, 3 की मौत, 8 घायल

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। कंठी घाट चांदो में बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जिसमें एक बच्ची, युवक और एक महिला शामिल है।वहीं बस में सवार लगभग 25 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से 8 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस शंकरगढ़ से झारखंड बारात लेकर जा रही थी, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चमेदा जंगल में नक्सलियों का डंप सामान बरामद

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले की सीएएफ और डीआरजी की संयुक्त टीम ने ग्राम चमेदा के जंगलों में सर्चिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने नक्सलियों द्वारा छिपाए गए कुकर बम बनाने के लिए उपयोग होने वाले 10 कुकर, राशन सामग्री और अन्य नक्सली सामान बरामद किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडे ने बताया कि खल्लारी थाना क्षेत्र के चमेदा जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सर्चिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नक्सलियों का डंप सामान बरामद किया गया। आसपास के इलाकों में भी छानबीन जारी है। उल्लेखनीय है कि 27 अप्रैल को भी नगरी क्षेत्र के चमेदा और साल्हेभाट के बीच जंगल में डीआरजी और सीएएफ की संयुक्त टीम ने सर्चिंग के दौरान तीन कुकर बम, तीन अमूल दूध के डिब्बे बम, दो पाइप बम, एक टिफिन बम, एक वॉकी-टॉकी, दवाइयां, राशन, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोगों को नक्सली मामलों में फंसाया जा रहा: भूपेश बघेल

खदानों को निजी हाथों में सौंपकर लूट रही भाजपा

बीजापुर /नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने अपने बीजापुर दौरे के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे बघेल ने भोपालपटनम के कुचनूर स्थित कोरंडम खदान का निरीक्षण किया और वहां से लौटकर बीजापुर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ खनन नीति बल्कि नक्सल ऑपरेशन और आदिवासियों के प्रति सरकार के रवैये पर भी अपनी बात रखी।

आदिवासियों की जमीन और संसाधनों की लूट करवा रही भाजपा : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि कोरंडम खदान की शुरुआत बिना ग्रामसभा की अनुमति के की जा रही है, जो सीधे तौर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सल मुक्त गांव योजना को बताया अव्यवहारिक

पूर्व सीएम बघेल ने नक्सल मुक्त गांवों के लिए एक करोड़ रुपये की योजना को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि इससे गांव के मुखिया और ग्रामीणों की जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने करेगुट्टा नक्सल ऑपरेशन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मारे गए 31 नक्सलियों के शव कई दिनों तक क्यों रखे गए, इसकी जानकारी मीडिया को क्यों नहीं दी गई।

गरमा-गरम

आज सुनवाई

सुको ने स्वत: संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज करने का दिया निर्देश

कर्नल सोफिया मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत देने से सुको का इनकार

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से गुरुवार को इनकार कर दिया और कहा कि इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई की जायेगी।

उच्च न्यायालय ने मंत्री की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया था। शाह की ओर से उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी

है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने आज इस याचिका का उल्लेख किए जाने पर कहा कि मंत्री शाह ने ऐसी टिप्पणी की है जो गैर-जिम्मेदाराना है। भाजपा नेता शाह राज्य सरकार में आदिवासी मामलों के मंत्री हैं।

आग्रह को अस्वीकार कर दिया : न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंत्री के खिलाफमुकदमा दायर करने के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टिप्पणी बेहद गैर-जिम्मेदाराना

पीठ ने हालांकि कहा कि शाह एक मंत्री हैं। इस नाते उनकी टिप्पणी बेहद गैर-जिम्मेदाराना थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, सवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को ऐसे समय गैर-जिम्मेदारी से नहीं बोलना चाहिए...जब देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा है। पता होना (शाह को) चाहिए कि वह क्या कह रहे हैं।.. उच्च न्यायालय ने शाह के कथित वक्तव्य पर स्वतः संज्ञान लेते हुए बुधवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए महिला सैन्य अधिकारी के विरुद्ध 'अपमानजनक' और ' अभद्र भाषा' का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था।

भाजपा के एक्शन का इंतजार : मायावती

लखनऊ (वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि कर्नल सोफिया के खिलाफअभद्र टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से एक्शन की पूरे देश को प्रतीक्षा है।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया पहलगाम हत्याकाण्ड के बाद पाकिस्तान में आतंकियों के विरुद्ध सेना के आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री के खिलाफहाईकोर्ट की सख्ती के बाद कल देर रात दर्ज एफआईआर उचित, किन्तु भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा।

उन्होने कहा देश में साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ कोर्ट से पहले, राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था की सवैधानिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी, वरना अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा, जो जन व देशहित में सही नहीं।

डोनाल्ड ट्रंप : 'मैं नहीं चाहता एपल भारत में आईफोन बनाए'....

दोहा(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक से बात की है और उनसे भारत में एपल के उत्पादन का विस्तार न करने के लिए कहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में इसका दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने दोहा में एक कार्यक्रम में टिम कुक से कहा कि हमें आपके भारत में निर्माण करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं। वे बहुत अच्छा कर रहे हैं।

दोहा में एक कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप ने एपल सीईओ टिम कुक से कहा कि मुझे टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी थी। कल मैंने उनसे कहा कि टिम आप मेरे दोस्त हैं। मुझे लगता है। आप बहुत अच्छे हैं। आप 500 बिलियन डॉलर लेकर यहां आ रहे हैं। लेकिन अब मैंने सुना है कि आप भारत में निर्माण कर रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि आप भारत में निर्माण करें। यदि आप भारत का ख्याल रखना चाहते हैं तो आप भारत में निर्माण कर सकते हैं। क्योंकि भारत दुनिया में सबसे अधिक टैरिफवाले देशों में से एक है। इसलिए भारत में बिक्री करना बहुत मुश्किल है। ट्रंप बोले कि मैंने टिम से कहा कि हमने पाया है कि तुम वास्तव में अच्छे हो। हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी संयंत्रों को देखा। अब तुम्हें हमारे लिए निर्माण करना है। हमें भारत में तुम्हारे निर्माण में कोई दिलचस्पी नहीं है। भारत खुद का ख्याल रख सकता है। हम चाहते हैं कि तुम यहां निर्माण करो और वे संयुक्त राज्य अमेरिका में अपना उत्पादन बढ़ाने जा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा है कि इस बातचीत के बाद एपल अमेरिका में अपना उत्पादन बढ़ाएगा। हालांकि, उन्होंने चर्चा के परिणाम या भारत में एपल की योजनाओं में किसी भी बदलाव के बारे में और विवरण साझा नहीं किया। ट्रंप की टिप्पणी भारत की ओर से अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की चेतावनी के कुछ ही दिनों बाद आई है। भारत का यह प्रस्ताव अमेरिका की ओर से भारतीय स्टील और एल्युमीनियम निर्यात पर शुल्क बढ़ाने के जवाब में दिया गया था।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, ट्रंप की हालिया टिप्पणियों से भारतीय निवेशक और लोग निराश हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की उनकी घोषणा से यह निराशा और बढ़ गई है। भारत में इस बात से भी नाराजगी है कि ट्रंप ने सुझाव दिया कि दोनों देशों को संघर्ष कम करने के लिए व्यापार की शर्त रखी गई। दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष को रोकने में मदद करने के लिए व्यापार को समझौते के साधन के रूप में इस्तेमाल करना भारत में किसी को भी पसंद नहीं आया। भारत में सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया है कि व्यापार मामले पाकिस्तान के साथ सैन्य स्थिति पर बातचीत से जुड़े थे।

ट्रंप का दावा भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर शून्य टैरिफ की पेशकश की

दोहा में इसी कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान ट्रंप ने कहा कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ हटाने की पेशकश की है। हम भारत में शीर्ष 30 में भी नहीं हैं क्योंकि टैरिफ बहुत अधिक है। एक ऐसे बिंदु पर पहुंच गए हैं जहां उन्होंने वास्तव में हमसे कहा है कि कोई टैरिफ नहीं लगाया जाएगा। स्कॉट इस पर काम कर रहे थे। अब तक भारत का टैरिफ सबसे अधिक था और अब वे कह रहे हैं कि कोई टैरिफ नहीं लगाया जाएगा। फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाइट हाउस दौरे के बाद भारत और अमेरिका ने औपचारिक व्यापार वार्ता शुरू की थी। भारत के व्यापार मंत्री के अमेरिकी अधिकारियों के साथ और अधिक बैठकों के लिए 17 से 20 मई के बीच अमेरिका का दौरा करने की उम्मीद है।

6 करोड़ से ज्यादा आईफोन भारत में बनाने की थी तैयारी

इससे पहले एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि दिग्गज टेक कंपनी एपल अमेरिका में बिकने वाले सभी आईफोन का निर्माण अगले साल से भारत में करने की योजना बना रही है। इससे न सिर्फ मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि वैश्विक विनिर्माण हब बनने की दिशा में भारत की स्थिति मजबूत होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया था एपल अमेरिका में बिकने वाले 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का उत्पादन 2026 के अंत तक पूरी तरह से भारतीय प्लांट में स्थानांतरित करना चाहती है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अभी भी जारी

टैरिफ को लेकर हालिया तनावों के बावजूद मामले से परिचित लोगों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अभी भी जारी है। दोनों देश समझौते पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में एपल भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता को लगातार बढ़ा रहा है। कंपनी फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन जैसे अनुबंध निर्माताओं के जरिए से देश में आईफोन बनाती है। ये कोशिशें इलेक्ट्रॉनिक्स में अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के भारत के लक्ष्य को भी साकार करती हैं। हालांकि, ट्रंप के हालिया बयानों से इस पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

पाकिस्तान से केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी बात : जयशंकर

नई दिल्ली (ए)। भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद उठ रहे सवालों का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ अब बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी।

होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसे उसे हमें सौंपना होगा। साथ ही उसे आतंकियों के बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं जो संभव हैं। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित है और तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं।

संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि यह साफ है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था। हमने आतंकी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे।

उन्होंने उस सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान पहुंचाया और उन्होंने कितना कम नुकसान किया। इसलिए यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था। पहलगाम हमले पर विदेश मंत्री ने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है। हमने हस्ट में प्रस्ताव पेश किया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और सात मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के जरिये जवाबदेह ठहराया गया।

एस जयशंकर ने कहा कि वैश्विक मंच पर हमारे सहयोग का संयुक्त राष्ट्र सहित कई देशों ने समर्थन किया है। हम विभिन्न बहुपक्षीय गतिविधियों में होंडुरास से प्राप्त निरंतर समर्थन को महत्व देते हैं। होंडुरास में भारतीय प्रवासी कम हैं, लेकिन यह जीवंत है और यह स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते है और साथ ही दोस्ती के जीवंत पुल के रूप में कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में भारत और होंडुरास के आर्थिक संबंध लगातार बढ़े हैं। वे व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग से मजबूत हुए हैं। द्विपक्षीय व्यापार आज 300 मिलियन डॉलर से थोड़ा अधिक है। हम होंडुरास को फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, ऑटोमोबाइल और मशीनरी निर्यात करते हैं और होंडुरास से कॉफी, लकड़ी और चमड़ा आयात करते हैं। यह वाणिज्यिक आदान-प्रदान कृषि, व्यवसाय, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल, सूचना प्रौद्योगिकी और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काफी संभावनाओं को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में होंडुरास के दूतावास के खुलने से व्यापार को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी। व्यवसायियों को दूतावास को मैचमेकिंग के केंद्र के रूप में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जो अधिक पहल गतिविधियों और जुड़ावों को शुरू करने के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करेगा।

उन्होंने होंडुरास के प्रतिनिधियों का आभार जताया। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले पर होंडुरास की एकजुटता को स्वीकार करता हूं। हम आतंकवाद के विरोध में आपकी सार्वजनिक प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं और इस तथ्य की भी कि यह ऐसी चीज है जो सभ्य दुनिया के किसी भी रूप में पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारी

भारत अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये थोड़ी कठिन है। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी कहा नहीं जा सकता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए। यह दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक यि लाभाकारी नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय जल्दबाजी होगी।

दलित, पिछड़े, आदिवासियों के न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं राहुल : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सामाजिक न्याय का योद्धा बताते हुए कहा है कि वह एक मात्र नेता हैं जो मजबूती से दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को न्याय देने की लड़ाई लड़ रहे हैं और इसी का परिणाम है कि बिहार में उन्हें इन वर्गों के छात्रों से संवाद करने से रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं माने और उन्होंने अम्बेडकर हास्टल जाकर जबरन छात्रों से संवाद किया।

कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विभाग के अध्यक्ष डॉ अनिल जयहिंद तथा सुश्री ऋतु चौधरी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गांधी बिहार के दरभंगा में दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों से मिलने जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोकने की कोशिश कर तानाशही की।

गांधी दलितों और पिछड़ों के हितों और उन्हें अधिकार देने की बात करने के लिए दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों से मिलने जा रहे थे लेकिन नीतीश सरकार ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेटर लगावा दिए, लेकिन श्री गांधी नहीं माने और वह छात्रों में मिलने पहुंच गये।

उन्होंने श्री गांधी को सामाजिक न्याय का योद्धा बताया और कहा कि वह जिस मुद्दे को हाथ में लेते हैं उसे अंजाम तक पहुंचाते हैं इसलिए कह सकते हैं कि देश में सामाजिक न्याय का समय आ चुका है और राहुल गांधी इस आंदोलन के 'न्याय योद्धा' हैं। उनका कहना था कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोचते हैं कि वे राहुल गांधी को रोक लेंगे, तो उनकी गलतफहमी है और आज यह साबित भी हो गया है।

'जंगल दोबारा तैयार नहीं किया तो...'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास कान्चा गाचीबोवली जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई पर कड़ा रुख अपनाया और कहा कि यह काम पहले से योजनाबद्ध लगता है। साथ ही कोर्ट ने तेलंगाना सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जंगल बहाल नहीं किया गया तो तेलंगाना सरकार के अधिकारी जेल जा सकते हैं। मामले में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि पेड़ों की कटाई ऐसे समय पर की गई जब कोर्ट तीन दिन की छुट्टी पर था, ताकि कोई रोक न लग सके। कोर्ट ने सवाल किया कि अगर आपकी मंशा सही थी तो आपने सोमवार को काम शुरू क्यों नहीं किया? बता दें कि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को स्वतः संज्ञान लेते हुए आदेश दिया था।

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती श्रीमती पूर्णिमा साहू पति नोहर सिंह साहू निवासी वार्ड नं. 11 ग्राम निकुम तह. जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड नं. 5455 6327 3844 में मेरा नाम पूर्णिमा साहू (PURNIMA SAHU) पति नोहर (NOHAR) अंकित है। इसी प्रकार नाम से मतदाता परिचय पत्र एक IXG1026178 में मेरा नाम पूर्णिमा साहू पति नोहर सिंह साहू अंकित है। मेरे प्राथमिकता राशन कार्ड में मेरा नाम पूर्णिमा साहू पति नोहर सिंह साहू अंकित है। इसी प्रकार मेरे पति के नाम से जारी आधार कार्ड नं. 5673 4436 5664 में उसका नाम नोहर सिंह साहू (NOHAR SINGH SAHU) अंकित है इसी मेरे पति के नाम से जारी पैन कार्ड नं. (NOHAR SINGH SAHU) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र की जन्मतिथि 11/08/2012 है जो शा.पू.गा.शा. निकुम जिला दुर्ग छ.ग. में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत है जिसके दाखिला में उसका नाम लोकेश कुमार साहू पिता का नाम नोहर कुमार साहू माता का नाम पूर्णिमा बाई साहू अंकित है। यह कि मेरे पुत्र के सही व वास्तविक नाम लोकेश साहू (LOKESH SAHU) पिता नोहर सिंह (NOHAR SINGH SAHU) एवं माता पूर्णिमा साहू (PURNIMA SAHU) के नाम से गजट = प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे पुत्र के दाखिला पंजी, शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
श्रीमती पूर्णिमा साहू
पति नोहर सिंह साहू
निवासी वार्ड नं. 11 ग्राम निकुम
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं कौशल बंजारे पिता श्री धनसिंग बंजारे निवासी वार्ड नंबर 18 सुरडुंग तह. भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं तथा मेरी पूत्री का नाम हर्षिका बंजारे (HARSHIKA BANJARE) है। मेरी पुत्री का यही नाम समस्त शैक्षणिक योग्यता दस्तावेजों दर्ज हैं परन्तु मेरी पुत्री आधार कार्ड क्रमांक 9210 7352 9708 में मेरी पुत्री का नाम हषिका बंजारे (HASHIKA BANJARE) त्रुटिवश दर्ज हो गया हैं व इसके जन्मप्रमाण पत्र में भी ओवर राइटिंग नाम हर्षिता बंजारे (HARSHITA BANJARE) दर्ज हैं मैं अपने पुत्री आधार कार्ड क्रमांक 9210 7352 9708 में उसके नाम हषिका बंजारे (HASHIKA BANJARE) व जन्मप्रमाण पत्र मे दर्ज ओवर राइटिंग नाम हर्षिता बंजारे (HARSHITA BANJARE) के स्थान पर मैं अपने पुत्री के वास्तविक नाम हर्षिका बंजारे (HARSHITA BANJARE) को दर्ज करवाना चाहता हूं, जिस संबंध में मेरे द्वारा शपथ पत्र निष्पादित किया गया हैं। अत: मेरे पुत्री आधार कार्ड क्रमांक 9210 7352 9708 में उसके नाम हषिका बंजारे (HASHIKA BANJARE) व जन्मप्रमाण पत्र मे दर्ज ओवर राइटिंग नाम हर्षिता बंजारे (HARSHITA BANJARE) के स्थान पर मेरे पुत्री के वास्तविक नाम हर्षिका बंजारे (HARSHIKA BANJARE) दर्ज कर हो ।

शपथकर्ता
कौशल बंजारे
पिता श्री धनसिंग बंजारे
निवासी वार्ड नंबर 18 सुरडुंग
तह. भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वासल्र्ड वेंकटेश्वर राव पिता व्ही. नागराजू उम्र-55 वर्ष, निवासी-5/सी. स्ट्रीट 15 बी, सेक्टर-02 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ, मेरे पुत्र वासले महेश राव की जन्मतिथि 03.08.2008 है। पूर्व में मेरे पुत्र को व्ही. महेश राव (V MAHESH RAO) आ. व्ही. वेंकटेश्व राव (V VENKATESHWAR RAO) के नाम से जाना जाता था, मैंने अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर वासले महेश राव (VASARLL MAHESH RAO) तथा पिताजी के स्थान पर वासल्र्ड वेंकटेश्व राव (VASARLL VENKATESHWAR RAO) रख लिया है तथा इसी परिवर्तित नाम से मेरे पुत्र को जाना-पहचाना व पुकारा जायेगा। अत: मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक दस्तोवज, जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, मार्कशीट, शासकीय एवं अर्धशासकीय अभिलेखों/दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम व्ही. महेश राव (V MAHESH RAO) आ. व्ही. वेंकटेश्व राव (V VENKATESHWAR RAO) के नाम से जाना जाता था, मैंने अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर वासले महेश राव (VASARLL MAHESH RAO) तथा पिताजी के स्थान पर वासल्र्ड वेंकटेश्व राव (VASARLL VENKATESHWAR RAO) के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा एवं पढ़ा जावे।

शपथकर्ता
वासल्र्ड वेंकटेश्वर राव
पिता व्ही. नागराजू
निवासी-5/सी. स्ट्रीट 15 बी,
सेक्टर-02 भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं रमेश राव वेमूला पिता श्री एस. नरसैय्या उम्र 39 वर्ष निवासी ब्लाक 26/इ सडक 6 सेक्टर 02 भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं :- यह कि मैं उपरोक्त पते पर ही निवास करता हूं तथा मैं रेलवे विभाग (BIA/ RAIPUR) में वरिष्ठ सहायक लोको पायलट के पर कार्यरत हूं। मेरा नाम सर्विस रिकार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रो में मेरा नाम रमेश पिता एस.नरसैय्या (RAMESH S/O S. NARASAIYYA) लिखा हुआ है। मैं अब अपना सही एवं पूरा नाम रमेश राव वेमूला पिता एस. नरसैय्या (RAMESH RAV VEMULA S/O S.NARSAIYA) आधार कार्ड एवं पेन कार्ड तथा समस्त शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में सुधार करना चाहता हूं तथा मैं अपना पूरा नाम रमेश राव वेमूला करना चाहता हूं जो कि मेरा सही एवं पूरा नाम है। रमेश राव वेमूला एवं रमेश दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही व्यक्ति हूं। अत: यह शपथपत्र अपना नाम रमेश के स्थान पर रमेश राव वेमूला पिता एस. नरसैय्या (RAMESH RAV VEMULA S/o S.NARSAIYA) कराने के लिये राजपत्र में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
रमेश राव वेमूला
पिता श्री एस. नरसैय्या
निवासी ब्लाक 26/इ सडक 6
सेक्टर 02 भिलाई नगर
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202505101000056/अ-5/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045(हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- एन.के. स्वार
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदक एन.के. स्वार पिता/पति/विभाग ए.के. स्वार पता-रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा न. 442/1, 443/1 के पटवारी अभिलेख में सुधार किए जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नक्शा अभिलेख सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 29.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.30/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक सुबीर दास आ. स्व. आशुतोष दास (ए.टी.दास) निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग प्लाट नं. एम.आई.जी. 1/01 रकबा 150.00 वर्गमीटर श्रीमती मंजू रानी दास ध.प. स्व. आशुतोष दास व सुबीर दास, रूमा दत्ता, रूना बसक आ. स्व. आशुतोष दास के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगणों द्वारा पंजीकृत हकत्यानामा दिनांक 16.10.2020 अपनी माता श्रीमती मंजू रानी दास के पक्ष में निष्पादित किया गया है। धारक श्रीमती मंजू रानी दास की मृत्यु दिनांक 21.09.2023 को हो चुकी है। श्रीमती मंजू रानी दास द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा 20.10.2022 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त पंजीकृत वसीयताना के आधार पर आवेदक द्वारा नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.05.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी.202425430103900225

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी ना.बा. अल्तमस अहमद खान पिता/पति स्व. इरशाद अहमद खान पता तकियापारा दुर्ग, ना.बा. जीशान अहमद खान पिता/पति स्व. इरशाद अहमद खान पता तकियापारा दुर्ग, अल्फीया बेगम पिता/पति स्व. इरशाद अहमद खान पता तकियापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1041/106 (0.0035) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अल्तमस अहमद खान पिता/पति स्व. इरशाद अहमद खान पता तकियापारा दुर्ग, जीशान अहमद खान पिता/पति स्व. इरशाद अहमद खान पता तकियापारा दुर्ग, अल्फीया बेगम पिता/पति स्व. इरशाद अहमद खान पता तकियापारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी.202425430103900219

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी गौतमचंद जैन पिता/पति स्व. रघुनाथ डाकलिया पता परपोड़ी साजा, सूरजमल जैन पिता/पति स्व. रघुनाथ डाकलिया पता परपोड़ी साजा, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 807/29(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती कविता सोनी पिता/पति मनीष सोनी पता वार्ड नं. 34 शिवपारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी.202425430104800146

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी एम. जेरोम पिता/पति मकारियन पता शॉप नं. 262 जोनल मार्केट सेक्टर-10 भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 727/16(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जे सोमसन पिता/पति एम जेरोम पता शॉप नं. 262 जोनल मार्केट सेक्टर-10 भिलाई जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00020 फुंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430306600005

तहसील पाटन के प.ह.न. 00020 के अंतर्गत ग्राम फुंडा के वर्तमान भूमिस्वामी कांती बेवा घनश्याम पता फुंडा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 703/4(0.2600), 780/6 (1.1200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संतोष निर्मलकर पिता/पति अहिलाल निर्मलकर पता विधानसभा रोड सड्डू रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी.202425430104800145

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी एन.एन. चटर्जी पिता/पति हेमंत कुमार चटर्जी पता 14/डी 31/4 भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1013/2(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रीता रानी चटर्जी पिता/पति स्व. नरेन्द्रनाथ चटर्जी पता इस्पात नगर रिसाली भिलाई, शिप्रा गोस्वामी पिता/पति स्व. नरेन्द्रनाथ चटर्जी पता सेक्टर-4 भिलाई, शंकर चटर्जी पिता/पति स्व. नरेन्द्रनाथ चटर्जी पता इस्पात नगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं नुरेन्द्र कुमार (NURENDRA KUMAR) पिता श्री विशालराम (BISHALRAM) उम्र वर्ष, निवासी 202, पठान पारा, ग्राम मचांदुर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं तथा मेरा नाम नुरेन्द्र कुमार (NURENDRA KUMAR) पिता श्री विशालराम (BISHALRAM) है। मेरा यही नाम समस्त शैक्षणिक योग्यता दस्तावेजों एवं दसवीं के अंकसूची में दर्ज हैं परन्तु मेरे आधार कार्ड क्रमांक 9807 9179 9468 में मेरा घरेलू नाम नरेन्द्र कुमार (NARENDRA KUMAR) त्रुटिवश दर्ज हो गया हैं मैं अपने आधार कार्ड क्रमांक 9807 9179 9468 अपने घरेलू नाम नरेन्द्र कुमार (NARENDRA KUMAR) के स्थान पर मैं अपना वास्तविक नाम नुरेन्द्र कुमार (NURENDRA KUMAR) को दर्ज करवाना चाहता हूं जिस संबंध में मेरे द्वारा शपथ पत्र निष्पादित किया गया हैं। अत: मेरे आधार कार्ड क्रमांक 9807 9179 9468 में अपने घरेलू नाम नरेन्द्र कुमार (NARENDRA KUMAR) के स्थान पर मेरे पुत्री के वास्तविक नाम नुरेन्द्र कुमार (NURENDRA KUMAR) दर्ज कर हो।

शपथकर्ता
नुरेन्द्र कुमार
पिता श्री विशालराम
निवासी 202, पठान पारा,
ग्राम मचांदुर
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं हरिश चंद्र उम्र 62 आत्मज स्वर्गीय रामानंद निवासी क्वाटर 8/सी, सड़क-14/ए. सेक्टर-2, वार्ड नम्बर 39 भिलाईनगर तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ पिन 490001 का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ यह कि मेरे आधार कार्ड कमांक 7952 1629 9745, पैन कार्ड कमांक AEWPC1306F भारतीय स्टेट बैंक, मार्केट एरिया सेक्टर-4, भिलाई के बचत खाता कमांक 1003001899, हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 1984 के अंक-सूची एवं भूतपूर्व कर्मचारी के बीएसपी सर्विस रिकार्ड एवं मेडिकल बुक में मेरा नाम हरिश चंद्र (HARISH CHANDRA) दर्ज है। जोकि मेरा सही एवं प्रचलित नाम हैं। यह कि मेरे (SHRIRAM INSIGHT SHARE BROKERS LTED) के डीमेट एकाउन्ड के डीपी आई डी 12038400 कस्टमर आ0डी 01855559 रिकार्ड में मेरा नाम हरिश रामानंद चंद्र (HARISH RAMANAND CHANDRA) दर्ज हैं। त्रुटिवश मेरे नाम के साथ-साथ पिता का नाम भी दर्ज हो गया हैं। यह कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक खाता रिकार्ड में मेरा नाम हरिश चंद्र (HARISH CHANDRA) दर्ज हैं। इसलिये मैं उक्त डीमेट एकाउन्ट में नाम सुधार की आवश्यकता हैं इसलिये मैं अपना नया नाम हरिश चंद्र (HARISH CHANDRA) रख लिया हैं। अत: अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। यह कि मेरा नाम डीमेट एकाउन्ट के डीपी आई डी -12038400 कस्टमर आ0डी 01855559 रिकार्ड एवं अन्य सभी जगह जहाँ-जहाँ आवश्यक सुधार की आवश्यकता हैं। अत: अब मुझे हरिश चंद्र (HARISH CHANDRA) पिता आत्मज स्व. रामानंद (LATE RAMANAND) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
हरिश चंद्र

नाम-परिवर्तन

मैं, चंद्रेश परमार उम्र 60 वर्ष आत्मज नरभेराम परमार निवासी वार्ड नम्बर 12 विजय नगर बैंक कालोनी, गजानन मंदिर के पीछे, दुर्ग छ0ग0 पिन 491001 का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ यह कि मेरे आधार कार्ड कमांक 3854 2460 9284, पेन कार्ड कमाक AJYPP2849K, पासपोर्ट नम्बर C2543350, ड्रायविंग लाइसेंस कमाक CG 08 20150008276, एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा 1981 के शाला रिकार्ड एवं अंक सूची में मेरा नाम चंद्रेश परमार (CHANDRESH PARMAR) दर्ज हैं। यह मेरा सही एव प्रचलित नाम हैं। मेरे पेंशनर आई कार्ड के पी.एफ. नम्बर 3328465, सेवानिवृत्ति-भारतीय स्टेट बैंक के पी.एफ. खाता रिकार्ड में मेरा नाम (CHANDRESH KUMAR PARMAR) दर्ज हैं। असावधानीवश (कुमार) खाता रिकार्ड में अतिरिक्त दर्ज हो गया है। जिसके कारण मुझे आधार, पैन को इस खाते से लिंक करवाने में कठिनाई आ रही हैं। अत: आज दिनाँक से अपना (CHANDRESH KUMAR PARMAR) को त्यागकर अपना नया नाम चंद्रेश परमार (CHANDRESH PARMAR) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। भारतीय स्टेट बैंक के पी0 एफ0 खाता रिकार्ड, पेंशनर आई कार्ड के पी0 एफ0 नम्बर 3328465, पासबुक एवं अन्य सभी जगह जहाँ-जहाँ आवश्यक सुधार की आवश्यकता सुधार किया जाये । अत: अब मुझे चंदेश परमार (CHANDRESH PARMAR) आत्मज नरभेराम परमार (NARBHERAM PARMAR) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। .

शपथकर्ता
चंद्रेश परमार

संक्षिप्त खबरें

बीई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, बी.फार्मा, एमटेक जैसे विभिन्न कोर्स में ले सकेंगे प्रवेश

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, आर्किटेक्चर एवं फार्मेसी संस्थानों में संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी बी.ई., डिप्लोमा इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग, होटल मैनेजमेंट, आर्किटेक्चर, बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.टेक, एम.फार्मा, एम.बी.ए., एम.सी.ए. जैसे विभिन्न कोर्सों में सीधे एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया का विस्तृत विवरण ऑनलाइन काउंसिलिंग पोर्टल पद पर उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त प्रवेश नियम भी इसी पोर्टल पर देखे जा सकते हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते आवश्यक दस्तावेज जैसे मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाण पत्र, पुनर्वास प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र आदि यथाशीघ्र बनवा लें। दस्तावेजों के अभाव में अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर तैयारी करने और निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश । अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में विजय नगर भनपुरी निवासी प्रार्थी आरए चारी 49 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 9380 को डब्ल्यूआरएस कालोनी बाजार के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम तुलसी नेवरा निवासी हरीश चंद्र ध्रुवे 49 वर्ष नेवरा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीजी 8310 को नेवरा स्टेट बैंक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आरक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी

रायपुर। आरक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अधेड़ से 10 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र सिंह मानसर 49 वर्ष ग्राम परसदा जांजगीर चांपा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरवीएच कालोनी जागृतिनगर में आारोपी जय वर्मा ने प्रार्थी के भाई भुपेन्द्र सिंह मानसर को छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए ऐंठ लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युक्तियुक्तकरण प्रभावित शिक्षकों ने सिफारिश लगाना किया शुरू

रायपुर। लोक शिक्षण संचालनालय में इस समय रायपुर जिले के शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए जारी की गई प्रक्रिया पर अब पेच लगता जा रहा है। प्रभावित शिक्षकों ने अब विधायकों एवं मंत्रियों से अपना स्थानांतरण रूकवाने के लिए सिफारिश लगाना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में इस समय रायपुर जिले में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। रायपुर में ही सभी शिक्षक अपनी पदस्थापना चाहते हैं। रायपुर में उच्च स्तरीय शिक्षा सुविधा एवं अन्य कारणों से बड़ी संख्या में शिक्षक अन्य जिलों से स्थानांतरण होकर आ गए हैं। बताया जाता है कि रायपुर जिले में सिर्फ 5 हजार से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षकों की संख्या ज्यादा है। इस समय लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिले से सूची बनाई जा रही है। अतिशेष शिक्षकों ने भी युक्तियुक्तकरण से प्रभावित होने से पहले सिफारिश पत्र लगा दिया है, जिसके कारण वरिष्ठ अधिकारी परेशान है। पंडरी रायपुर, डूंडा, बाना, तेन्दूआ, खमतराई सहित अन्य प्राथमिक शालाओं में भी शिक्षकों की कमी है, जिसके चलते एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिक्षकों को भेजा रहा है। रायपुर के ऐसे शिक्षक जो कि आदिम जाति विभाग में कार्यरत हैं तथा विभिन्न जिलों में शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं अब वे भी प्रतिनियुक्ति के लिए कोशिश कर रहे हैं। इस समय वे एनसीईआरटी सहित अन्य संस्थाओं में जाने के लिए प्रयासरत हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कई बाबू लेन-देन भी कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी मौके का फायदा उठाने का प्रयास कर रहे हैं। इधर कर्मचारी संगठनों ने सरकार से मांग की है कि शासन द्वारा स्थाानांतरण की स्पष्ट नीति बनाया जाना चाहिए, अन्यथा लोग इसका गलत फायदा लेंगे। शिक्षक संवर्ग ने भी युक्तियुक्तकरण का विरोध किया है।

शाह ने सफल नक्सल ऑपरेशन पर सुरक्षा बलों के साहस की सराहना की, सीएम साय बोले -लाल आतंक के विरुद्ध निर्णायक विजय

31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय-अमित शाह

रायपुर/नवप्रदेश । नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर ले जाते हुए छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सल विरोधी ऑपरेशन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस ऐतिहासिक सफलता पर सुरक्षा बलों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री साय ने इस निर्णायक उपलब्धि को नक्सलमुक्त भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूं कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन महज 21 दिनों में पूरा हुआ और इसमें सुरक्षा बलों का एक भी जवान शहीद नहीं हुआ, जो हमारी रणनीति, समन्वय और शौर्य का प्रमाण है। उन्होंने सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों को खराब मौसम और कठिन भूगोल के बावजूद दिखाए गए अदम्य साहस और अनुशासन के लिए बधाई दी।

शाह ने यह भी कहा कि यह सफलता केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक और वैचारिक विजय भी है, जिसने नक्सल नेटवर्क की रीढ़ को हिला दिया है। देश और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता को यह विश्वास दिलाता है कि नक्सलवाद अब अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर कभी लाल आतंक की सत्ता थी, वहां आज राष्ट्रध्वज की छाया में शांति, विकास और संविधान का शासन स्थापित हो चुका है। यह अभियान आने वाले समय में सुरक्षा बलों के लिए मॉडल ऑपरेशन के रूप में उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए हम दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों विशेषकर सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों की सराहना करते हुए कहा कि लाल आतंक के विरुद्ध चल रही इस निर्णायक लड़ाई में हमारे वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में पूरी बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया है।

नक्सलमुक्त बनाने का लक्ष्य

केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य और केंद्र के बीच समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि यह साझा प्रयासों का ही परिणाम है कि इतने बड़े अभियान में जीरो कैजुअल्टी के साथ इतनी बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। भारत सरकार और सुरक्षा एजेंसियां 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाने के लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा और सामर्थ्य के साथ कार्य कर रही है। अमित शाह ने कहा कि यह लक्ष्य अब केवल रणनीति नहीं, राष्ट्रीय संकल्प है।

माओवादियों की पांचवीं शांति वार्ता की अपील पर गृहमंत्री विजय शर्मा का तीखा जवाब-

जो बस्तर के दर्द में कभी खड़े नहीं हुए, उनसे नहीं होगी कोई बातचीत

रायपुर/नवप्रदेश । माओवादी संगठन की ओर से शांति वार्ता की पांचवीं अपील पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने दो टूक जवाब देते हुए कहा है कि वार्ता तभी संभव है जब माओवादी खुद सामने आकर बातचीत की पहल करें. उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग बस्तर के दर्द में कभी शामिल नहीं हुए, न ही चिंगावरम, घोड़ा गांव, एर्राबोर, दरभा गुड़ा, ताड़मेटला और झीरम जैसे नरसंहारों पर कुछ बोले, वे अब वार्ता की बात कर रहे हैं, तो यह स्वीकार्य नहीं हो सकता.

नक्सलियों की शांति वार्ता की अपील पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कुछ व्यक्तिगत और कुछ संस्थागत लोगों के माध्यम से वार्ता की बात सामने आती है, लेकिन ये वही लोग हैं जो कभी भी बस्तर के दर्द में सामने नहीं आए. जिन्होंने चिंगावरम और घोड़ा गांव में मारे गए आदिवासियों की चिंता नहीं की, एर्राबोर में जिन आदिवासियों को जिंदा जलाया गया, उनकी चिंता नहीं की, दरभा गुड़ा में आदिवासियों को मारा गया, झीरम घाटी में छत्तीसगढ़ के नेतृत्व को समाप्त करने की कोशिश की गई, उनकी कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि मणिकोंटा, रानीबोली, ताड़मेटला जैसे स्थानों पर कभी कोई चिंता व्यक्त नहीं की गई. आज अचानक आकर खड़े हो गए और कहने लगे कि राज्य सरकार ऐसा-ऐसा करे और केंद्र सरकार ऐसा करे. अगर कोई लोग आकर किसी संस्था की ओर से ऐसा कहेंगे तो यह कैसे स्वीकार्य होगा? चर्चा ऐसे नहीं हो सकती. माओवादी बात करना चाहें, चर्चा करना चाहें, जरूर बात होगी. ना केंद्र सरकार गोली चलाना चाहती है, ना राज्य सरकार गोली चलाना चाहती है।

विजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माओवादियों कहा ÷मैं हाथ जोड़कर आग्रह करता हूं कि आप मुख्यधारा में आएं. तो कहना यह है कि इसमें एक चिट्ठी की ऑथेंटिसिटी को भी हमें चेक करना है और साथ ही साथ इस मामले में सरकार का रुख बड़ा स्पष्ट है।

वो भारत के ही लोग हैं, उनको मुख्यधारा में आना चाहिए

गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मैं इस पर बहुत स्पष्टता से कहना चाहता हूं. मतलब कोई वो दबे हैं, वो हार रहे हैं. ऐसी कोई बात हम नहीं कहते हैं। वो भारत के ही लोग हैं और भटके हुए लोग हैं. उनको मुख्यधारा में आना चाहिए. उनको पुनर्वास करना चाहिए. छत्तीसगढ़ में तो हम लोगों ने आत्मसमर्पण कहना छोड़ दिया है और कहते हैं कि आप मुख्यधारा में आएं, आप पुनर्वास करें. ऐसा ही कहते हैं क्योंकि अगर मान-सम्मान को ठेस वाला विषय हो तो यह भी तैयार है. लेकिन विषय ये है कि मुख्यधारा में आना चाहिए.

सीएम ने किया राज्य के पहले आदिवासी संग्रहालय का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर में 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राज्य के पहले आदिवासी संग्रहालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पूरे प्रदेश के जनजातीय समाज को शुभकामनाएं दीं और इस संग्रहालय को राज्य की आदिवासी परंपराओं, संस्कृति और विरासत के संरक्षण की दिशा में एक अहम प्रयास बताया। समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मुझे छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी संग्रहालय का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला।

उन्होंने इसे न केवल एक संग्रहालय, बल्कि जीवंत अनुभव देने वाली जगह बताया, जहां जाकर आदिवासी क्षेत्रों की झलक महसूस की जा सकती है। उन्होंने संग्रहालय के निर्माण में विभागीय मंत्री और अधिकारियों की भूमिका की सराहना की और बताया कि यह परियोजना स्वीकृति मिलने के केवल 10 महीनों के भीतर पूरी की गई है, जो अपने आप में एक बड़ी सफलता है।

ट्रैफिक में फंसे वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कार्यकर्ता की एक्टिवा पर बैठकर पहुंचे अपने बंगले

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में गुरुवार को भाजपा की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला. तेलीबांधा (मरीन ड्राइव) से जयस्तंभ चौक तक निकाली गई इस भव्य यात्रा में शामिल सभी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के काफिले ट्रैफिक जाम में फंस गए. इसी दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी का काफिला भी नगर घड़ी चौक के पास रुक गया। जिसके बाद वे उपाध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा की एक्टिवा पर बैठकर घड़ी चौक से शंकर नगर बंगले तक पहुंचे।

इस संबंध में भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर के उपाध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि तिरंगा यात्रा के समापन पर सभी मंत्रियों की गाड़ी जाम में फंस गई थी, जिसमें हमारे यूथ आइकॉन एवं छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का काफिला भी शामिल था। इस दौरान अश्वनी विश्वकर्मा ने मंत्री ओपी चौधरी से कहा कि मैं आपको बंगले तक छोड़ देता हूं। जिसके बाद वित्त मंत्री चौधरी एक सामान्य इंसान की तरह एक्टिवा (मोपेड) पर बैठे और नगर घड़ी चौक से शंकर नगर बंगले पहुंचे।

भाजपा नेता अश्वनी ने बताया कि इस बीच मंत्री ओपी चौधरी का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने करियर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़े हुए सरल, सहज और मिलनसार मंत्री ओपी चौधरी का यह रूप वास्तव में प्रेरणादायक है।

न्यायिक जीत के बाद भी भटक रहे सहायक शिक्षक, डिप्टी सीएम साव से लगाई गुहार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में न्यायालय के आदेश की अवहेलना करना या कहे न्यायालय के आदेश को नजरअंदाज करना अब आम बात हो चुकी है. स्ढ्ढ भर्ती परीक्षा, ष्ठ.द्गस्र -क्र्द्गस्र भर्ती विवाद में पहले भी देखा गया है कि किस प्रकार कोर्ट के निर्देश का समय सीमा पर राज्य सरकार पालन करने से पीछे हटती आई है. ऐसा ही एक मामला है नगरीय प्रशासन द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति का, जिसमें सहायक शिक्षकों को अकारण नौकरी से निकाल दिया गया. अब न्यायिक जीत हासिल करने के बाद भी शिक्षक अपनी बहाली के लिए दर-दर भटक रहे हैं, क्योंकि सरकार कोर्ट का आदेश मानने में कोताही कर रही है.

दरअसल उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात करने प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से सहायक शिक्षक पहुंचे थे. ये शिक्षक पूरे प्रक्रिया के तहत 2014 में निगम स्कूलों में नियुक्त किए गए थे, जिन्हें महज 50 दिन के अंदर बिना कारण निकाल दिया गया. हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से अपने पक्ष में फैसला होने के बाद भी ये आज बेरोजगार हैं. साव से मुलाकात कर सभी ने 15 अप्रैल 2025 में जो फैसला सुप्रीम कोर्ट ने दिया है उसके अनुसार उनकी नियुक्ति करने की मांग की है.

हाईकोर्ट में समर वेकेशन 9 जून को होगा समाप्त

रायपुर। हाईकोर्ट सहित जिला न्यायालयों ने इस समय ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। जिसके कारण विशेष अदालतों में ही सुनवाई हो रही है। हाईकोर्ट में 9 जून के बाद नई रोस्टर के बाद सुनवाई शुरू होगी।

छत्तीसगढ़ मुख्य सूचना आयुक्त के लिए साक्षात्कार 28 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचन आयुक्त एवं आयुक्तों के रिक्त पद के लिए साक्षात्कार 28 को न्यू सर्किट हाऊस में होगा। सरकार द्वारा इस पद के लिए नई शर्त रखी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न शासकीय कार्यालयों में शासकीय दस्तावेज तथा अधिकारियों के विरूद्ध सूचना के अधिकार के तहत सूचना मांगने के लिए प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। केन्द्र सरकार के निर्देश पर यदि यह समस्या जिलों में हल नहीं होती है, तो राज्य सरकार के समक्ष आवेदन दे सकते हैं। नई राजधानी में मुख्य सूचना आयुक्त एवं आयुक्त इसकी सूनवाई करते हैं।

नलकूप सूखने और नल की धार पतली होने की नागरिकों ने की शिकायत

- **जोन क्रमांक चार के अंतर्गत 7 वार्डों की समस्याएं सुलझाने इंडोर स्टेडियम में लगा शिविर**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने आज जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत आने वाले सात वार्डों के लिए समाधान शिविर जूनेजा स्टेडियम बूढ़ापारा में आयोजित किया गया। जोन अध्यक्ष अमर गिरवानी ने बताया कि ब्राम्हण पारा सहित विभिन्न वार्डों में पेयजल संकट की समस्याएं पार्षदों ने उठाई। नलकूप सूखने एवं नल की धार धीमी होने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों ने आवेदन दिये। समाधान शिविर में ब्राम्हण पारा वार्ड के अजय साहू ने भाग लिया उन्होंने बताया कि शिविर में राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शासन की लाभदायी योजनाओं तथा हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसमें नगर निगम आयुक्त विश्वजीत सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 57 के भगवती चरण शुक्ला वार्ड के पार्षद अमर गिरवानी ने बताया कि मेरे वार्ड में पेयजल संकट नहीं है नलकूप सूखने और नल से पानी कम आने की शिकायत लोगों ने की है। ब्राम्हण पारा में भी नई पाइप लाइन बिछाने का अनुरोध पार्षद ने किया है जिसमें सदर बाजार सहित अन्य वार्ड के लोग शामिल हुए। पार्षदों ने बताया कि महापौर मीनल चौबे भी शामिल हुई। सभी सात वार्डों के पार्षद भी अपने अपने वार्ड की समस्याओं के समाधान के बीच पहुंचे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग... **रेत के अवैध खनन और परिवहन पर सख्ती से की जाए कार्रवाई**

खनिज सचिव पी. दयानंद ने ली कलेक्टरों की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने और बरसात से पूर्व निर्माण एवं विकास कार्यों के सुचारु संचालन के लिए रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख जिलों के कलेक्टरों एवं खनिज अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में रेत से संबंधित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में खनिज संचालक रजत बंसल भी उपस्थित थे। सचिव दयानंद ने कहा कि रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से निरंतर निगरानी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व की हानि रोकना शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। सचिव ने निर्देशित किया कि स्वीकृत रेत खदानों का संचालन पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित अनुमेय मात्रा के अनुरूप विधिसम्मत रूप से किया जाए। खनिज राजस्व की समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृत खदानों से ही रेत का खनन एवं परिवहन हो। किसी भी अवैध स्त्रोत से आपूर्ति के मामले के कड़ी कार्रवाई की जाए।

आगामी तीन माह में अधिकाधिक रेत खदानों की जारी होगी निविदा

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी तीन माह में अधिकाधिक रेत खदानों को चिन्हांकित कर ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन के लिए निविदा जारी की जाए। बड़ी मात्रा में रेत की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पांच हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाली खदानों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए गए। पर्यावरणीय स्वीकृति के लंबित प्रकरणों की सतत समीक्षा करने एवं शीघ्र निराकरण की जिम्मेदारी कलेक्टर्स को सौंपी गई। इसके अतिरिक्त 10 जून से 15 अक्टूबर तक लागू खनन निषेध अवधि को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्तियों के माध्यम से रेत की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए अग्रिम योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए।

सुविचार

अगर मौत हो जाए ताल्लुकात की तो उस पर मिट्टी डालिए, देर तक घर में जनाजा रखा नहीं जाता। - अज्ञात

तुर्किये के खिलाफ भारतीयों की आर्थिक स्ट्राइक

भारत और पाकिस्तान के बीच हालांकि संघर्ष विराम हो गया है लेकिन भारत की पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक स्ट्राइक लगातार जारी है। भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी को चौबीस घंटों के भीतर देश छोड़ने का आदेश दे दिया है। वहीं दूसरी ओर भारत ने पाकिस्तान पर दबाव बनाकर पिछले 21 दिनों से पाकिस्तानी सेना की गिरफ्त में रहने वाले बीएसएफ के जवान पूर्णम शाह की सकुशल रिहाई करा ली है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत विश्व मंच पर सबूत की पेश करने जा रहे हैं। कुल मिलाकर पाकिस्तान को भारत चौतरफा घेरने की कवायद में जुटा हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ तो कार्यवाही की ही जा रही है लेकिन अब पाकिस्तान का साथ देने वाले देशों के खिलाफ भी भारतीयों ने ही आर्थिक स्ट्राइक करना शुरू कर दिया है। इस क्रम में भारतीय व्यापारियों के संगठनों ने तुर्किये के साथ व्यापार करने से इंकार कर दिया है। उन्होंने तुर्किये से आने वाले सेब, ड्राइफूड और मार्बल का बहिष्कार कर दिया है। इन व्यापारिक संगठनों ने केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि वह तुर्किये के साथ किये गये व्यापारिक समझौते पर पुनर्विचार करे और इस समझौते को तोड़ दे। यही नहीं तुर्किए जाने वाले भारतीय पर्यटकों ने भी अपनी यात्रा रद्द करानी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि हर साल लाखों भारतीय पर्यटन के लिए तुर्किए जाते रहे हैं। किन्तु भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर चलाये जाने के दौरान तुर्किए ने पाकिस्तान की मदद की थी और उसे सैकड़ों ड्रोन दिए थे। हालांकि उन सारे ड्रोनों को भारतीय सेना ने निष्प्रभावी कर दिया था किन्तु दुश्मन देश का साथ देने के कारण भारतीयों में तुर्किए के खिलाफ गुस्या देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जब दो साल पहले तुर्किए में भूकंप आया था और इसकी वजह से वहां हजारों लोगों की मौत हो गई थी तब भारत ने ही आपरेशन दोस्त चलाकर सबसे पहले तुर्किए की मदद की थी। किन्तु वहीं तुर्किए अब हमारे दुश्मन देश का दोस्त बन गया है। ऐसे में भारतीयों ने अब तुर्किए के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भारतीय पर्यटकों के यात्रा रद्द किये जाने से चिंतित तुर्किए की सरकार ने भारतीयों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा रद्द न करें। तुर्किए में भारतीय पर्यटकों को पूरा सम्मान दिया जाएगा और सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। किन्तु इस अपील के बाद भी भारतीय पर्यटक तुर्किए से किनारा कर रहे हैं। यदि केन्द्र सरकार तुर्किए के साथ हुए व्यापारिक समझौते को रद्द कर देती है तो तुर्किए को भारी नुकसान होगा। गौरतलब है कि भारत और तुर्किए के बीच सालाना दस हजार करोड़ रुपए का कारोबार होता है। खासतौर पर भारतीय पर्यटकों से ही तुर्किए को मोटी कमाई होती है। इसी तरह अब पाकिस्तान के एक और मददगार चीन के खिलाफ भी भारतीयों ने अभियान चला दिया है और चीनी समानों का बहिष्कार होने लगा है। भारत सरकार समझौते से बंधी हुई है। इसलिए वह चीन से व्यापार बंद नहीं कर सकती लेकिन जब यहां के व्यापारी ही चीनी समानों का आयात नहीं करेंगे तो चीन की अर्थव्यवस्था पर भी गहरी चोट लगेगी। कुल मिलाकर पाकिस्तान का साथ देने वाले देशो के खिलाफ की जाने वाली यह आर्थिक स्ट्राइक उन देशो के लिए घातक साबित होगी।

विजय शाह पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को लीड करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी करके न सिर्फ सोफिया कुरैशी का बल्कि भारतीय सेना का घोर अपमान किया है। जब उनके इस बयान को लेकर बवाल मच गया तो उन्होंने इसके लिए माफी मांग ली है। किन्तु उनका यह कृत्य माफी योग्य कतई नहीं है। कायदे से तो उनके खिलाफ तत्काल देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए और ऐसे सिरफिरे मंत्री को जेल के सिखंचो के पीछे भेजा जाना चाहिए। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लेते हुए उक्त मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए ही उक्त मंत्री ने क्षमा याचना की है लेकिन उन्हें माफ नहीं किया जाना चाहिए। यदि मंत्री की जगह कोई आम आदमी एक देशभक्त महिला सेना अधिकारी के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करता तो उसपर फौरन देशद्रोह मामला दर्ज हो जाता और वह जेल पहुंच जाता। किन्तु वह मध्यप्रदेश सरकार में एक जिम्मेदार मंत्री है इसलिए उसके खिलाफ कार्यवाही में हीलहवाला किया जा रहा है। होना तो यह चाहिए था कि मंत्री विजय शाह के खिलाफ भाजपा हाईकमान ही सबसे पहले कड़ी अनुशासतात्मक कार्यवाही करती उसे न सिर्फ मंत्री पद से बर्खास्त करती बल्कि भाजपा से भी निकाल बाहर करती। बहरहाल हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अब उम्मीद की जानी चाहिए कि विजय शाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा और उसे जले भेजा जाएगा। ऐसे बड़बोले नेताओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि अन्य बयानवीरों को सबक मिले।

राजनीति भी समझे भारत का मन

डॉ शाहिद अली

भारत का मन बदल चुका है ये बात राजनीति के लोगों को भी समझना चाहिए। भारतीय सेना के नायकों से हमें देशप्रेम की प्रेरणा लेना चाहिए। अपने स्वार्थों के लिए ओछी टिप्पणियां राजनीति में भी हाशिए से बाहर हो चुकी हैं। इसलिए नेताओं को भी सोचना होगा कि नए भारत का दर्शन स्वच्छ राजनीति में ही संभव है। डिजिटल दुनिया के नक्शे में पारदर्शिता ज्यादा है। व्यर्थ के शोर-शराबे, टिप्पणियां और प्रदर्शन का समय जा चुका है। हमें अपने शब्दों में भी हिंसा का त्याग करना होगा। शांति, न्याय और समानता के रास्ते पर ही चलना होगा। अतः ऐसी अमर्यादित टिप्पणियों या आचरण से हमें किनारा करना होगा तभी हम भारत के लोग दुनिया को रास्ता दिखा सकते हैं।

आपरेशन सिंदूर की शान बन चुकी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी का संज्ञान मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने ले लिया और टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह पर जुर्म दर्ज करने का आदेश भी सरकार को दे दिया है।

मध्यप्रदेश में आदिम जाति कल्याण मंत्री और राजनीति में एक बड़ा जनजातीय चेहरा विजय शाह की टिप्पणी का यहां उल्लेख करना जरूरी नहीं है, लेकिन केबिनेट मंत्री विजय शाह की कथित टिप्पणी की घोर निंदा और उस पर कड़ी कार्रवाई ज़रुरी भी है।

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भी सोफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह की टिप्पणी से भारी गुस्सा है। ये टिप्पणी ऐसे समय में हुई है जब भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सैल्यूट करते हुए देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है और सेना के सम्मान में बड़े -बड़े आयोजन हो रहे हैं। ज़ाहिर तौर पर एक जिम्मेदार मंत्री की आपत्तिजनक टिप्पणी को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है, लोगों का मन दुखी है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश से मंत्री विजय शाह पर इंदौर के महु थाने में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। पार्टी स्तर पर भी कड़ा फैसला होगा क्योंकि ऐसी अमर्यादित टिप्पणी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी आहत होंगे। भाजपा नेताओं में भी मंत्री विजय शाह के अमर्यादित आचरण को लेकर गंभीर प्रतिक्रिया देखी जा सकती है।

विरोधी दलों ने मंत्री विजय शाह के खिलाफठोस कार्रवाई को लेकर जगह-जगह प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मंत्री विजय शाह भी अब अपनी उस टिप्पणी पर माफ़ी मांगते दिख रहे हैं। महिलाओं में भी गंभीर प्रतिक्रिया है और इसे ना केवल भारतीय सेना का बल्कि यह महिला शक्ति का भी अपमान है। महिला आयोग भी मंत्री की टिप्पणी को लेकर गंभीर है।

राजनीति में ऐसी घटनाएं चिंता का विषय होती हैं क्योंकि विजय शाह लंबे समय से विधायक और सरकार में मंत्री हैं।

हल्के उन्मादी और गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी की उम्मीद इतने अनुभवी नेता से नहीं की जा सकती है।

देश एकजुट है। भारतीय सेना के अदम्य साहस और उसके पराक्रम को देश सलाम कर रहा है। देश की सीमाएं हमारी सैन्य शक्ति के हाथों पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

कोई भी आतंकवाद अब भारत में पनप नहीं सकता है। हमारे देश के जांबाज सिपाहियों और सेना नायकों ने दुनिया को आपरेशन सिंदूर का संदेश दे दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे लोकप्रिय और साहसी राजनेता ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में जो कुछ कहा उसका एक-एक शब्द करोड़ों हिंदुस्तानियों और हमारी सेना के मनोबल को ऊंचा उठाता है। आपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने जब ये कहा कि यह न्याय की अटल प्रतिज्ञा है तो हमें इसके निहितार्थ और भावनाओं को जरूर समझना चाहिए। ये नया भारत है और इसकी शक्ति को पहलगाम हमले के जवाब में दुनिया ने देख लिया है। अन्याय किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

यह बात समझने में मुश्किल नहीं होना चाहिए कि जब हम नए भारत का दर्शन लेकर दुनिया में दस्तक दे रहें हैं वहां हम राजनीति में अपनी तुच्छ टिप्पणियों से माहौल क्यों बिगाड़ें।

भारत का मन बदल चुका है ये बात राजनीति के लोगों को भी समझना चाहिए। भारतीय सेना के नायकों से हमें देशप्रेम की प्रेरणा लेना चाहिए।

अपने स्वार्थों के लिए ओछी टिप्पणियां राजनीति में भी हाशिए से बाहर हो चुकी हैं। इसलिए नेताओं को भी सोचना होगा कि नए भारत का दर्शन स्वच्छ राजनीति में ही संभव है।

डिजिटल दुनिया के नक्शे में पारदर्शिता ज्यादा है। व्यर्थ के शोर-शराबे, टिप्पणियां और प्रदर्शन का समय जा चुका है। हमें अपने शब्दों में भी हिंसा का त्याग करना होगा। शांति, न्याय और समानता के रास्ते पर ही चलना होगा। अतः ऐसी अमर्यादित टिप्पणियों या आचरण से हमें किनारा करना होगा तभी हम भारत के लोग दुनिया को रास्ता दिखा सकते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1920 में 16 मई को ही फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गई थी। 1943 में आज ही के दिन वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई खत्म हुई थी। 1960 में आज ही के दिन भारत और ब्रिटेन के बीच इंटरनेशनल टेलेक्स सेवा की शुरुआत हुई थी। 1974 में इजराइल के लड़ाकू विमानों ने 7 फ्लस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे थे और इन हमलों में 27 लोगों की मृत्यु हो गई थी। 1975 में 16 मई को ही सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल किया गया था। 1991 में आज ही के दिन महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने वाली पहली ब्रिटिश साम्राज्ञी बनीं थी। 1996 में आज ही के दिन अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के 10वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2004 में आज ही के दिन टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स खिताब जीता था। 2006 में हॉलीवुड की चर्चित अदाकारा नाओमी वाट्स को संयुक्त राष्ट्र संस्था का राजदूत बनाया गया था।

पाठकों की बात

सीज़ फायर के उल्लंघन

सीज़ फायर के उल्लंघन पर पहले यह है थूकता ,लेता फिर फिर चाट। फितरत ना बदले कभी, नंगा खड़ा है हाट।। नक्शे से मेटो इसे,आए ना ये बाज । लातों वाले भूत का,केवल यही इलाज।। जय हिंद !जय भारत!! वंदे मातरम!!!

-ज्योत्सना सक्सेना

ज्यादा पसंद

ज्यादा पसंद हो तुर्कीए तो वहीं जा के तल भजिये ।। मित्रों आमिर की यदि कोई फिल्म आ रही हो तो इस बार विरोध मत करना प्रतिबंध की मांग मत करना उल्टा उसे सिनेमाघरों में कौड़ी के भाव रद्दी के भाव चलने देना। बुरी तरह पीटने देना। उस शुतुरमुर्ग, उस चमगादड़ को उसकी असल औकात पता चलने देना। **- राजीव वर्मा**

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती | थकीं नही हैं नजरें जिंदा अभी

थकीं नही हैं नजरें जिंदा अभी है आस जब तक है नदिया का पानी जब तक है बहार वो कमली करेगी इंतजार सजन तक कोई भेजो संदेश लौट आए घर आज बादल गरजते हैं देखो कल उछाल मारेगी नदी कैसे आओगे सजन तेरे पतवार में जान नही या मिलन की लौ नही अभी थकीं नही है नजर अभी जिंदा है आस लौट आओ ना पिया बाढ़ आने से पहले नदी में और आंखों में भी।

- प्रीति श्रीवास्तव

सफ़र में हम संग मुस्कुराते कितने

सफ़र में हम संग मुस्कुराते कितने चुप हो जाते हैं भाव जब एक सच के साथ वही भाव सामने आ जाते हैं... गहरी उदासियों में छुपी खुशी... मन के गहन में जाकर आँखों से छलक आते हैं... शब्दों में बिन उलझें तुम तक ये खुद ब खुद ऐसे पहुँच ही जाते हैं.... दो किनारों के छोर पर खड़े आज भी मैं और तुम... अपना यकीं निभाते हैं... एक खुशी के हिस्से में अक्सर दोनों ही सिमट आते हैं.... मुश्किलों भरा सफ़र.. मंद ही मंद मुस्कुराते है.... कि तय किया एक सफ़र आस के दर्पण में तुम मुझमें जीत के हम संग यूँ भी मुस्कुराते हैं...!! **- नंदिता तनुजा**

ख्वाब में नहीं, हमेशा हकीकत में आया

ख्वाब में नहीं, हमेशा हकीकत में आया है, साथ छोड़ा सबने, उसने साथ निभाया है, कभी आगे तो कभी पीछे चलता है मगर- अलग हुआ नहीं मुझसे, वो मेरा साया है।

- पूनम झा 'प्रथमा'

तुम कुंहासों की घनी धुंध में इधर आते हुए

तुम कुंहासों की घनी धुंध में इधर आते हुए दिखा गये! थे थके थके से चराग सब देखा चराग मुस्करा दिये! किसको सुनाएं वो दर्दे दिल हमें किसने कितने जख्म दिये कितनी शाम आंधियों ने यहां आ कर नए रंजोगम दिये तुमने गुल नए महका दिए उदास चराग खिलखिला दिये देखा चराग तड़पती रही सिसकती रही दुनियां तपी रेगिस्तान सी जलती जलती हुई थार की किसी नदी की दास्तान सी पतझर पे भी गुल खिला दिए बुझते चराग झिलमिला दिये देखा चराग ... **-अजय कुमार सिंह भदौरिया**

यादों का रंगीन समंदर... जब तुम मेरे

यादों का रंगीन समंदर... जब तुम मेरे पास नही होते हो ,बिलकुल एकान्त होता है, तब मैं सोचता हूँ ,सिर्फतुम्हारे बारे में और , तेरे साथ गुजारें लम्हें ,मुझे यादों के समंदर में डूबा जाते है,तेरे-मेरे वो आत्मिक पल ,समंदर में रंग बिखेर जाते हैं , मुझे स्वप्न में ले जाते हैं, उस स्वप्न में मैं होता हूँ तुम होते हो, कुछ एकान्त सा पल होता हैं, मैं तुम्हारे चेहरे पर अपना चेहरा टिका कर , शांत चित से तुम्हें निहारता हूँ , तुम शर्माकर मेरे कंधे से टिका लेते हो ,अपना शर्म से फीका पड़ा चेहरा ,वो धूमिल सा स्वप्न, वो मेरे तुम्हारे रिश्तों को और गहरा करता स्वप्न, यादों के समंदर को और गाढे रंगों से भरता स्वप्न

- नमन कुमार मिश्रा

जैसी भी थी पुरकैफ़सी लगती थी दाना

जैसी भी थी पुरकैफ़ सी लगती थी दाना ए ताक बेख़ौफ़सी बजती थी अब हर तरफ़खमुशी का मंजर है तुफ़ान से जुझता अकेला समंदर है **- सपना चन्द्रा**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात
भोला आतंकी

विजय कुमार गुप्ता

भोला दिखने वाला मानुष, दिल से सच्चा नहीं होता।
सीधेपन की आड़ में देखा, खुलासा तक नहीं होता।
वो दुनिया भर की नजरों में, गौ जैसा बन जाता है।
रहस्य भरे तार खुल जाए, आतंकी कहलाता है।
मासूमियत ओढ़े चेहरा, भीतर बहुत दरिंदा है।
रखे हैं आतंकी संबंध, जांच काज पेचीदा है
तार जुड़े बहुत विदेशों से, फड़कता भी परिंदा है
सत्ता सुरक्षा ढिलाई पाकर, 'सिद्ध' जान गंवाता है
वो दुनिया भर की नजरों में, गौ जैसा बन जाता है
रहस्य भरे तार खुल जाए, आतंकी कहलाता है।
छापों का भी डर नहीं तनिक, मनुज बनता है सत्कर्मी
राजनीति के दाँव-पेंच में, बनता धूर्त हठधर्मी
माफिया गैंग के राजदार, जो हत्यारे और कुकर्मी
शासन कानूनों की जकड़न, चोला बाहर आता है
वो दुनिया भर की नजरों में, गौ जैसा बन जाता है।
रहस्य भरे तार खुल जाए, आतंकी कहलाता है।

क्रमशः

QUIZ TIME

1) हरित सोना क्रांति किससे संबंधित है?

2) एशिया का सबसे बड़ा थोक मसाला बाजार कहाँ स्थित है?

3) फिरोजाबाद 200 से अधिक वर्षों में किसका उत्पादन कर रहा है?

4) बीसीसीआई द्वारा पुरुष क्रिकेट टीम का चयन कर्ता किसे नियुक्त किया गया है?

5) पेरिस पैरालंपिक 2024 में शरद कुमार ने ऊंची कूद में कौन सा पदक जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बांस (2) दिल्ली (3) कांच की चूड़ियाँ (4) अजय रात्रा (5) रजत

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:43, सूर्यास्त : 07:03, चन्द्रोदय : 21:47, चन्द्रास्त : 06:50, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : मूल, योग : सिद्ध, प्रथम करण : वणिज (15:18 तक), द्वितीय करण : विष्टि (28:02 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : धनु (14:07 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:41, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:25, गोधूलि मुहूर्त : 19:02 से 19:23, सायाह्न सन्ध्या : 19:03 से 20:05, निशिता मुहूर्त : 23:52 से 24:34, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 05:23 से 07:06, दुर्मुहूर्त : 09:57 से 10:51, होमाहुति : मंगल, दिशा शूल : दक्षिण, नक्षत्र शूल : पूर्व (14:07 तक), अग्निवास : पृथ्वी (28:02 तक), भद्रावास : पाताल (15:18 से 28:02), चन्द्र वास : उत्तर (पूर्व 14:07 से), शिववास : क्रीड़ा में (28:02 से कैलाश पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपको मिलाजुला फल देगा। दिन के आरंभ से मध्यान तक आर्थिक एवं पारिवारिक कारणों से मन बेचैन रहेगा।

वृषः आज का दिन आप आपके लिए परिश्रम वाला रहेगा घरेलू एवं व्यावसायिक कार्य एक साथ आने पर थोड़े असहज भी रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन व्यर्थ की भाग-दौड़ अधिक रहेगी व्यावसायिक कारणों से भी यात्रा के योग बनेंगे परन्तु अंत समय मे निरस्त भी हो सकते है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए खर्चीला साबित होगा। रिश्तेदारी के साथ ही घरवालों की जिद पूरी करने में धन खर्च होने पर बजट गड़बड़ायेगा।

सिंहः आज दिन के मध्यान तक का समय व्यर्थ की बहसबाजी में खराब होगा।

कन्याः आज का दिन आपको शांति से बिताने की सलाह है पराये काम अथवा धन से दूरी बना कर रहें आज परोपकार के बदले अपशब्द सुनने को मिलेंगे।

तुलाः आज का दिन सामान्य ही रहेगा। आज आप के मन मे कुछ ना कुछ तिकड़म लगी रहेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायी वर्ग व्यापार में विस्तार करेंगे जिसका लाभ भी शीघ्र ही मिलता दिखेगा।

धनुः आज दिन का पूर्वार्ध जितना बेचैनी भरा रहेगा दिन का अंतिम भाग उतना ही राहत वाला रहेगा।

मकरः आज का दिन आपके लिए आनंद दायक रहेगा। आप आज प्रत्येक कार्य को जांच पड़ताल कर ही करेंगे जिससे सफलता का प्रतिशत अधिक रहेगा।

कुंभः आज का दिन भी आपके लिए लाभदायी रहेगा बीते कल के अधूरे कार्य आज पूर्ण होने से धन की आमद होगी।

मीनः आज का दिन सरकारी अथवा अन्य कागजी कार्यवाही के लिए उत्तम है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■		■	■	■		■	■	■
12		13	■	14		15	■	16
	■	17			■	18		
19	20		■	21	22		■	
■		■	■	■		■	23	
24		■	■	25				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
वा	■	त	म	त्रा	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	बा	र

न्यूज गैलरी

बोरसी स्कूल में आज समाधान शिविर

दुर्ग। सुशासन तिहार के अंतर्गत 16 मई को वार्ड 52 बोरसी उ मा शाला में समाधान शिविर लगाया जाएगा। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शिविर में सभी जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। शिविर में वार्ड 49 से 55 के 7 वार्डों के नागरिकों के लिये शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इंटकवेल के आसपास जलकुंभी निकालने का काम शुरू

दुर्ग। पॉड क्लीनर के माध्यम से शिवनाथ नदी इंटकवेल के आसपास जमा जलकुंभी को निकालने का काम शुरू कर दिया गया है। इससे पहले एनीकट में जलकुंभी को हटाने में तीन दिन का समय लगा। पॉड क्लीनर को एनीकट के दूसरी ओर शिफ्ट कर पुलगांव नाला से जलकुंभी निकालने का अभियान शुरू किया जाएगा।

कट्टापार में बीएसपी ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के दुल्की माइन्स के सीएसआर के अंतर्गत ग्राम कट्टापार में (कमकासुर ग्राम पंचायत) निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी दी गईं। कुल 29 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया।

एनसीसी कैडेटों ने दिया नशा न करने का संदेश

अंजोरा। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के निर्देश और अंजोरा स्थित प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी के कमान अधिकारी, कर्नल राहुल दुबे के मार्गदर्शन में यूनिट के एनसीसी कैडेटों द्वारा 7 मई से 14 मई तक नशा के खिलाफ विशेष सप्ताह चलाया गया। नया सवेरा कार्यक्रम के तहत नशा मुक्त भारत अभियान और जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विशेष सप्ताह में कैडेटों द्वारा आमजनों को नशे से होने वाले शारीरिक-मानसिक नुकसान और नशे के कारण होने वाले घरेलू हिंसा सहित अन्य जघन्य अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक व विभिन्न पोस्टर-बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से यूनिट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन सिंह, एनसीसी अधिकारी कैप्टन राजकुमार गडपायले, सूबेदार गगनदीप शर्मा सहित सभी कर्मचारी शामिल हुए।

डिजिटल क्लॉस, स्मार्ट क्लास रूम और अटल टिकरिंग लैब का अता-पता नहीं ... छत की मरम्मत के तीन माह बाद दीवारों पर दरार

पीएम श्री स्कूल बालाजी नगर खुर्सीपार का हाल बेहाल

सुमित गुप्ता

भिलाई। खुर्सीपार में बालाजी नगर के सरकारी प्राइमरी स्कूल को तीन साल पहले पीएम श्री स्कूल घोषित किया गया था। बड़े-बड़े दावे किये गए। पीएम श्री स्कूल में आधुनिक तकनीक से पढ़ाई, विदेशी स्कूलों की पढ़ाई की तर्ज पर अध्ययन सुविधा, संसाधन और स्मार्ट क्लास के साथ डिजिटल कक्षाएं प्रारंभ करने के दावे किये गए। इन दावों की पड़ताल करने नवप्रदेश संवाददाता ने आज भिलाई के बालाजी नगर स्थित पीएम श्री स्कूल का हाल देखा। स्कूल का हाल काफी बदहाल है। पीएम श्री प्राइमरी स्कूल में न तो डिजिटल क्लास रूम बनाए गए हैं, न आधुनिक तकनीक से पढ़ाने के लिये लैब की सुविधा शुरू हो पाई है। डिजिटल क्लास का सपना भी पूरा नहीं हुआ है। पुराने पैटर्न पर ही बच्चों को पढ़ाया जा रहा है।

मरम्मत के बाद स्कूल में पड़ा है मलबा

जर्जर भवन ढहाकर बनाया हर्बल गार्डन

पीएम श्री प्राइमरी स्कूल बालाजी नगर का भवन कुछ महीने पहले तक बेहद जर्जर हाल में था। पूर्व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर स्कूल के बेहद खस्ताहाल दो कमरों को डिस्मेंटल किया गया। खाली जगह पर हर्बल गार्डन विकसित किया गया है।

हाल ये है कि पीएम श्री स्कूल, बालाजी नगर में पर्याप्त शिक्षक भी नहीं हैं। हेड मास्टर के अलावा यहां पांच कक्षाओं के लिये पांच शिक्षक होने चाहिये। लेकिन सिर्फ तीन टीचर हैं। दो

तबला, हारमोनियम सिखाने टीचर नहीं

पीएम श्री स्कूल, बालाजी नगर में तबला, हारमोनियम सहित अन्य म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स की सप्लाई कर दी गई है। लेकिन अभी तक म्यूजिक टीचर की नियुक्ति नहीं की गई। नतीजा शून्य है। हजारों रुपए खर्च कर खरीदे गए म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स आलमारी में सजाकर रख दिये गए हैं।

टीचर्स पर रोज दो-दो क्लास के बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी है। हेडमास्टर अक्सर बच्चों की क्लास लेते हैं।

दीवारों में क्रेक

डिजिटल एजुकेशन का दावा : कम्प्यूटर जैसी बेसिक सुविधा भी नहीं

स्कूल में कम्प्यूटर नहीं दिया गया है। स्मार्ट क्लास और डिजिटल क्लास का अता पता नहीं है। इसके लिये जरूरी संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं। अटल टिकरिंग लैब से बच्चों को आसानी से पढ़ाने की तकनीक का यहां कोई नामलेवा भी नहीं है। बच्चों को पुराने ढर्रे पर ही पढ़ाया जा रहा है।

तीन महीने पहले जर्जर छत की मरम्मत : दीवारों पर आने लगे क्रेक

आफिस और एक क्लास रूम की छत भी साल भर पहले तक बेहद जर्जर थी। यहां छत को तोड़कर दोबारा ढलाई कराई गई। तीन माह पहले ही यहां की मरम्मत का काम पूरा हुआ है। गुणवत्ता का हाल ये है कि दीवार पर अभी से क्रेक आने लगे है। स्कूल के तीन अन्य कमरों में भी दीवारों और छत पर क्रेक हैं। प्लास्टर उखड़ रहे हैं। पूरे स्कूल भवन में दीवारों और छत के जर्जर होने की समस्या साफ देखी जा सकती है। इसके बावजूद नए कमरे बनाने का काम शुरु नहीं हुआ है।

टूटी-फूटी खिड़की

मरम्मत के बाद लगा दिये पुराने खिड़की-दरवाजे

पीएम श्री स्कूल का दर्जा मिलने के बावजूद जिस ऑफिस और क्लासरूम की मरम्मत की गई है, वहां के खिड़की-दरवाजे तक नहीं बदले गए। यहां की पुरानी खिड़कियों का निचला हिस्सा नीचे से टूटा हैं। नई खिड़की नहीं लगाई गई। दोनों कक्षों में वाल पुट्टी कराई गई है। टाईल्स लगाने के साथ रंग-रोगन किया गया है।

सेंक्शन हुए काम, लेकिन तीन साल बाद भी शुरू नहीं

पीएम श्री प्राइमरी स्कूल बालाजी नगर में वाटर हार्वेस्टिंग, गर्ल्स टायलेट और एक कमरे का निर्माण कार्य स्वीकृत किया जा चुका है। 2022 में स्कूल को पीएमश्री स्कूल घोषित किया गया है। इसके बाद भी तीनों काम अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। ये काम कब शुरू किये जाएंगे, इसके बारे में स्कूल स्टाफ को कोई जानकारी नहीं है। स्कूल स्टाफ का कहना है कि योगा आदि के लिये शिक्षक नियुक्त किया गया है। योगा आदि के लिये स्कूल परिसर में डोम का निर्माण जरूरी है। अभी तक इस कार्य को मंजूरी नहीं मिली है। स्कूल में सोलर पैनल, वाटर कूलर की सुविधा दी गई है।

संवाद से समाधान का शानदार उदाहरण है सुशासन तिहार : ललित

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। गुरुवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल में सुशासन तिहार के समाधान शिविर में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अगर आवेदक त्रुटिपूर्ण आवेदन प्रस्तुत कर रहा हो, तो अधिकारी-कर्मचारी उसका मार्गदर्शन करे। उसे दोबारा कार्यालय आने के लिये विवश न करें। चंद्राकर ने कहा कि सुशासन तिहार संवाद से समाधान का शानदार उदाहरण है। चंद्राकर ने कहा कि नागरिकों को बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इस उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भीषण गर्मी के

बावजूद नागरिक सुशासन शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं। इसीलिये भीषण गर्मी के बावजूद सुशासन शिविर में आकर अपनी समस्याएं बता रहे हैं। सरकार भी शिविर के माध्यम से शिकायतों का निराकरण कर आम जनता को राहत पहुंचा रही है।

महापौर शशि सिन्हा ने दुर्ग ग्रामीण विधायक से निगम क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूर्ण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा रिहा ने रिसाली का नाम रोशन किया है। इस विद्यालय में शिक्षकों की कमी को पूरा करना आवश्यक है। विधायक ने मांग को शीघ्र पूरा करने आश्वासन दिया। शिविर को सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ममता यादव, डॉ सीमा साहू, पार्षद मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, जमुना ठाकुर, राहुल राय, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल उपस्थित थे।

विधायक ललित चंद्राकर व महापौर समेत पार्षदों ने गर्भवती ममता चौरसिया, रीना यादव, पितांजली, अंजली प्रजापति की गोदभराई की रस्म की। विधायक ने गौरंग यादव, भूमिका यादव, पूनम सोनी व दिव्यांश रात्रे को सुपोषण किट प्रदान किया। शिविर में राशन कार्ड, लर्निंग लाइसेंस का वितरण किया।

रिहा ने बढ़ाया रिसाली का मान, विधायक ने किया सम्मान

कक्षा दसवी की परीक्षा में रिसाली का मान बढ़ाने वाली रिहा देवांगन का नगर निगम ने सम्मान किया। विधायक ललित चंद्राकर ने रिहा को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया। महापौर शशि सिन्हा ने पुष्प गुच्छ और आयुक्त मोनिका वर्मा ने पेन भेंट कर रिहा को सम्मानित किया।

31 मई तक संपत्तिकर जमा करने पर मिलेगी 6.25 प्रतिशत की छूट

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 का संपत्तिकर देने पर 31 मई 2025 तक 6.25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

भवन/भूमि स्वामी अपनी संपत्ति की सही जानकारी संपत्तिकर स्व-विवरणी में अंकित कर संपत्ति कर जमा कर सकते हैं।

जॉच के दौरान असत्य विवरणी पाये जाने पर नियमानुसार 5 गुना शास्ति राशि अधिरोपित की जाएगी। भवन/भूमि स्वामी को वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिना अधिभार के स्व-विवरणी प्रस्तुत करने और देय राशि जमा करने की अंतिम अवधि 31 मार्च 2026 तक निर्धारित है।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी संपत्ति करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि 31 मई तक 6.25 प्रतिशत छूट के साथ संपत्तिकर जमा कर सकते हैं।

ऑनलाईन भुगतान के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी निगम के मुख्य कार्यालय व जोन कार्यालय के काउंटर खुले रहेंगे। अवकाश के दिनों में गर्मी को देखते हुए संपत्तिकर काउंटर सबुह 8 बजे से खुलेंगे।

हजरत सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली के उर्स पाक का आगाज

शहर में निकाला गया भव्य शाही संदल

■ शाही संदल में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर आकर्षण का केंद्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पुराना बस स्टैंड स्थित दरगाह में हजरत बाबा सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली के उर्स पाक का आगाज हो गया। पुराना बस स्टैंड स्थित काबुली सरकार की दरगाह में पांच दिवसीय उर्स पाक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सालाना उर्स पाक कमेटी सहित शहर के लोगों ने बड़ी तादाद में दरगाह में चादर पेश कर दुआएं मांगी।

उर्स पाक का आगाज परचम कुशाई की रस्म के साथ किया गया। दूसरे दिन शान के साथ शहर भ्रमण के लिए शाही संदल निकाला गया। सालाना उर्स पाक कमेटी के सदस्यों सहित शहर के गणमान्य नागरिक शाही संदल में शामिल हुए। शाही संदल में चार चांद लगाते घोड़े के समूह ने पूरे रास्ते भर अपने करतब दिखाए। शाही संदल में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर आकर्षणका केंद्र रही।

दरगाह पहुंचकर सालाना उर्स पाक कमेटी ने चादर पेश कर देश-दुनिया में अमन-चैन और खुशहाली की कामना करते हुए दुआएं मांगी।

इस मौके पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अल्ताफ अहमद, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड, प्रकाश देशलहरा सहित सालाना उर्स पाक कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों का खादिमे आस्ताना अनवर शाह अशरफी ने दस्तारबंदी कर स्वागत किया।

संदल कमेटी के प्रभारी हाजी इसराईल बेग शाद व उनके साथियों द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों का अभिनंदन किया गया। शाही संदल में राष्ट्रीय बैंड पार्टी, शरीक अली मन्नी एंड पार्टी और शहबाज नगीना घोड़ी शहीद चौक द्वारा अपनी सहभागिता दी गई। शेख एजाज नवीन बुक सेंटर के माध्यम से दरगाह परिसर में शानदार आतिशबाजी पेश की गई।

इंदिरा मार्केट सहित वार्ड 30 में चला महासफाई अभियान

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम का महासफाई अभियान वार्ड 30 इंदिरा मार्केट एरिया में चलाया गया। महापौर अलका बाघमार ने मौके पर मौजूद रहकर वार्ड की नालियों की सफाई कराई। बताया गया कि नाली की सफाई पिछले महीने से नहीं हुई है। महापौर ने स्वास्थ्य अमले को फटकारते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने कहा। इस दौरान महापौर के साथ सभापति श्याम शर्मा व अन्य पार्षद मौजूद रहे। जलाराम मिष्ठान के आसपास नाली के ऊपर स्लैब को हटवाकर सफाई कराई गई। महापौर ने मोती पारा, मान होटल से शारदा टाकीज गली का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने कहा।

पीएम मोदी के विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करेगा एक राष्ट्र, एक चुनाव : बिचपुरिया

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ भिलाई द्वारा आरोग्यम हॉस्पिटल में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे सेवानिवृत प्राचार्य महेश चंद्र शर्मा ने वन नेशन वन इलेक्शन की जरूरत पर प्रकाश डाला। शर्मा ने सभी डॉक्टरों से आग्रह किया कि एक राष्ट्र एक चुनाव का मुद्दा

ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष व एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के जिला प्रभारी ब्रजेश बिचपुरिया ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव सिर्फ एक अभियान नहीं है, बल्कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। कार्यक्रम में प्रेमलाल साहू, बृजेंद्र सिंह, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ प्रदीप चौधरी, डॉ अनुज खरे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ नवीन दारूका, डॉ नीरज शर्मा, डॉ मंडल, डॉ साहू व बड़ी संख्या में डॉक्टर्स और स्टाफ मेंबर्स उपस्थित थे।

प्रगति मैदान में बढ़ेगी सुविधाएं, बैडमिंटन कोर्ट भी बनेगा : गजेन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने वार्ड 51 बोरसी में नागरिकों से भेंट-मुलाकात के दौरान समस्याओं की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने विधायक को मैदान की सुरक्षा और मूलभूत समस्याओं की जानकारी देते हुए समाधान करने की मांग की। विधायक गजेंद्र ने विभागीय अधिकारियों को सभी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

नागरिकों ने विधायक को बताया कि प्रगति मैदान को व्यवस्थित करने की मांग काफी समय से की जा रही है। सुबह-शाम टहलने के लिए एकमात्र मैदान का संरक्षण करना जरूरी है। मैदान के चारों ओर फेंसिंग कराने, सुबह-शाम टहलने के लिये पाथ वे निर्माण, हरियाली बढ़ाने सजावटी पौधे और रात्रि में रौशनी के लिए सभी विद्युत पोल में लाइट लगाने की मांग की गई। विधायक गजेन्द्र यादव ने मैदान को सुंदर और व्यवस्थित बनाने का आश्वासन दिया है।

बैडमिंटन कोर्ट भी बनेगा

वार्डवासियों ने प्रगति मैदान में मंच के पीछे बैडमिंटन ग्राउंड बनाने की मांग की। विधायक गजेंद्र यादव ने बैडमिंटन ग्राउंड तैयार कराने का आश्वासन दिया। नागरिकों ने बताया कि मैदान में शाम होने के बाद असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है। पद्मनाभपुर थाना प्रभारी को रात्रि में मैदान के आसपास गश्त बढ़ाने कहा गया। क्षेत्र के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने कहा। इस दौरान पार्षद साजन जोसफ, थाना प्रभारी राजकुमार लहरे, सिमन दुबे, अनुभूति भाखरे सहित वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202505100700044 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अकौटं एथीराजुलु मालती पति/पति ए.आर. एथीराजुलु निवासी मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 142/43, 142/48 रकबा 0.0200, 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार ए.ई. कुसुमाला की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202505104300013 /अ-2/वर्ष 2024-25

ग्राम-उरला, प.ह.न.08, तह. भिलाई-03

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तरूण कांतिः दासगुप्ता पिता चित्त रंजन दासगुप्ता व अन्य 01, निवासी परगानास पश्चिम बंगाल द्वारा ग्राम उरला, प.ह. नं. 08, रा.नि.म चरोदा, तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख 613/17 रकबा 0.011 हैं भू-राजस्व 0.02 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 23.05.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 23.05.2025 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक: 298/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश गोड़ पिता नीराकार गोड़ निवासी मकान नं. 5/ए स्ट्रीट 22 गर्ल्स हायर सेकेण्डरी विद्यालय के पास सेक्टर 2 भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. 490001 आवेदिका सबा तबस्सुम पिता मोहम्मद सलीम निवासी क्वाटर नं. 4/ए स्ट्रीट नं. एम.पी.ए. सेक्टर-8 भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. 490009 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 30.05.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: सुनिती सुनहरे — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400246/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सुनिती सुनहरे आ./पति सखाराम सुनहरे निवासी फूलगांव तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम फूलगांव प.ह.न. तह. व जिला दुर्ग	262/68	0.0260 हें वर्गफीट 2800	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: सविता जयति — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400248/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सविता जयति आ./पति पूनम जयति निवासी धमधा तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम महमरा प.ह.न. 26 तह. व जिला दुर्ग	568/26	0.020 हें वर्गफीट 2200	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्रीमती लता देवी दुर्गे — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202505100400153/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती लता देवी दुर्गे आ./पति श्री राजेन्द्र दुर्गे निवासी खुर्सीपार भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	782/86	0.0176 हें वर्गफीट 1890	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504101200017 /अ-6(अ)/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि होरीराम पिता स्व. शेरसिह, निवासी बेजनाथ पारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक तथा सहखातेदार नीलकंठ, ईश्वरचन्द्र, वेदनारायण, पोखराज, पोषणलाल सभी पिता स्व. शेरसिंह के नाम से शामिलात खाता में मौजा ग्राम आमटी प.ह.न 34 रा.नि.म. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंब. 653 रकबा 1.900 हे लगान 5.00 भूमि स्वामी हक में स्थित है। वर्णित उल्लेखित भूमि की आनलाईन राजस्व रिकार्ड में आवेदक का नाम होरीलाल दर्ज है जो कि गलत है तथा सहखातेदार पोषणलला व पोखराज जो वर्तमान में बालिक है परंतु राजस्व रिकार्ड में नाबालिग दर्ज है जो भी गलत है। वर्णित भूमि की राजस्व रिकार्ड में आवेदक का सही नाम होरीराम व सहखातेदार पोषणलाल व पोखराज के नाम के साथ नाबालिग दर्ज जिसे त्रुटिसुधार कर सही किये जाने के लिए आवेदन इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अत्तएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 24.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका राकेश कुमार साहू पिता/पति बसंत कुमार निवासी ग्राम बघेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बघेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 30/6 रकबा 0.3400 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

ईशान ठाकुर ने 12वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

भाटापारा/नवप्रदेश। राजस्थान कोटा में अध्यनरत ईशान ठाकुर,सीबीएसई कक्षा 12 वीं (साइंस) में 96-4त्र से उत्तीर्ण कर भाटापारा का नाम रौशन किये। वे संदीप ठाकुर संयुक्त कलेक्टर के सुपुत्र एवं कुलदीप ठाकुर के भतीजे हैं।उनकी इस उपलब्धि पर मनीष मिश्रा पार्षद व सभापति, अजीत बाजपेयी, सुनील मिश्रा पूर्णेन्द्रु विवेदी, अजयकांत शुक्ला, राजा त्रिवेदी, कल्लू जैन, देवकांत मिश्रा, टिक्कू सोनी हेमंत मल आदि ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

यश चौबे ने 12वीं की परीक्षा 95% अंकों के साथ की उत्तीर्ण

भाटापारा/नवप्रदेश। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12 वीं के नतीजे में स्थानीय गुरुकुल स्कूल में अध्यनरत छात्र यश चौबे ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर अपने परिजनों और संस्था का नाम रोशन किया है। शहर से लगे धार्मिक स्थल सिद्धबाबा निवासी यश चौबे शुरू से ही मेघावी छात्र रहा है।उसके पिता और ग्राम के पूर्व सरपंच प्रेम नारायण चौबे ने बताया कि यश ने 10 वी और 11 वी की परीक्षा भी लगभग 93 प्रतिशत के साथ पास की थी।उन्होंने बताया कि यश बी टेक की पढ़ाई करने के साथ साथ आगे पी एस सी की भी तैयारी कर प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है। यश की इस उपलब्धि से उनके परिजन भी काफी खुश है।बताया जाता है कि संस्था में यश चौबे ने दोनो संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।यश की इस उपलब्धि पर रोशन साहू, रोहित प्रजापति सहित शुभचिंतकों ने उसे बधाई और शुभकामनाएं दी है।

रियल इस्पात बकुलाही में शनिवार को ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। रियल स्पात कम्पनी बकुलाही के खिलाफ 17 मई शनिवार को क्षेत्र के आधा दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीणों और आसपास के निर्वाचित सरपंचों ने चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लेते हुए उकताशय की लिखित सूचना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और निपनिया पुलिस चौकी को दी है। ग्राम पंचायत निपनिया के सरपंच नरेश नेताम ने बताया कि ग्राम भरतपुर,धौराभाटा, बकुलाही, सेम्हराडीह, मोपका, मोपकी निपनिया, सिल्वा, चंदली, के समस्त ग्रामवासीयों और जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंचगण द्वारा रियल स्पात कम्पनी बकुलाही में चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन दिनांक 17/05/2025 दिन शनिवार को सुबह 6:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक स्थान कम्पनी की मेन गेट के सामने किया जाएगा। निपनिया सरपंच नरेश नेताम,भरतपुर सरपंच अंजू ध्रुव,धोराभाठा सरपंच हीरा बाई ध्रुव, सेंमहराडीह सरपंच ऋषि ध्रुव के संयुक्त हस्ताक्षर द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पर्यावरण प्रदुषण,आस-पास के गांव को गोदनामा नहीं लिया गया , आस-पास के गांव के स्थानीय बेरोजगार को रोजगार प्रदान नहीं करना ,कम्पनी खुलने से पेय जल की भीषण समस्या, कम्पनी द्वारा जमीन खरीदी की मुआवजा एवं रोजगार नही दिया गया,श्रमिकों को कम मजदुरी दर देना और कम्पनी में चिकित्सा सुविधा नहीं होना। जैसे विषयों के साथ कंपनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन चक्का जाम किया जाएगा।

एचआईवी को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले में तलाश स्वयं सेवा संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत एचआईवी और यौन जनित रोगों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। संस्थान के परियोजना संचालक विजिताभ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश साहू एवं काउंसलर रानी राजलक्ष्मी तिवारी ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से मुलाकात कर परियोजना की विस्तृत जानकारी साझा की। परियोजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और समाज के अन्य कमजोर वर्गों को यौन स्वास्थ्य, एचआईवी, और एड्स के प्रति जागरूक करना है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हितग्राहियों को नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श, एवं उपचार से जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि एचआईवी से संक्रमित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

कोई भी नागरिक अपनी समस्या को बेझिझक हमारे समक्ष रखें, हम उसे करेंगे हल - दीपेश

शासन की योजनाएं केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखाई दें, यह शिविर का उद्देश्य - विजय सिन्हा

शहर के भद्रकाली मंदिर परिसर में हुआ समाधान शिविर का आयोजन

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत गुरुवार को बेमेतरा शहर के भद्रकाली मंदिर परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वार्ड क्रमांक 15 से 21 तक के नागरिकों की समस्याओं और जनमांगों के प्राप्त 349 आवेदनों के समाधान के साथ अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी।

शिविर मे मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू, अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष रजककार प्रहलाद रजक, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, मोंटी साहू, निशा चौबे, पार्षद गौरव साहू, लक्की साहू, निखिल साहू, नीतू कोठारी, आकिब मलकानी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हमारी सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केवल बातें नहीं करती, बल्कि धरातल पर काम कर दिखाती है। 'सुशासन तिहार' इसी सोच का परिणाम है, यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हर नागरिक तक सरकार की पहुंच और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का माध्यम है।

समाधान शिविर एक ऐसा मंच है, जहां आमजन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि शासन स्वयं उनके पास पहुँचता है। यह सरकार बोलने में नहीं, काम करके दिखाने में विश्वास रखती है। विधायक साहू ने कहा कि कोई भी नागरिक अपनी समस्या को बेझिझक हमारे समक्ष रखें, हम उसे प्राथमिकता से हल करेंगे। उन्होंने अंत मे कहा हम मां भद्रकाली मंदिर, तालाब और आसपास के क्षेत्र को संवारने के लिए भी विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं।

विधायक दीपेश साहू ने अधिकारियों स्पष्ट निर्देश करते हुए कहा कि हर अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि एक भी नागरिक बिना समाधान के शिविर से न लौटे। हमारा उद्देश्य है - जनसेवा के माध्यम से विश्वास का निर्माण।

शिविर में नागरिकों से विभिन्न विभागों के लिए सैकड़ों आवेदन प्राप्त किए गए, जिनका शिविर में ही प्राथमिक स्तर पर समाधान किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के तहत नोनी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत लाभार्थी बालिकाओं को बैंक पासबुक प्रदान की गई। आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया, जिससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने में मदद मिलेगी। अंत मे विधायक दीपेश साहू ने शिविर मे लगे विभिन्न स्टॉलो का निरिक्षण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। नागरिकों ने शिविर की पारदर्शिता और त्वरित समाधान प्रक्रिया की सराहना की। अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा ने कहा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे समाधान शिविर यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन की योजनाएं केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखाई दें। शिविरों के माध्यम से जनता को उनके अधिकार समय पर मिल रहे हैं यही सुशासन का उद्देश्य है। नगरपालिका अधिकारी ने आभार प्रकट किया।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश । राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्थानीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवर्धा में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम जांच करें, साफ करें, ढके डेंगू को हराने के उपाय है, जिसका उद्देश्य समुदाय में डेंगू की रोकथाम और उससे बचाव के प्रति व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता और मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय है क्या डेंगू की रोकथाम में जनजागरूकता सरकारी प्रयासों से अधिक प्रभावशाली है इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। वहीं, मॉडल निर्माण प्रतियोगिता में प्रतिभागी डेंगू मच्छर के जीवन चक्र, फैलाव के स्रोत, और रोकथाम के उपायों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करेंगे। मॉडल प्रतियोगिता में 10 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

सामुदायिक भागीदारी की भूमिका

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मी, छात्र-छात्राएं, स्थानीय नागरिक व स्वयंसेवी संस्थाएँ सक्रिय रूप से भाग लेंगी। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह आयोजन लोगों को यह संदेश देगा कि डेंगू की रोकथाम हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, और फ्जांच करें, साफ़करें, ढकेफ् के सरल नियम अपनाकर हम डेंगू पर विजय पा सकते हैं।

डेंगू क्या है

डेंगू एक वायरल संक्रमण है, जो संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन में काटता है और साफ ठहरे पानी में पनपता है। बारिश के मौसम में डेंगू के मामले अधिक बढ़ते हैं।

डेंगू के लक्षण : तेज बुखार, सिरदर्द और आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते, उल्टी, थकान, प्लेटलेट्स की कमी और रक्तस्राव (गंभीर स्थिति में) है।

डेंगू से बचाव के लिए तीन कदम

जांच करें : घर और आसपास हर सप्ताह पानी जमा होने वाले स्थानों की जाँच करें।

साफ़ करे : कूलर, टंकी, गमले, पुराने टायर आदि की सफाई करें।

ढके : सभी जल पात्रों को ढककर रखें, ताकि मच्छर अंडे न दे सकें।

उपचार

डेंगू का कोई विशेष टीका या दवा नहीं है। लक्षणों के आधार पर उपचार किया जाता है। मरीज को तरल पदार्थ दिए जाएं और पैरासिटामोल दी जा सकती है। एस्पिरिन व आइबुप्रोफेन से बचना चाहिए। प्लेटलेट्स गिरने पर चिकित्सकीय देखरेख जरूरी है। बिना डॉक्टर के सलाह के दवा ना लें।

विकास कार्यों का निरीक्षण करने कलेक्टर ने किया शहर का दौरा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे गुरुवार को सुबह निगम सीमाक्षेत्र के ग्रामीण वार्ड ढाबा, सिंगदई, मोहड़, कन्हारपुरी का निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा तथा अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर सुगम यातायात के लिए एप्रोच रोड निर्माण हेतु स्थल के अलावा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि का निरीक्षण किए।

उन्होंने शहर के उद्यानों का जायजा लेकर आवश्यक मरम्मत व रख रखाव के साथ साथ बारिश में आवश्यकता अनुसार वृक्षारोपण करने तैयारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने गुरूवार की सुबह ग्रामीण वार्ड सिंगदई, मोहड़ एवं कन्हारपुरी पहुँच रिक्त शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी लिए। उन्होंने वार्डवासियों की मांग पर आवागम ने लिए एप्रोच रोड हेतु स्थल देखा, वही उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि देख खसरा नक्शा तथा निजी भूमि की जानकारी उपलब्ध कराने अधिकारियों से कहा। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि है, इसका उपयोग जनहित में करना है। शासकीय भूमि के पास यदि निजी भूमि स्थित है उसकी सम्पूर्ण जानकारी दी जाये। एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेत ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि का निरीक्षण कर उन्होंने भूमि स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण की कडी में कलेक्टर डॉ. भूरे शहर के उद्यानों में क्रमशः शिवाजी पार्क, त्रिवेणी परिसर, पुष्पवाटिका, चैपाटी, कृष्ण कुंज, आर.के.नगर, अमृत उद्यान एवं नेहरू पार्क का जायजा लिया। उन्होंने उद्यानों को देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा से कहा कि सभी उद्यानों में रख रखाव एवं मरम्मत की आवश्यकता है। उद्यान के खेल उपकरण, पाथवे, आदि का मरम्मत कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कर साफसफाई रखे। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु में आवश्यकता अनुसार उद्यानों में वृक्षरोपण करने तैयारी करने कहा। उन्होंने कहा कि उद्यान नागरिकों के भ्रमण एवं मनोरंजन का स्थल है, जहां प्राथमिकता तय कर व्यवस्था दुरूस्त रखे। निरीक्षण के दौरान कार्यपान अभियंता श्री यू.के.रामटेके व संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा सहित अधिकारी उपस्थित थे।

तेज आंधी-तूफान से मेन रोड पर कई जगह गिरे पेड़

नगरी/नवप्रदेश। नगरी आंचल में बीते 15 दिनों से मौसम बदलता आई दिन दिखाई देता वही गुरुवार को नगरी दोपहर तेज आंधी अंधड़ आधी तूफान आया उसके बाद गांव गांव में हल्की-हल्की बारिश होती दिखाई दिये

जिसमे दोपहर क बाद शाम 3 बजे के बाद से आसमान में बादल छा जाते हैं कई घंटों जोर गरजना चमकता दिखाई दिए इसके बाद तेज आंधी तूफान चलती है शाम 5 बजे के बाद कई स्थानों में रुक-रुक कर वर्षा कुछ देर तक हुई। पानी गिरने से जहां और मौसम सुहावना हो गया है,

साथ ग्रामीण अंचल के आसपास के गांव गांव जैसे सांकरा : तुमडीबाहर मेचका उमरगांव घटूला बेलर पूरे अंचल में कुछ घंटे साथ वही हल्की हल्की बारिश होते दिखाई वही लोगों को तेज गर्मी से राहत मिल रहा है।

मगर तेज आंधी तूफान के चलते नगरी ब्लाक के कई क्षेत्रों में बिजली के तार टूटकर बिजली खंभे गिरे हुए साथ तार टूट गया

मगर वही सांकरा, घटला, बोराई, मेचका ,सिहावा, उमरगांव : तुमडीबाहर ,कई गांवों में कई घंटों बिजली बंद रहा है जिसे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों वही शनिवार को नगरी दोपहर तेज आंधी अंधड़ आधी आनंद राम नेताम के घर पर उसके घर के समाने विशाल पेड़ पशु सेठ पर गिर गया वहीं पर गाय बैल पशु नहीं होने के कारण कोई घटना घटित नहीं हुआ नहीं शासन प्रशासन से पशुपालन मुहवजा की मांग की है वहीं दूसरी ओर कई किसान चिंतित हैं। खेत में फसल पककर तैयार है, ऐसे में तेज वर्षा से किसानों को फसल नुकसान का हो रहा है साथ ही गांव के छोटे छोटे किसानों फसल पककर तैयार हो गया है हाथों खेतों पर कटाई किया गया ऐसे ही मौसम रहा तो फसल नुकसान हो रहा है

अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार को पुलिस सैलरी पैकेज का लाभ मिला

भाटापारा/नवप्रदेश। 9 फरवरी को जिला बीजापुर में नक्सल अभियान के दौरान ग्राम गुर्रा थाना भाटापारा ग्रामीण निवासी एवं जिला बीजापुर में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत नरेश ध्रुव वीरगति को प्राप्त हुए थे। शहीद नरेश ध्रुव द्वारा अपनी नौकरी के दौरान अपना वेतन पुलिस सैलरी पैकेज के तहत रूपांतरित करवाया गया था, जिसका लाभ आज शहीद के परिवार जनों को मिला। पुलिस सैलरी पैकेज के तहत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार को एक करोड रुपया प्रदान किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा एसबीआई के अधिकारियों के साथ अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार को एक करोड रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर भावना गुप्ता द्वारा अमर शहीद नरेश ध्रुव के परिवार जनों से कहा गया कि शहीद नरेश ध्रुव की कमी की पूर्ति तो नहीं की जा सकती, लेकिन इस राशि का उपयोग आप अपने परिवार एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उपयोग में लाएं, ताकि परिवार के बच्चे बेहतर शिक्षा पाकर एक शिक्षित एवं कामयाब इंसान बन पाए।

मोना मॉडर्न सारंगढ़, सीबीएसई 12वीं में आयुष 96% एवं 10वीं में होमेश 96 के साथ टॉप

भटगांव/नवप्रदेश। सीबीएसई द्वारा हाल ही में कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए हैं। जिसमें मोना मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल सारंगढ़ ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मोना मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा दसवीं और बारहवीं सीबीएसई के स्टूडेंट्स ने नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए सफलता के परचम लहराए। इस वर्ष मोना मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल सारंगढ़ का दसवीं सीबीएसई का परीक्षा परिणाम अप्रत्याशित रहा। इस वर्ष की खास उपलब्धि यह रही कि दसवीं में मोना स्कूल सारंगढ़ के छात्र ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाला की इस अभूतपूर्व सफलता के बारे में बताते हुए मोना मॉडर्न इंग्लिश मीडियम के फॉउंडर द्वय श्री रितेश केशरवानी एवं श्रीमती तोषी गुप्ता ने जानकारी दी कि इस वर्ष कक्षा दसवीं में होमेश जांगड़े 96त्र के साथ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा बारहवीं में 96त्र के साथ आयुष अग्रवाल स्कूल टॉपर रहे । दसवीं और बारहवीं में शाला के लगभग 60 स्टूडेंट्स ने 96 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक अंक प्राप्त कर सफलता की नयी ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। वहीं दोनों कक्षाओं के लगभग 170 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ये वो मेधावी स्टूडेंट्स हैं जिन्होंने वर्ष के प्रारंभ से ही प्राचार्य रितेश केशरवानी के मार्गदर्शन में एक विशेष योजना के तहत अपनी तैयारी प्रारम्भ कर दी थी। ज्ञात हो कि फाउंडर एवं प्रिंसिपल श्री रितेश केशरवानी द्वारा स्टूडेंट्स की परीक्षा की तैयारी के लिए बहुत सारे नए नए स्ट्रैटजी चलाई जाती है जिससे स्टूडेंट्स कम तनाव के साथ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। साथ ही पढ़ाई में औसत प्रदर्शन करने वाले बच्चों के लिए अलग स्ट्रैटजी के तहत काम किया जाता है जिससे वो परीक्षा में सामान्य से अच्छा प्रदर्शन कर सकें।और केशरवानी सर के इस स्ट्रैटजी का परिणाम यह रहा कि इस वर्ष के दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में इन स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला परिवार और अपने माता पिता का नाम रोशन किया। आयुष अग्रवाल 96% के साथ बारहवीं में टॉप किया बारहवीं सीबीएसई में आयुष अग्रवाल ने 96त्र अंकों के साथ शाला एवं तीनों संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दीप देवांगन 95त्र, प्राप्त कर द्वितीय तथा आनंद ओझा ने 94% प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिन्दी, इंग्लिश 100% रिज़ल्ट बारहवीं सीबीएसई में इस साल की अभूतपूर्व उपलब्धि यह रही कि हिन्दी में 100% स्टूडेंट्स, इंग्लिश में 100त्र स्टूडेंट्स ने सफलता प्राप्त की। इस तरह बायोलॉजी टॉपर में प्रथम दीप देवांगन , द्वितीय तन्वी साहू और तृतीय वेदप्रकाश वर्मा रहे। मैथ्स टॉपर , प्रथम प्रज्ञा चंद्रा, द्वितीय पलक देवांगन , और तृतीय सुबोध देवांगन रहे। कॉमर्स टॉपर प्रथम आयुष अग्रवाल , द्वितीय आनंद ओझा और तृतीय निकिता पटेल रहे। इनमें कॉमर्स के आयुष अग्रवाल ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर शाला को गौरवान्वित किया।

पेज 1 शेष

अब पूरा होगा स्काई ...

की दर से निविदा भरी थी, जिसे शासन से स्वीकृति मिल चुकी है।

आदेश में स्काई वॉक प्रोजेक्ट को लेकर दिशा-निर्देश

कार्य पूर्व स्वीकृत ड्राइंग-डिजाइन के अनुरूप ही पूरा किया जाएगा।

सभी नॉन एसओआर मदों की दरों का विश्लेषण कर अनुमोदन सुनिश्चित किया जाएगा। कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने और कार्य अनुबंधित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश हैं। यह कार्य सबलेट नहीं किया जा सकेगा और पावर ऑफ अटॉर्नी मान्य नहीं होगी। कार्य अनुबंध के अनुसार और बजट सीमा के भीतर ही किया जाएगा।

भारत ने टीआरएफ के बारे ...

1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम और संयुक्त राष्ट्र में अन्य भागीदार देशों के साथ भी बातचीत की है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जघन्य ट्र शेष पृष्ठ 6 पर

आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफने ली है और आगे भी हमले करने की धमकी दी है।

जवानों के अदम्य साहस ...

लड़ाई को जीत रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमें सरकार में आए डेढ़ साल हुए हैं और इस अवधि में हमने राज्य में सुशासन स्थापित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आप लगातार अनेक कठिन नक्सल विरोधी ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। आप 44 डिग्री की गर्मी में भी ऑपरेशन चलाते हैं। ऐसे जवानों के अदम्य साहस को मैं नमन करता हूँ। उन्होंने बताया कि वे सुरक्षा कैम्प को सुविधा कैम्प मानते हैं क्योंकि सुरक्षा कैम्प के माध्यम से अब बस्तर के सुदूर इलाकों में अनेक तरह की सुविधाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री साय के कहा कि जब हमारी सरकार आयी तो इस क्षेत्र में सबसे पहला कैम्प मूलेर में खोला गया। आज मूलेर समेत आसपास के गांव में राशन की सुविधा, बिजली, स्वास्थ्य, स्कूल, मोबाइल टॉवर जैसी सुविधाएं मिलने लगी हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में नक्सल विरोधी अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। राज्य में मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य है, निश्चित रूप से फोर्स के जवानों के अदम्य साहस की बदौलत हम इस संकल्प को पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा बस्तर में नियद नेल्ला नार योजना ने स्थानीय लोगों से जु?ने में अहम भूमिका निभाई है।

सिविक एक्शन को सराहा

गलगम कैम्प में हुए आयोजन में पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने अपने उद्बोधन में फोर्स के जवानों द्वारा किए जा रहे सिविक एक्शन को सराहा। वहीं कलेक्टर बीजापुर संबित मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बताया कि सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत बीते कल ही गलगम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान गलगम कलस्टर में कुल 1590 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से अधिकतर आवेदन वन अधिकार पत्र के थे, जिनका परीक्षण कर सार्थक कार्यवाही की जा रही है।

समूचे आतंकी ढांचे के ...

को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया।

एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएँ हैं जो संभव हैं।

पाकिस्तान के परमाणु ...

गतिविधियों के लिए अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने दे वरना तो भारत उसे मिट्टी में मिलाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू कश्मीर में सीमा पर तैनात जवानों से पहली बार मिलने के लिए पहुंचे सिंह ने गुरूवार को यहां बादामी बाग छावनी में जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ़भारत की प्रतिज्ञा कितनी कठोर है, इसका पता इसी बात से चलता है कि भारत ने उनके 'न्यूक्लियर ब्लैकमेल' की भी परवाह नहीं की है। पाकिस्तान की बार बार की एटमी धमकी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे ग़ैर ज़िम्मेदाराना तरीक़े से पाकिस्तान द्वारा भारत को अनेक बार एटमी धमकियाँ दी गईं हैं।

बारातियों से भरी बस...

इसी दौरान कंठी घाट के पास बस की स्थिति बिगड़ गई और वह गहरी खाई में पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही चांदो पुलिस और 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

हादसे में घायल लोगों को तत्काल चांदो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल 8 लोगों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल बलरामपुर में जारी है।

चमेदा जंगल में ...

बर्तन और अन्य सामग्री बरामद की थी। पुलिस और डीआरजी की टीमें क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चला रही हैं।

लोगों को नक्सली मामलों ...

पर कानून की अनदेखी व खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में तेंदूपत्ता तुड़ाई पर पाबंदी है, वहीं खनन कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार खदानों को निजी हाथों में सौंपकर आदिवासियों की जमीन और संसाधनों की लूट करवा रही है।

कर्नल सोफिया मामले में ...

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल रोक लगाने के आग्रह को अस्वीकार कर दिया और कहा कि वह इस मामले में कल सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी पर रोक लगाने की मांग की थी।मंत्री शाह की अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा ने पीठ के समक्ष कहा, उन्होंने (शाह) अपनी टिप्पणियों को लेकर पश्चाताप व्यक्त किया है। उन्हें गलत समझा गया है...मीडिया ने उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। हम मुकदमा - दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हैं।

शाह के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज

कर्नल कुरैशी पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर के विभिन्न स्थानों पर आतंकवादियों के शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में प्रेस ब्रीफिंग करने वाली टीम में शामिल थी जिसे भारत में नारी शक्ति के उत्कर्ष के रूप में देखा जा रहा है।

डॉ. पदमा साहू पर्वणी की पदमा की कुंडलिया काव्य संग्रह का हुआ विमोचन

खैरागढ़/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में डॉ पद्मा साहू पर्वणी की चौथी कृति पद्मा की कुंडलिया का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. पीसी लाल यादव मुख्य अतिथि, अध्यक्षता योगेश अग्रवाल अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम प्रांत इकाई छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा बाबूजी, अरुण कुमार निगम, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड संवाददाता डॉ. सोनल राजेश शर्मा, महेश शर्मा, कमल शर्मा उपस्थित रहे। उनकी इस पुस्तक की समीक्षा चर्चा डॉ. गीता विश्वकर्मा ने की। पर्वणी की इस उपलब्धि के लिए अतिथियों और उपस्थित रचनाकारों परिजनों, ने बधाई प्रेषित की। इस कृति में 200 कुंडलियों का संग्रह है जो बहुत ही उत्कृष्टता के साथ विभिन्न भावों को समेटे हुए है। इसे पाठकों ने सराहा है। कार्यक्रम में पदमा को तीसरी बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से भी सम्मानित किया। पदमा साहित्य के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट लेखनी के साथ देश, समाज, विद्यार्थियों के लिए कलम चलाकर अपनी रचनाओं को सबके बीच रखने का काम कर रही है। वे विभिन्न सम्मानों से सम्मानित हो चुकी हैं।

छुईखदान की पुरानी पहचान वापस लाने में जुटा प्रशासन

- बढ़ावा देने इच्छुक किसानों से की चर्चा

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के छुईखदान इलाके की पुरानी पहचान पान की खेती को बढ़ावा देने जिला प्रशासन जुटा है। कलेक्टर इन्द्रजीत चंद्रवाल ने क्षेत्र के प्रगतिशील किसान के खेत का निरीक्षण किया जहां व्यावसायिक रूप से पान की खेती की जा रही है। उन्होंने खेत का भ्रमण कर पान उत्पादन की प्रक्रिया, लागत, और संभावनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने किसान रवि साहू से चर्चा करते हुए पान की खेती में लगने वाली लागत, श्रम, उत्पादन क्षमता और बाजार में इसकी मांग पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पान की खेती क्षेत्र के किसानों के लिए एक लाभकारी और टिकाऊ विकल्प बन सकता है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। किसान रवि साहू ने बताया कि उन्होंने 4000 वर्ग फुट भूमि पर पान की खेती प्रारंभ की है, जिस पर लगभग 1.20 लाख रू की लागत आई है। मात्र 6 माह में ही उन्हें 80 हजार रू का शुद्ध लाभ हुआ है। एक पान के पेड़ की औसत आयु 30 से 40 वर्ष होती है और हर पौधे से प्रति वर्ष लगभग 250 पत्ते प्राप्त होते हैं। कलेक्टर ने खेत में उगाए गए पान के पत्तों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए स्वयं भी स्वाद लिया और किसानों को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। पान की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों से की चर्चा पान की परंपरागत और आर्थिक रूप से लाभकारी खेती को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर चंद्रवाल ने इच्छुक और प्रगतिशील किसानों से सीधा संवाद कर पान उत्पादन की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा छुईखदान में स्थापित पान अनुसंधान केंद्र के तहत आयोजित चर्चा में कृषि वैज्ञानिकों, प्रशासनिक अधिकारियों और पान उत्पादक किसानों ने भाग लिया। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जपं, कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने मिलकर पान की खेती को पुनर्जीवित करने और इसके वैज्ञानिक विकास के लिए रणनीतियां साझा कीं। किसानों ने पान की उपज में आ रही समस्याओं जलवायु परिवर्तन, बाजार की कमी और लागत बढ़ने की बातें रखीं, जिन पर कलेक्टर ने समाधान का भरोसा दिलाया। कलेक्टर चंद्रवाल ने छुईखदान क्षेत्र के 10-15 किसानों को प्रारंभिक स्तर पर चिन्हित कर पान उत्पादन हेतु प्रशिक्षित करने उनकी फसल को एक्सपोजर विजिट के माध्यम से अन्य प्रमुख पान उत्पादक क्षेत्रों से जोड़ने निर्देश दिए।

आठ माह बाद हुई पालिका की सामान्य सभा में निर्माण कार्यों और प्रशासनिक लापरवाही पर जमकर हंगामा

- विपक्ष के निशाने पर रहा सत्तापक्ष
- विकास कार्यों के अटकने, जांच रूकने के मामले मे गरमाया सदन

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिका परिषद की आठ माह बाद हुई सामान्य सभा की बैठक में विपक्ष के हमले के चलते जोरदार हंगामा हुआ। बैठक में विपक्ष पुराने मुद्दों, निर्माण कार्यों, अटल परिसर के स्थल चयन सहित अन्य मामलों को लेकर गर्म रहा। इस दौरान कई मामलों में सत्तापक्ष को जवाब देते नहीं बना तो सत्तापक्ष के सदस्यों का भी विपक्ष को जोरदार समर्थन मिला। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों में व्यापक गड़बड़ी, अधिकारियों की लापरवाही, जनप्रतिनिधियों को तवज्जो नहीं दिए जाने का मुददा गरमाया रहा। बैठक मे विपक्ष के पार्षदों सहित नपा उपाध्यक्ष, सांसद और विधायक प्रतिनिधि भी जमकर मुखर रहे और मुददों को लेकर अधिकारियों के साथ साथ सत्तापक्ष के पार्षदों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके । जनहित के मुददों पर नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही भी निशाने पर रही। नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने पुराने और गड़बड़ी वाले मुददों को सामने रखते कहा कि पालिका के कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर अब तक कार्यवाही नही हो पाई है। देवांगन ने शहर में लगाए जाने वाले हाईमॉस्क लाइट और अन्य विकास कार्यों को केवल कागजों में प्रस्तावित बताते कहा कि धरातल पर कार्य नहीं हो पाए इसकी जवाबदारी किसकी है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन भी इस दौरान कई महत्वपूर्ण मुददों को उठाते पालिका प्रशासन पर ही लापरवाही बरतने का आरोप लगाते कहा कि अधिकारी केवल कागजी हवाला देकर निर्माण कार्यों को कराने से बच रहे हैं जिससे शहर का विकास अटक गया है। शहर के सिविल लाइन में अटल परिसर बनाए जाने का मुददा सबसे ज्यादा अहम रहा। इस मामले मे सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता भी पालिका के खिलाफ खड़े नजर आए। उन्होंने अटल परिसर निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित जगह का पारित प्रस्ताव सदन मे सार्वजनिक करने की मांग की। ईतवारी बाजार में आधे अधूरे पड़े काम्पलेक्स निर्माण का मामला भी जमकर उठा और इसमे लेटलतीफी के लिए पालिका प्रशासन को दोषी बताया गया । विपक्ष की ओर से पार्षद दिलीप लहरे भी कई मामलों मे लापरवाही बरतने और परिषद के प्रस्तावों पर कार्यवाही नहीं होने पर बार बार अड़ते रहे ।

इन प्रस्तावों पर बनी सहमति

परिषद की बैठक रखे गए नौ प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया। इन प्रस्तावों मे प्लेसमेंट श्रमिकों की निविदा की स्वीकृति, डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक पाइपलाइन विस्तार, ईतवारीबाजार मे निर्माण कार्य, संपत्तिकर सर्वेक्षण नए सिरे से करने, राष्टीय परिवार सहायता और जाति प्रमाणपत्र के अटके प्रकरणों की स्वीकृति जैसे प्रस्तावों पर पारित किया गया। बैठक में पालिकाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, पार्षदगण विनय देवांगन, रूपेन्द्र रजक, रेखा गुप्ता, मोनिका रजक, शैलेन्द्र वर्मा, दीलिप राजपूत, पुष्पा सिंदुर, देवीन कोठले, पुरुषोत्तम वर्मा, शत्रुहन धृतलहरे, सीएमओ नरेश वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

टोलागांव में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को बांटे सुपोषण किट और पीएम आवास की चाबी

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लॉक के टोलागांव मे आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया। टोलागांव स्थित हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में समाधान शिविर में ग्रामीणों की भागीदारी रही। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में महिला एवं बाल विकास के शिविर में 5 हितग्राहियों को सुपोषण कीट प्रदान कर पोषण के प्रति जागरूक किया। किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेफ़किन प्रदान की। शिविर में मछली पालन विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को महाजाल,कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को अरहर बीज, उद्यानिकी विभाग द्वारा 4 किसानों को सब्जी मिनी किट, पंचायत विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को आवास की चाबी और शिक्षा विभाग द्वारा 5 हितग्राही को संपर्क ऑडियो किट वितरण किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत चंद्रवाल ने शिविर को जनसमस्याओं के निराकरण का कारगर पहल बताया। उन्होंने कहा कि लोग अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लेकर अपने लंबित प्रकरणों एवं समस्याओं का समाधान करवाएं। जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने सुशासन तिहार पर प्रकाश डालते हुए इसे जनसेवा, पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। बताया कि आज शिविर में कुल 258 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 251 आवेदन मांग और 7 आवेदन शिकायत संबंधी प्राप्त हुए। शिविर में चिचोला, उरईडवरी, घोंघेडबरी, मदनपुर, दामरी, घोटिया, रुसे, टोलागांव, प्रकाशपुर, बल्देवपुर, बढ़ईटोला, कलकसा, पेंड्रीकला, भरदाकला, दपका एवं देवारीभाट पंचायतों से सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे। शिविर में जिला पंचायत सदस्य दिनेश साहू, भुनेश्वरी देवांगन, एसडीएम टांकेश्वर प्रसाद साहू जनपद सीईओ नारायण बंजारा, घम्मन साहू, जनपद सदस्य हेम लता साहू, श्याम लाल, गोपाल साहू सहित सरपंच बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

मेहनताना का बकाया रकम मांगने पर मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। अपने मेहनताना का बकाया रकम मांगने पर नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में श्रमिक का काम करने वाले के साथ सुपरवाइजर ने मारपीट कर दी। पुलिस को साराडीह निवासी धनंजय रात्रे ने बताया कि वह वर्तमान में नव निर्मित मेडिकल कॉलेज में मजदूरी का काम कर रहा है। उनका 17 दिन की मजदूरी का पैसा बकाया था, 13 मई को उसने मांगा तो सुपरवाइजर कुनाल बंजारे ने गाली-गलौज कर पत्थर से सिर में मारकर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। मामले में की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

ठेले से सिगरेट, गुटखा की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। गुरु घासीदास बस स्टैंड परिसर में संचालित एक पान ठेले से चोरी हो गई। ठेला संचालक ने मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस को अब्दुल जावेद ने बताया कि वह पानी टंकी के नीचे बस स्टैंड महासमुंद में ठेले का संचालन करता है। 9-10 मई की दरम्यानी रात ठेले का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने करीब साढ़े नौ हजार रुपए का सिगरेट, गुटखा पार कर दी है। मामले की रिपोर्ट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 334(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

वृद्ध महिला की पेटी से 30 हजार पार

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम सोरम में एक घर से पेटी का ताला तोड़कर 30 हजार रुपए चोरी का मामला सामने आया है। खल्लारी पुलिस को दशोदा बाई (60) ने बताया कि उनका भतीजा हरीश कमार जो जेठ का बड़े साले का पुत्र ग्राम कर्पीदादर जिला गरियाबंद निवासी विगत 3 दिनों से उनके घर में रह रहा था। 7 मई की सुबह वह तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। वापस आने पर कमरा में रखी पेटी का ताला टूटा हुआ था और नकदी 30 हजार रुपये गायब था।

भालू ने युवक पर किया हमला पेड़ पर चढ़कर बचाई जान

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान एक युवक पर भालू ने हमला कर दिया, युवक ने पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई। इस हमले में युवक को गंभीर चोटें आई हैं। मालूम हो कि क्षेत्र में इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जारी है। लेकिन, जंगलों में प्रवेश करते ग्रामीणों को अब वन्यजीवों से आमना-सामना हो रहा है। पिछले सप्ताह भर में दो अलग-अलग घटनाओं में भालू के हमलों से दो युवक घायल हो चुके हैं।

12 मई को सरायपाली के ग्राम पंचायत पतेरापाली का युवक सुनील सोना कांदाडोंगर इलाके में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। इसी दौरान सुबह लगभग 7 से 8 बजे के बीच पीछे से अचानक एक भालू ने उस पर हमला कर दिया। हमले में सुनील की पीठ पर गंभीर चोटें आईं, जिसमें भालू के नाखूनों के गहरे निशान पड़ गए। जान बचाने के लिए सुनील तुरंत नजदीकी पेड़ पर चढ़ गया। वहां मौजूद अन्य तेंदूपत्ता संग्राहकों और परिजनों ने शोर मचाकर भालू को भगाने की कोशिश की, जिससे भालू भाग गया और युवक की जान बच सकी। घटना के बाद साथियों ने घायल युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां युवक का इलाज जारी है। घटना के बाद सूचना मिलते ही वनरक्षक राकेश पटेल घटनास्थल पहुंचे और तत्काल 500 रुपये की आर्थिक सहायता प्राथमिक उपचार के लिए प्रदान की। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रत्युष तांडे ने बताया कि अब तक भालू के हमले की दो घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

कांग्रेसियों ने मंत्री विजय शाह का फूंका पुतला

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री व भाजपा नेता विजय शाह के आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर महासमुंद जिला अध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने गुरुवार को नेहरू चौक में भाजपा मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने इस अवसर कहा कि भाजपा पार्टी के नेता हमेशा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे देते हैं एवं बेटियों के खिलाफ शर्मनाक टिप्पणी करते हैं और बेटियों के अस्मिता से खेलने का काम करते हैं। आज जब सारा राष्ट्र कर्नल सोफिया कुरैशी के हौसलों का गुणगान कर रहा है, तब भाजपा के नेता उसे जातिवाद के कीचड़ में घसीट कर शर्मनाक तरीके से अपमान करने में लगे हैं। भाजपा एवं उसके मंत्री प्राय: महिलाओं के अपमान करने का ही कार्य करती हैं समर्थन में आज तक बात नहीं की है इस कारण भाजपा के नेताओं के बोल हमेशा महिला विरोधी ही रहता है। नेताओं ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी बोलते कुछ है और उसके मन में रहता कुछ है। जिसका उदाहरण कभी-कभी उनके नेताओं के बड़बोले पन से उजागर हो जाता है। विजय शाह के द्वारा सेना के खिलाफ बयान देने के बावजूद भाजपा शासन में उनके खिलाफ रिपोर्ट नहीं की गई और ना ही कोई कार्रवाई की गई यह दर्शाता है कि भाजपा महिला विरोधी पार्टी है। आज जब सारा विश्व भारत के महान सेना के गुणगान कर रहा है तब भाजपा के नेता सेना के एक महिला कर्नल के खिलाफ भाषण बाजी कर रहे हैं ऐसे मतिभ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कोर्ट को स्वयं संज्ञान लेकर एफआईआर करने का आदेश दे रही है। इस अवसर पर खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, लक्ष्मी देवांगन सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, पार्षद सूरज नायक सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेना के रिटायर्ड सेना के जवान को युवकों ने पीटा

- रिटायरमेंट के बाद वह एफसीआई बागबाहरा में गार्ड का काम करता है

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा में सेना से रिटायर्ड हुए एक जवान से दो लोगों ने मारपीट कर दी। वार्ड-06 लालपुर निवासी शाहजाद खान ने थाने में शिकायत की है कि आर्मी से रिटायरमेंट के बाद वह एफसीआई बागबाहरा में गार्ड का काम करता है। 13 मई की शाम करीब 7.30 बजे अपनी ड्यूटी से घर जा रहा था। लालपुर ढांगाडिपरा रास्ता में नाला के पास कुछ लड़के बीच सड़क में खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। मैंने स्कूटी रोकी तो वे लोग बिना वजह गाली गलौज कर मारपीट की। उनमें से एक ने ईंट से सिर में मारकर चोट पहुंचाई और एक ने स्कार्फ से गला दबाने की कोशिश की।

किसी तरह जब वह खुद को छुड़ाकर अपनी स्कूटी को छोड़कर भागने लगा तो वे लोग पीछा करते हुए जान से मार देंगे कहते पीछे दौड़ने लगे और ईंट पत्थर से फेंककर मार रहे थे। नीलांबर साहू की बाड़ी के पास जाकर रूका तो मोहल्ले के तीन-चार लोगों ने उन्हें मना किया तो वे भाग गए। आसपास मोहल्ले वालों से पता चला कि मारपीट करने वालों में राहुल पटेल और सोनू देवांगन था। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

96.4 फीसदी अंक पाकर खुशवंत बने केन्द्रीय विद्यालय में टापर

खैरागढ़/नवप्रदेश। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की दसवीं परीक्षा में नगर के वार्ड 17 दाऊचौरा निवासी मेधावी छात्र खुशवंत देवांगन ने 96.4 फीसदी अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। खुशवंत देवांगन केंद्रीय विद्यालय के छात्र हैं प्रारंभ से ही मेघावी रहे खुशवंत ने दसवी बोर्ड में आए परीक्षा परिणामों में गणित विषय में 99 अंक प्राप्त किया है। खूशवंत अब जेईई की तैयारी में जूट गए 11वीं में गणित विषय को प्रमुखता देकर उसी दिशा में करियर बनाने की योजना हैं। खुशवंत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवारजनों को दिया है । खुशवंत कांग्रेस नेता अधिवक्ता मनराखन देवांगन और प्रधान पाठिका स्नेहा देवांगन के सुपुत्र हैं।

सढ़ौली में नशामुक्ति के लिए जागरुकता शिविर आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की आम जनता के समस्याओं के समाधान हेतु सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के तहत वीर शहीद ग्राम सढ़ौली में नशामुक्ति के लिए पिछले दिनों राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला मानसिक स्वास्थ्य दल गरियाबंद द्वारा ग्राम पंचायत भवन सढ़ौली में मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, नशामुक्ति, तनावमुक्ति परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय गरियाबंद के मानसिक स्वास्थ्य दल के डॉ. राजेंद्र बिनकर ,डॉ आरपी निराला , उमेश की टीम द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ तथा शराब, बीड़ी, सिगरेट गुटखा का सेवन करने वाले मरीजों की जांच कर शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाली इन बुरी आदतों से छुटकारा दिलाने के लिए उचित परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां देकर उनका उपचार किया गया। नशामुक्ति जागरुकता शिविर को सफल बनाने में ग्राम पंचायत सढ़ौली की सरपंच श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर, पंचायत सचिव लोकसिंह यादव , स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के के कृषाणु, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सढ़ौली के आरएचओ वेदवती और सीएचओ हेमचंद्रिका, ग्राम की मितानिनों का विशेष सहयोग रहा। डॉ. बिनकर ने ग्राम की युवा पीढ़ी को नशे की आदतों को छोड़ने की अपील करते हुए कहा कि शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा इत्यादि का सेवन करने वालों में सबसे ज़्यादा संख्या युवा पीढ़ी की है, जो कि अत्यंत चिंताजनक बात है। नशीले पदार्थों के सेवन करने के बाद व्यक्ति की मानसिक स्थिति भी बहुत खराब हो जाती है। जिससे अच्छे बुरे की समझदारी नहीं रहती। और वह कई तरह की असामाजिक, गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल हो जाता है।

विकास पर चर्चा | *पालिका परिषद की विशेष बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा, सर्वसम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव*

विशेष बैठक से भाजपा पार्षदों का वन नेशन वन इलेक्शन का मुद्दा रहा गायब

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका में बुधवार को परिषद की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पालिका

अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने की। इस बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न एजेंडे पर प्रस्ताव पारित किए गए। शहर विकास के मुद्दों पर सभी सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई बैठक में अध्यक्ष साहू ने कहा सभी को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर आपसी तालमेल के साथ शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकासशील बनाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को शहर विकास में भागीदारी बनने सहयोग करने कहा।

इस अवसर पर शहर के विकास को गति देने परिषद की बैठक में प्रमुख रूप से अनेक एजेंडों को चर्चा में शामिल किया गया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कार्यों के लिए सहमति बनी। जिसमें लोहिया चौक से पिटियाझर नाला तक ट्यूबलर पोल प्रदाय व स्थापना कार्य के लिए प्राप्त न्यूनतम निविदा दर के संबंध में चर्चा कर विचार कर निर्णय लिया गया। पिटियाझर वाटर टैंक से संत रविदास भवन तक ट्यूबलर पोल प्रदाय व स्थापना कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम निविदा दर के संबंध में विचार एवं निर्णय, भवन, भूमि नामांतरण के संबंध में विचार एवं निर्णय, अपना मार्केट, बाजार में स्थित दुकानों के लिए दिए जाने वाले कवेलू शेड निर्माण के संबंध में विचार एवं निर्णय, एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में विचार, शासकीय घास भूमि पर काबिज लोगों के द्वारा नगर पालिका के डिमांड पंजी में नाम दर्ज करने के संबंध में विचार कर निर्णय लिए गए। इसी तरह विद्युत अनापत्ति हेतु शासकीय घास/काबिज भूमि हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में विचार एवं निर्णय, गुरु गोविन्द सिंह उद्यान के सामने स्थित चौपाटी में निर्मित दुकानों की नीलामी के संबंध में विचार एवं निर्णय, नगर पालिका द्वारा लिये जाने वाले सेवा शुल्क की दर में वृद्धि किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, निजी भवनों एवं निकाय क्षेत्र में विज्ञापन होर्डिंग्स बोर्ड स्थापना कार्य में एनओसी दिए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, आम बाजार (गोल बाजार) में छूटे हुए व्यवसायियों का बाजार साईड किराया डिमांड पंजी में नाम दर्ज किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, इंदिरा मार्केट के जर्जर दुकानों के निर्माण के संबंध में विचार एवं निर्णय, प्रेसीडेंट इन कांउसिल की बैठक 15 अप्रैल में पारित निर्णय का अवलोकन कराकर निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, निश्चय पूनम चंद्राकर पार्षद, जसप्रीत प्रीति बादल मक्कड़, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, सभापति बबलू सूरज नायक, सभापति ईश्वरी भोई, सभापति गुलशन साहू, पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, राहुल आवड़े, कल्पना सूर्यवंशी, हरवंश ढिल्लो नानू भाई, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, माधुरी धनीराम यदु, बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र , भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, सीएमओ सहित पालिका के विभाग प्रभारी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं विभिन्न समाजों के अध्यक्षों द्वारा निस्वार्थ ठंडा जल अमृत सेवा उद्घाटित

■ रेल यात्रियों को भीषण गर्मी से राहत के लिए विभिन्न ट्रेनों में 1000 छाछ मठा पाऊच का निशुल्क वितरण किया गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव संयुक्त सेवाभावी संस्थाओं के मुख्य संयोजक सौरभ खंडेलवाल,बाल रत्न मंच सेवा समिति अध्यक्ष राहुल अग्रवाल प्रचार प्रमुख रितेश यादव , मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार के समन्वयक योगेश साहू , संत कंवर राम जल सेवा समिति सुनील मोटलानी, एवं उदयाचल संस्था परिवार के युवा अध्यक्ष प्रतीक चोपड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि

बुद्ध पूर्णिमा पर सेवा सेवाभावी संस्थाएं प्रमुख संयोजक संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति , मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार , सहयोगी संस्था संत कंवर राम जल सेवा समिति , उदयाचल संस्था परिवार संयुक्त रूप से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में भीषण चिलचिलाती भरी दोपहरी गर्मी में रेल यात्रियों की सेवा हेतु जनरल डब्बे तक पहुंच कर निस्वार्थ ठंडा जल अमृत सेवा का बुद्ध पूर्णिमा बैशाख शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर दिनांक 12 मई 2025 सोमवार ,दोपहर 2:30 बजे विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए उद्घाटन मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह पूर्व सांसद राजनांदगांव , अध्यक्षता कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष जिला भाजपा , अति विशेष अतिथि माननीय सौरभ कोठारी महामंत्री जिला भाजपा , अशोक लोहिया राजनांदगांव रत्न अध्यक्ष सत्यनारायण मंदिर समिति , विशेष अतिथि राजेश बर्मन स्टेशन मास्टर राजनंदगांव , शरद अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल सभा, पवन , डागा अध्यक्ष महेश्वरी पंचायत, मनोज बैद अध्यक्ष सकल जैन संघ , बृजकिशोर सुरजन चेयरमैन गायत्री स्कूल, राजेश शर्मा जी अध्यक्ष पूर्व सैनिक कल्याण संघ, मन्नूमल मोटलानी , चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी , नगर निगम के चेयरमैन राजा मखीजा, चेयरमैन शैंकी बग्गा , अमर लालवानी, प्रशांत गोलू गुप्ता दक्षिण मंडल अध्यक्ष भाजपा , उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, सुनील मोटलानी एवं सनातन धर्म महासभा महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा , प्रदेश सचिव ममता शर्मा , एवं मोना गोसाई मीना पांडे मधु अग्रवाल ,आरती गुप्ता सहित अन्य महिलाएं शहर के अन्य ागरिकों की गरिमा में उपस्थिति में उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ उपस्थित अतिथियों को भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर अंग वस्त्र पहनाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं पर्यावरण को हरा भरा रखने के उद्देश्य से सभी अतिथियों को पौधे भेंट किए । मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह ने कहा कि मुख्य संयोजक संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति एवं मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार सहयोगी संस्था संत कंवर राम जल सेवा समिति , उदयाचल संस्था परिवार के संयुक्त तत्वाधान में सेवा ही उद्देश्य निस्वार्थ ठंडा जल अमृत सेवा चिलचिलाती तप्ती भीषण गर्मी में निरंतर प्रतिदिन 11 वर्षो से संयुक्त आयोजन समिति के सदस्य एवं संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव के प्रत्येक समाज बंधुओं माता एवं बहनों युवाओं ,की स्वयंसेवा को मेरा नमन है सेवा में सर्व समाज की एकता सनातन एकता का प्रतीक है ईश्वर शक्ति की प्रेरणा से मन में समाज सेवा का भाव जागृत होता है अपने लिए तो सब जीते हैं औरों के लिए जीना ही जीना है।

■ न्यूज गैलरी

मालवाहकों में सवारी रोकने थाना प्रभारी ने ली संचालकों, चालकों की बैठक

खैरागढ़/नवप्रदेश। मालवाहको मे सवारी ढोने की लगातार बढ़ती शिकायत और राजधानी मे हूई दुर्घटना के बाद इलाके के मालवाहक संचालको की थाना परिसर मे बैठक लेकर थानाप्रभारी अनिल शर्मा ने मालवाहक वाहनो मे सवारी नही बैठाने के सख्त निर्देश दिए है । ऐसे मामलों मे बड़ी कार्यवाही किए जाने की हिदायत देते थाना प्रभारी ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने पर संचालक सहित वाहन चालक के खिलाफ सीधे कार्यवाही होग। इस दौरान मालवाहको के संचालकों से सवारी नही बिठाने का शपथ पत्र भी भरवाया गया । प्रत्येक माल वाहको पर सवारी नही बैठने संबंधी नियमों का पालन करने पोस्टर भी चिपकाए गए। लोगो को जागरूक करने शहर सहित इलाके मे अभियान चलाकर लोगो से भी मालवाहको का उपयोग सवारी के लिए नही करने की अपील की गई । थाना प्रभारी शर्मा ने कहा कि मालवाहको का उपयोग केवल सामान ढोने मे ही किया जाए। सवारी बैठाना मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपराध है। यात्रियो की जान की सुरक्षा सबसे पहले है। शर्मा ने कहा कि मालवाहको मे सवारी बैठाने से उनकी जान को खतरा बढ़ता है। मालवाहको मे कोई सुरक्षा के मानक उपाय नही है। जिससे गंभीर दूर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। इस दौरान मालवाहको मे सवारी बैठाने पर होने वाली कार्यवाही , जुर्माना और सजा के प्रावधान बताते कहा कि मालवाहक मे सवारी बैठाने के बाद होने वाली दुर्घटना के लिए केवल संचालक और वाहन चालक ही जिम्मेदार होता है। थाना प्रभारी ने संचालको से नियमों का पालन करने कराने और लोगो से भी सहयोग मांगा।

सड़क दुर्घटना रोकने पुलिस विभाग चला रहा अभियान

आम नागरिकों-चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जा रहा जागरूक

■ ट्रैक्टर-पिकअप, मालवाहक वाहन में यात्री ढोने वाले वाहनों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार बेमेतरा पुलिस द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत लगातार गांव-गांव स्कुल, कॉलेजों में स्कूली बच्चों व हाट-बाजारों में आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की कमी के कारण लोग मजबूरी में पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य मालवाहक वाहनों में यात्रा करते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हो रही है और कई घायल हो रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को मद्देनजर रखते हुए वरिष्ठ कार्यालय के आदेश के परिपालन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बेमेतरा पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं।

मालिकों एवं चालकों का रजिस्टर - इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा जिले के ट्रैक्टर पिकअप वाहन मालिकों एवं चालकों का थानावार रजिस्टर तैयार किया जा रहा हैं। सड़क दुर्घटना मे कमी लाने के लिए यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु वाहन चालको को यातायात नियमों से संबंधित पाम्पलेट वितरण कर व चौक-चौराहो में पोस्टर चस्पाकर और यातायात नियमों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। सभी वाहन चालकों/मालिकों को यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही हैं ताकि वाहन चालक और यात्री सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस संबंध में वाहन चालकों/मालिकों को जागरूक की जा रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनियादी कराकर मालवाहक वाहन स्वामियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

वाहन चालकों से अपील - इस अभियान के माध्यम से वाहन चालको को बताया गया कि दो पहिया वाहन हो या चारपहिया वाहन या उससे बडी वाहन हो कोई भी वाहन को सीमित गति से चलाया जाय ताकि कोई घटना घटने के पहले ही वाहन को नियंत्रित किया जा सके और घटना को टाला जाये। साथ ही पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील किया गया।

मालिकों और चालकों की बैठक - इस अभियान के तहत जिले के थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफके द्वारा सभी वाहन मालिकों और चालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें जीवन रक्षा के लिए बुनियादी सड़क सुरक्षा सावधानियों से जागरूक कराया गया। सभी थानों को उनके क्षेत्र में चल रहे पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य मालवाहक वाहनों का डेटा एकत्र करने की जिम्मेदारी दी गई है।

संपर्क करें - कंट्रोल रूम, बेमेतरा नंबर - 9479192013 (आपातकालीन सहायता हेतु), 108, 112 (एम्बुलेंस व पुलिस सहायता), नियमों का पालन करें, सुरक्षित यात्रा करें।

यातायात दुरूस्त करने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, मादक पदार्थों की रोकथाम, आबकारी एवं नए कानून के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट देने में विलंब नहीं होना चाहिए। समय-सीमा का पालन करते हुए प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए सात दिवस में यथाशीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को आसान बनाने के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में हुई मृत्यु तथा अन्य कारणों में हुई मृत्यु के संबंध में पोस्टमार्टम का कार्य निर्धारित समय-सीमा में करें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को मादक पदार्थों से दूर रखने के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशीले दवाईयों के विरूद्ध जागरूक करने के लिए बच्चों को संदेश देते हुए कार्य करना है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न स्थानों पर फ्लैक्स के माध्यम से संदेश देने के लिए कहा। उन्होंने शराब की अवैध रूप से ओव्हररेट पर शिकंजा कसने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्किंग एवं यातायात की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां पार्किंग किया जा सकता है। इसके साथ ही पार्किंग के लिए वर्तमान एवं भविष्य के दृष्टिगत स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए कार्य करना है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में 113 तीर्थयात्रियों को किया रवाना

खैरागढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के 113 तीर्थयात्रियों को तीर्थ दर्शन के लिए जिला कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तीर्थयात्री योजना के तहत शिरडी, नासिक और शनिसिंगनापूर मे विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगें। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह,जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल,भाजपाजिलाध्यक्ष डा बिशेसर साहू सहित विभिन्न अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के खैरागढ़ जनपद क्षेत्र से 44, छूईखदान जनपद क्षेत्र से 41, नगरपालिका खैरागढ़ से 14 छूईखदान नपं से 5 एवं गंडई नगरपंचायत से 9 कुल 113 तीर्थयात्री रवाना किए गए । संक्षिप्त कार्यक्रम को संबोधित करते जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान पंरपरागत रूप से प्रदेश भर के लोगो को निशुल्क तीर्थयात्रा कराने की योजना डा रमन सिंह द्वारा शुरू की गई थी। जो आज फिर से सरकार बनने के बाद मूर्तरूप ले पाई है। योजना का उददेश्य केवल इतना है कि अभाव मे तीर्थ तक नही पहुँच पाने वाले लोगो को सरकार तीर्थदर्शन करा लाभ प्रदान कर रही है । निजी बस से यात्रियों को राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन रवाना किया गया। जहाँ से सभी तीर्थयात्री 17 मई को तीर्थयात्रा कर वापस लौटेंगें। इस दौरान जिपं सभापति दिनेश वर्मा, घम्मन साहू, नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, गोरेलाल वर्मा, पार्षद रूपेन्द्र रजक, विकेश गुप्ता, विनय देवांगन जनपद के अधिकारी, नगरीय निकाय अधिकारी गण और तीर्थयात्रियो के परिजन मौजूद रहे।

हिंदू जागरण मंच के जिला कार्यकारिणी की बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। हिंदू जागरण मंच के जिला कार्यकारणी की आवश्यक बैठक दिनांक 13 मई मंगलवार को शाम 5 बजे महाराणा प्रताप भवन में रखी गई ।जिसमें जिला में बढ़ता हुआ अपराध गतिविधियों को पूर्ण रूपेण नियंत्रण,अवैध अप्रवासियों की खोज के लिए विशेष अभियान चलाने हेतु जिलाधीश के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को कार्यवाही के लिए सुनिश्चित करने मुलाकात करते हुए टास्क फोर्स गठन की अद्यतन जानकारी एवं जिले में महिला सुरक्षा , युवाओं में बढ़ती नशा पान ,नशीली पदार्थों की रात में खुली आम अवैध खरीदी बिक्री जोरो पर है ,किरायेदारों की विधिवत मकान मालिकों द्वारा जानकारी थाना को उपलब्ध कराते हुए सूचित करना, जिले की समाजिक गतिविधियो पर विशेष चर्चा कर युवाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा ,मातृ शक्तियों की मां बेटी सम्मेलन करते हुए समाज को सनातन संस्कृति की ओर मोड़ना, जिले के समस्त समाजिक संस्थाओं,धार्मिक संगठन,नगर के विभिन्न युवा संगठन को अपनी समाज की सुरक्षा निमित्त स्वजागरण की दिशा में आगे बढ़ाना , युवाओं के लिए रोजगार की नए अवसर की तलाश कर समाज निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाना ,भूमि की गतिविधियों पर चिंतन कर एवं समाज के अंदर अपनी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते युवाओं को संगठित कर समाज को जागरण करना ही हमारा उद्देश्य हो। जिले के अंदर संगठन एवं समाजिक स्तर की चुनौतियां पर चर्चा की गई ।उक्त अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर,प्रवीण साहू,जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद,सहसंयोजक डाकेश्वर साहू,प्रतीक सोनी,चित्रेश साहू,समाजिक प्रमुख आशीष शर्मा,जिला युवा तुषार साहू,आयाम सत्यम सिन्हा,हरिशंकर शांडिल्य, आर्थिक आयाम गौरव जैन, नगर युवा आयाम अमरदीप महाजन ,खंड युवा आयाम रविन्द्र बंजारे ,नगर संयोजक अमित सोना कैलाश बख्तानी, आयुष पात्र, कुरूद खंड संयोजक भीष्म साहू,गुलशन गर्ग गजानंद साहू, धमतरी खंड कमलनारायण साहू, ओम थवाईत , नगरी संयोजक खंड करण सेन,मीडिया प्रभारी हिमांशु चिराग ,डाकेश साहू , सूचना संपर्क देवेंद्र साहू,दिग्विजय सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन 20 तक आमंत्रित

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद बेमेतरा अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वार्ड क्रमांक 10, वार्ड क्रमांक 05 एवं वार्ड क्रमांक 07 की उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु पात्र संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम उत्कृष्ट

कवर्धा/नवप्रदेश। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अच्छे अंक प्राप्त किए हैं।

सभी विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह सफलता प्राप्त की है।

विद्यालय के निदेशक शिव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल , अभिषेक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल एवं विजय गुप्ता, विद्यालय के प्रिंसिपल ग्रेसिया फिग्रेड और शिक्षकगण सभी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

कक्षा 12 के टॉपर्स	कक्षा 10 के टॉपर्स:
मैमूना आलिया परवीन 91%	वंशिका चंद्रवंशी89%
गुलशन बानो 85%	पीयूष वर्मा 84%
हिमांशु नायक 82%	रागिनी महानंद 84%

नगर में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

■ पालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में क्षेत्रवासियों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में आज सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

इस समाधान शिविर में क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

यह शिविर शासन की जनहितकारी सोच और उत्तरदायी प्रशासन की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसके माध्यम से नागरिकों को सरल, पारदर्शी और सुलभ सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया गया। ÷संवाद से समाधान तक÷ की इस पहल ने आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त किया है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति मनीष मिश्रा, पार्षदगण श्रेणिक गोलछा, नंदू वैष्णव, सतीश साहू, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी और गेन्दू साहू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

इस शिविर में नागरिकों को आवश्यक योजनाओं की जानकारी दी गई तथा कई हितग्राहियों को तत्काल योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। इस प्रकार के आयोजन से नगर की जनता को अपने कार्यों के लिए भटकने की जरूरत नहीं पड़ती और वे स्वयं अपनी मांग और शिकायत का त्वरित निदान प्राप्त कर रहे है।समाधान शिविर विकास व जनसरोकारों की दिशा में एक सकारात्मक पहल सिद्ध हुआ।

लापरवाही न करें | कलेक्टर को ठेकेदार ने बताया पानी की समस्या, अब तक जितने बोर कराए हैं, उसमें नहीं मिल पाया पानी

भवन निर्माण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करें ठेकेदार : कलेक्टर कन्नौजे

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले के दो महत्वपूर्ण निर्माणाधीन भवन जिला चिकित्सालय और कलेक्टोरेट कंपोजिट भवन का कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौजे के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने दोनों निर्माणधीन भवनों के ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही और गुणवत्ताविहीन मटेरियल का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला अस्पताल भवन में ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर, आईपीडी, ऑक्सीजन प्लांट, पार्किंग, लैब, डॉक्टर कक्ष, दवा भंडार केंद्र, स्वास्थ्य मिशनरी, एक्सरे कक्ष आदि भारी भरकम निर्माणाधीन भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को ठेकेदार ने पानी की समस्या की जानकारी दी कि अब तक जितने बोर कराए हैं, उसमें पानी नहीं मिल पाया है। आसपास के निजी बोर वालों से पानी की व्यवस्था की जा रही है।

कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित सरपंच को निर्देशित किया कि, गौठान सहित अन्य सभी बोर से पानी सप्लाई की व्यवस्था करें। ठेकेदार ने कहा कि तेज गति से कार्य किया जा रहा है। वहीं ठेकेदार के द्वारा मजदूर की समस्या बताने पर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने स्थानीय और बाहरी दोनों प्रकार के मजदूरों को शामिल कर कार्य में तेजी लाने की बात कही।

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला कंपोजिट बिल्डिंग का निरीक्षण किया, जहां ठेकेदार ने एक साल में बिल्डिंग पूर्ण करने की जानकारी दी।

जिला कलेक्टर ने कार्य की प्रगति की बेहतर स्थिति को गुणवत्ता के साथ द्रुत गति प्रदान करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान आईएएस प्रखर चंद्राकर एसडीएम, इंद्रजीत बर्मन जिला पंचायत सीईओ, अनिकेत साहू डिप्टी कलेक्टर, डॉ एफ आर निराला सीएमएचओ, दीपक जायसवाल सिविल सर्जन, नंदलाल इज़रदार डीपीएम, विग्नेश कुमार एसडीओ लोक निर्माण विभाग, पटवारी, सरपंच, पंच एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जिला कंपोजिट भवन का निर्माण मार्च 2025 से शुरू हुआ, जिसे पूरा करने के लिए 18 माह का समय दिया गया है।

हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा महानदी संगम स्थल

नगरी/नवप्रदेश। बौध बैसाख पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को सैंकड़ो श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति मे महानदी की महाआरती हुआ। विदित हो कि संस्था के संस्थापक एवं संरक्षक महंत साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी जी एवं वेदरतन सेवा प्रकल्प राजिम कुंभ के मार्गदर्शन मे सप्त ऋषियों के पावन तपोस्थली जगतजननी मां शीतला के.पावन धरा श्री ठाकुर देव बाबा के आशीर्वाद से.श्री कर्णेश्वर महादेव के पावनधाम पतित पावनी चित्रोत्पला गंगा महानदी मैया के उद्गम एवं महर्षि बाल्मीकि आश्रम से प्रगटी बालका नदी के संगम पर प्रत्येक माह पूर्णिमा को विगत 13 वर्षो से महानदी की महाआरती की जाती है । इसी तारतम्य मे क्षेत्र की सुख शांति, आर्थिक संपन्नता, संस्कृति व प्रकृति संरक्षण के उद्देश्यों को लेकर बौध पूर्णिमा पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया है जिसमे सर्व प्रथम अंचल के प्रमुख अराध्य देवो की जयकारा व हर हर गंगे जय महानंदे ध्वनियोंसाथ विधिविधानपूर्वक किया गया।

गरियाबंद में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय की मांग तेज

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की दूरदर्शी शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम योजना ने राज्य में शिक्षा के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस योजना के तहत अब तक कई जिलों में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं, जहां विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की अंग्रेजी माध्यम शिक्षा नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

इन महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया है, जिससे स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ की नई पीढ़ी अब अंग्रेजी माध्यम से उच्च शिक्षा की ओर तेजी से अग्रसर हो रही है।

ऐसे में गरियाबंद जिला मुख्यालय में भी इस प्रकार के महाविद्यालय की स्थापना की

मांग लगातार उठ रही है। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अंग्रेजी माध्यम से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर रहे हैं, परंतु स्नातक स्तर की शिक्षा के लिए उन्हें अन्य जिलों की ओर पलायन करना पड़ता है।

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों का कहना है कि यदि गरियाबंद मुख्यालय में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय खोला जाए, तो विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा, बाहर पढ़ाई के लिए होने वाला आर्थिक बोझ कम होगा, मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी मिल सकेगी, और जिले में समग्र शैक्षणिक वातावरण और समृद्ध होगा।

यह पहल न केवल गरियाबंद जिले के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, बल्कि यह शासन की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को और सशक्त रूप में प्रस्तुत करेगी। नागरिकों को उम्मीद है कि शासन जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेगा।

छग राज्य बने 25 बरस हो गए पर मजदूर आज भी मजबूर- पप्पू अली

■ औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग की स्थिति मजदूर हित में शून्यता की ओर अग्रसर

सिमगा/नवप्रदेश। बहुजन आन्दोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने मिडिया से बात करते हुए बताया कि छग राज्य गठन के 25 वर्ष हो गए पर मजदूरों की दशा स्तिथि वहीं के वहीं है और अब इसको सह नहीं जाएगा राज्य के श्रमिकों / मजदूर का दुर्भाग्य है कि जिसकी भी सरकार बनी वह सिर्फ मजदूरों श्रमिकों को ठगने और उनको अनदेखी कर पूंजीपतियों के इशारे पर कार्य किया भाजपा सरकार ने श्रम कानून को इतना कमजोर कर दिया कि श्रम पदाधिकारी आज किसी प्रतिष्ठान में निरीक्षन नहीं कर सकते कारखाना एक्ट और औद्योगिक स्वास्थ्य

सुरक्षा विभाग की स्थिति मजदूर हित में शून्य की ओर अग्रसर है।

प्रदेश के औद्योगिक दुर्घटना बढ़ते जा रहा है श्रमिकों की स्तिथि आज भी 12/12 घंटा कार्य करने के बाद भी आधा रेट मजदूरी पा रहे है। श्रमिकों को न ही सेप्टी प्रदान किया जाता है। और तो और मजदूरों का पीएफ ईआईसीसी बीमा भी नहीं कराया जाता है। पर्यावरण अधिनियम श्रम अधिनियम एवं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिनियम का भी पालन नहीं किया जाता है। शासन की सौकड़ो योजना है पर श्रमिकों को इसके लाभ नहीं मिल रहा है।

नगरी के सार्वजनिक शौचालय होंगे स्वच्छ एवं सर्व सुविधायुक्त

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत के सार्वजनिक शौचालय होंगे स्वच्छ और सर्व सुविधा युक्त मरम्मत और रखरखाव के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने नगर पंचायत नगरी को दिए 17 लख रुपए जिसके अंतर्गत पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 14 सिहावा मेन रोड वार्ड नंबर 12 बस स्टैंड वार्ड क्रमांक 7 एवं बजरंग चौक के शौचालय होंगे रिपेयर मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सभापति अश्वनी निषाद शंकर देव पार्षद राजा पवार देवचरण ध्रुव अंबिका ध्रुव निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए एवं कार्य को पूरी गुणवत्तापूर्ण व सुंदर तरीके से करने का आदेशित भी किया अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि नगर के विकास के लिए जो जरूरी सुविधाएं हैं उसे मुहैया कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है यह शौचालय रिपेयरिंग होने से बस स्टैंड बजरंग चौक एवं अन्य जगह पर आने जाने व नगर वासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

एफसीआई गोदाम के मजदूर गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एफसीआई गोदाम में काम करने वाले मजदूर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गए हैं। उनका कहना है इन्हें समान वेतन नहीं मिल रहा है जिसके कारण को हड़ताल में चले गए हैं टोटल 16 गैंग हैं। जिसमें से चार गैंग हड़ताल में चले गए हैं इनका कहना बराबर पेमेंट नहीं दिया जा रहा है लगभग 300 मजदूर काम करते हैं उनमें से 100 हड़ताल में चले गए हैं। इनका कहना जब तक उनकी मां की पूरी होगी तब तक वह हड़ताल में बैठे रहेंगे।

आवास योजनाएं और पात्रता का संकट सर्वे सूची की पारदर्शिता पर सवाल

जीवन साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। देश के हर नागरिक को छत प्रदान करने का संकल्प लेकर चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य आवासीय योजनाएं ग्रामीण और शहरी भारत के लिए आशा की किरण हैं। ये योजनाएं केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जाती हैं। परंतु, वर्तमान में इन योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी अनियमितताओं की खबरें विभिन्न क्षेत्रों से सामने आ रही हैं।

बिना जांच के बांट दिए गए लाभ

विभिन्न जिलों और ग्राम पंचायतों से यह रिपोर्ट मिल रही है कि अधिकारियों द्वारा की गई सर्वे सूची में अपात्र लोगों को शामिल कर लिया गया है। जबकि वास्तविक रूप से ज़रूरतमंद गरीब, दलित, आदिवासी, विधवा या विकलांग नागरिक आज भी सूची से बाहर हैं। अनेक लाभार्थी ऐसे पाए गए हैं जिनके पास पहले से पक्का मकान या अन्य संपत्ति उपलब्ध है, फिर भी उन्हें योजना का लाभ मिल गया।

यह स्थिति स्थानीय प्रशासन की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में खास तौर पर पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से सूची तैयार करने की शिकायतें बढ़ रही हैं। जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता के आरोप भी सामने आए हैं, जिनसे लगता है कि योजनाएं जरूरतमंदों की बजाय वोट बैंक के रूप में बांटी जा रही हैं।

क्या यही है 'सबका साथ, सबका विकास' : प्रधानमंत्री का नारा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' तब खोखला प्रतीत होता है, जब समाज का वंचित तबका अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। जब किसी विधवा महिला का नाम सूची में नहीं आता, जबकि गांव के सरपंच का रिश्तेदार दूसरा मकान पाने में सफल हो जाता है, तब यह लोकतंत्र की नींव पर आघात जैसा लगता है।

समाधान की ओर कदम

इस विकट स्थिति में आवश्यक है कि सर्वे प्रक्रिया को तकनीकी रूप से सशक्त किया जाए, जिसमें भू-अभिलेख, आधार लिंकिंग और जियो टैगिंग अनिवार्य हो। स्थानीय सामाजिक प्रतिनिधियों एवं गैर-सरकारी संगठनों को निगरानी समिति में शामिल किया जाए। पूर्व में जारी सभी सूची की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए, और दोषियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। हर ग्राम/वार्ड स्तर पर सार्वजनिक रूप से सूची का प्रदर्शन हो, ताकि जनता स्वयं देख सके कि कौन पात्र है और कौन नहीं।

निष्कर्ष

आवास योजनाएं केवल सरकारी मदद नहीं, यह सम्मान, स्थायित्व और आत्मनिर्भरता की नींव हैं। यदि इन योजनाओं में पारदर्शिता और न्याय की भावना न हो, तो सामाजिक असमानता और असंतोष को बढ़ावा मिलेगा। अतः यह समय है, जब सरकार और समाज मिलकर सच्चे पात्रों को उनका हक दिलाएं, और योजनाओं की गरिमा बनाए रखें।

डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से ही खुलेगा उत्तर जोन विद्युत कार्यालय

■ वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने जताया विधानसभा अध्यक्ष पर पूरा भरोसा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर में पश्चिमी जोन और पूर्व जोन के अलावा उत्तर जोन बिजली ऑफिस खुलने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है इसके साथ ही पूर्व और पश्चिमी जोन में हमले की कमी दूर किया जाना भी आवश्यक है, यह बात कहते हुए नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा ने क्षेत्रीय विधायक पूर्व, पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से नगर सहित जिले का सर्वांगीण विकास हुआ है। इसी कड़ी में 5 साल तक कांग्रेस की सत्ता रहने के दौरान बहुत से विकास निर्माण कार्य थम गए थे और बहुत से निर्माण कार्य पूरी भी नहीं हो पाई। अब डॉ. रमन सिंह की विधानसभा अध्यक्ष बने व छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव

साय नीत भाजपा सरकार आने से शहर व जिला में विकास कार्यों में फिर से तेजी आई है। वर्मा ने आगे कहा कि रेलवे पटरी के उत्तर दिशा में सहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लिए उत्तर जोन बिजली ऑफिस की आवश्यकता बहुत लंबे समय से महसूस की जा रही है, लोगों ने मांग भी उठाई थी। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से उत्तर जोन बिजली कार्यालय खोले जाने की भी माग बहुत जल्द पूरी हो जाएगी। साथ ही पूरब और पश्चिम दोनों जोन बिजली ऑफिस में स्टॉफ की कमी भी दूर हो जाएगी।

गडरिया ढेंगर समाज के महासभा का आयोजन 17 मई को

खैरागढ़/नवप्रदेश। गडरिया ढेंगर समाज, का जिला स्तरीय महासभा का आयोजन जिले के उदयपुर में 17 मई को, शाम 4 बजे से होगा । समाज के वरिष्ठ सदस्य नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ,अध्यक्षता, कुंभ लाल धनकर जिला अध्यक्ष करेंगे। महासभा का उद्देश्य सेक्टर जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक समाज को मजबूत करना समाज के वरिष्ठजनों , प्रतिभावान छात्र - छात्राओं का सम्मान करना है। कार्यक्रम की तैयारी में पदाधिकारी रुकुम पाल, छगन धनकर, सुरेश धनकर, योगेश्वर धनकर, दूजे रामपाल, दरमपाल, धनीराम पाल, सोहन पाल, चैन पाल, लक्ष्मण पाल, भुवनेश्वर पाल गोलू पाल, रमेश पाल, महेंद्र पाल जुटे हुए हैं।

ड्रग इंस्पेक्टर निकिता को दी गई विदाई

धमतरी/नवप्रदेश। जिला औषधि विक्रेता संघ धमतरी में ड्रग इंस्पेक्टर के रूप 2015 से 2025 तक पदस्थ रहे श्रीमती निकिता श्रीवास्तव के स्थानांतहृण होने पर डीसीडीए द्वारा विदाई कार्यक्रम रखा गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जिसमें जिले के एडीसी संजय राजपूत ड्रग इंस्पेक्टर संदीप सूर्यवंशी सुमित देवांगन लोकेश साहू एवं संघ के अध्यक्ष राजेश साहू सचिव संतराम वासानी कोषाध्यक्ष नीरज किरण संरक्षक मनीष चंद्राकर संयोजक तेजपाल जैन बलराज खंडेलवाल गोविंद गांधी दिनेश डे दिपेश मेहता दीनू पंजवानी नीरज नाहर गोविंद गांधी इंदु हिंदूजा अशोक दुबानी प्रकाश वासानी पुरुषोत्तम वासानी गजेंद्र साहू बिट्टू जसूजा मनीष साहू संजय मुंजवानी विजय जसूजा आशीष जैन विपुल महावर भावेश बाजपेई विक्की रामराखियानी लक्ष्मण लालवानी रेवती रमण तिवारी उत्तम सिंहा मनीष नाहर एवं जिले के सभी जोन से उपस्थित नगरी जोन के अध्यक्ष रिखभ जैन प्रदीप जैन तोरण साहू ज्ञानचंद जैन रुद्री ग्रामीन जोन के अध्यक्ष राकेश साहू रोशन साहू रूपेंद्र साहू मनोज साहू नागेंद्र साहू डॉक्टर दिनेश साहू कुरूद जोन के अध्यक्ष नवीन साहू लालचंद बजाज अशोक शर्मा भखारा जोन के अध्यक्ष घना साहू राम साहू विवेक साहू रावा उप जोन के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र केसरवानी डॉक्टर तिलक राम गजेंद्र डॉक्टर टिकेश्वर सिंहा हरीश साहू निक्की यादव कैलाश साहू आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

शहर में बढ़ती कबाड़ दुकानों की मनमानी को लेकर सीएसपी को सौंपा ज्ञापन

■ कांग्रेस नेता अभिमन्यु मिश्रा ने कहा-चोरी के माल खपाने व अतिक्रमण की लगातार शिकायत कर रहे लोग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर में कबाड़ दुकानों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है इसी बीच लगातार शहर में चोरियां भी बढ़ती जा रही हैं। गाड़ियों की चोरी बढ़ गई हैं। अब तो मंदिर भी सुरक्षित नहीं हैं वहां भी लगातार चोरियां हो रही हैं इन सभी मुद्दों को ले कर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने सीएसपी पुष्पेंद्र नायक को ज्ञापन दिया है। उन्हें मामले से अवगत कराते हुए बताया कि शहर में बिना किसी हिसाब बिना किसी लेन देन की रसीद के लाखों का अवैध कारोबार कबाड़ दुकानों की आड़ में चल रहा है, शहर में चोरियां लगातार बढ़ रही हैं उसका माल भी इन्हीं दुकानों में खपने की लगातार शिकायतें लोगों की आ रही हैं। इसके अलावा कई दुकानों ने रोड तक अतिक्रमण कर रखा है कांच की बोतलों से ले कर कबाड़ तक रोड तक बिखरा रहता है। कटाई पिटाई सरकारी रोड तक चलता रहता है यह भी चिंतनीय विषय है जिससे दुर्घटना भी हो सकती है। सिर्फ गाड़ी और मंदिर ही नहीं शासकीय निर्माणों में उपयोग हुए लोहे की रेलिंग इत्यादि भी चोरी हो रहे हैं चाहे कार हो चाहे बाइक या चोरी का लोहा सब ठिकाने लगा दिया जाता है। साथ ही काट पीट कर किसी भी सामान को कबाड़ में तब्दील कर दिया जाता है।

इन सभी समस्याओं पर उन्होंने मुख्य जगहों को चिन्हांकित कर जैसे चिखली, लखोली, नंदई बसंतपुर, ममता नगर, केशर नगर इत्यादि नाम सहित ज्ञापन के माध्यम से सीएसपी महोदय से भेंट कर उचित कार्यवाही की मांग की है ।

ऑडिटोरियम में अभद्र स्टैंडअप कॉमेडी, बजरंग दल ने कराया बंद

■ संस्कृति के विरुद्ध कार्यक्रम किसी भी हालत में नहीं होने देंगे : बजरंग दल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के ऑडिटोरियम में प्रणव शर्मा नामक कॉमेडियन का शो आयोजित किया गया। जहां जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा ने बताया कि प्रणव शर्मा बाहर से आया हुआ कॉमेडियन हैं, जिसके शो में अभद्रता एवं गालियों से कॉमेडी की सूचना विभाग सहसयोजक सुनील सेन जी ने दूरभाष से दिया पश्चात आयोजन के पूर्व ही विहिप बजरंगदल द्वारा आयोजकों को शो में अभद्रता एवं गालियों से दूर रख साफ सुथरा आयोजन कराने की समझाइश दी गई। परंतु शो शुरू होने के कुछ देर बाद कॉमेडियन अपनी अभद्रता एवं गालीओ से कॉमेडी सीन को बताने लगा सूचना मिलते ही तत्काल बजरंगदल की टीम मौके पर पहुंच कार्यक्रम को बंद कराया,

पूर्व में आयोजकों को समझाइश के बाद भी इसे कृत्य किया जाना असहनीय है। नगर संयोजक प्रिंस प्रशान्त ने बताया कि शहर में संस्कृति विरुद्ध कार्यक्रम यदि हुए तो बजरंग दल इसका खुले तौर पर विरोध करता है, संगठन ने थाने में इस आयोजन के खिलाफ शिकायत भी की है।

राजनांदगांव संस्कारधानी जाना जाता है। जिसमें संस्कारविहीन कार्यक्रम का संचालन होना पूरी तरह से गलत है। उक्त स्थान पर विहिप जिला समरसता प्रमुख बाबा जी मेश्राम,बजरंग दल जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, संतोष तुरहाटे,नगर संयोजक प्रिंस हाथीबेड सहित नगर सुरक्षा प्रमुख अभिषेक शर्मा,सनमय श्रीवास्तव,भावेश निर्मलकर, प्रवीण शर्मा, राहुल ताम्रकार, जैकी सोनकर, अनुज गवरे, शुभम नाविक, दिव्यांश साहू, वेदांश शर्मा, हद्युदय,सत्यम जायसवाल, संकल्प श्रीवास्तव, अभिषेक गिरीपुंजे, भावेश साहू, प्रणय मुल्लेवर, शानू वर्मा, प्रतीक गड़ेवाल सहित संगठन के सैकड़ों बजरंगी उपस्थित रहे।

गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी का परीक्षा फल शत-प्रतिशत

धमतरी/नवप्रदेश। गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी जिला धमतरी छत्तीसगढ़ का कक्षा आठवी एवं कक्षा पांचवी का केंद्रीय कृत परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत आया है। जिसमें कक्षा आठवीं से कुमारी आरूती पिता गुलाब राम ने 87.8 3 प्रतिशत प्राप्तांकों से कक्षा में प्रथम स्थान,कुमारी साक्षी पिता कुलेश्वर गजेंद्र ने 87.17 प्रतिशत प्राप्तांकों से कक्षा में द्वितीय स्थान एवं कुमारी मंजीता पिता धनराज साहू ने 86.17 प्रतिशत प्राप्तांगों से तृतीय स्थान अर्जित किया है। इसी प्रकार कक्षा पांचवी से कुमारी निधि यादव पिता हेमंत यादव ने 91.50 प्रतिशत प्राप्तांकों से कक्षा में प्रथम स्थान ,डायमंड यादव पिता मुकेश यादव ने 88 प्रतिशत प्राप्तांकों से एवं मयंक सिन्हा पिता टीकाराम सिन्हा ने 88 प्रतिशत प्राप्तांकों से दोनों छात्र कक्षा में द्वितीय स्थान एवं लक्ष्य दास मानिकपुरी पिता हेमंत मानिकपुरी ने 87.50 प्रतिशत प्राप्त अंकों से कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फल के लिए संस्था के संचालक विनोद पांडेय ने बधाई प्रेषित किया है। साथ ही विद्यालय के प्रधान पाठक जीवन लाल ढीढी , शिक्षकगण भारत लाल साहू, झामीन साहू, डिलेश्वरी साहू, हेम बाई सिन्हा, गीतांजलि साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, केसर सिन्हा, खोमेश्वरी साहू, लीना साहू, गुणिता साहू सभी ने उत्कृष्ट परीक्षा फल हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। सत प्रतिशत परीक्षा फल से छात्रों एवं पालकों में हर्ष व्याप्त है।

शिक्षा विभाग के कर्मी प्रवीण सिंह राजपूत निलंबित

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रवीण सिंह राजपूत सहायक ग्रेड-02 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा अपने माता रचना राजपूत (पति दवन सिंह राजपूत) के नाम से अन्त्योदय कार्ड बनवाकर अपनी पुत्री कु. शैलश्री सिंह को शिक्षा सत्र 2024-25 में एलन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा में एवं सत्र 2025-26 में आवेदन क्रमांक RTE 202500823153 के माध्यम से एकेडमिक वर्ल्ड पब्लिक स्कूल लोलेसरा में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम (ऋक्षश्व) के तहत प्रवेश दिलाया गया है। उल्लेखनीय राजपूत स्वयं शासकीय सेवक (सहायक ग्रेड-02) के पद पर पदस्थ हैं और अन्त्योदय कार्ड का लाभ प्राप्त करना तथा RTE अधिनियम के अंतर्गत प्रवेश दिलाना नियमों के प्रतिकूल है।

प्रवीण सिंह राजपूत का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1), (2) एवं (3) का स्पष्ट उल्लंघन है, अतः उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

शिकायत पत्र एवं संलग्न दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत यह कार्रवाई की गयी। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ निर्धारित किया जाता है।

समीक्षा | विधाययक ने अधिकारियों को तय समय पर काम पूरा करने दिए निर्देश

भावना बोहरा ने की नपा एवं जपं पंडरिया और नपं पांडातराई के विकास कार्यों की समीक्षा

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार नगर पालिका एवं पंचायत स्तर पर हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जा रही है। आज जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र,विधायक कार्यालय पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने नगर पालिका पंडरिया एवं जनपद पंचायत पंडरिया तथा नगर पंचायत पांडातराई की संयुक्त समीक्षा बैठक विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कीं। साथ ही विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में पूरा करने तथा जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और जनता को उसका लाभ समय पर दिलाने एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में विधायक भावना बोहरा ने नगर में अवैध रूप से अतिक्रमण एवं जमीन पर किये गए कब्जों को प्राथमिकता से हटाए जाने,हरिनाला पुल निर्माण और सड़क निर्माण कार्य की प्रगति और उसमें तेजी लाने, अटल चौक निर्माण कार्य, बाईपास निर्माण तथा नगर व जनपद पंचायत अंतर्गत हो रहे सभी सड़कों के निर्माण कार्य की प्रगति व वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी ली। सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही नए सब्जी मंडी में विस्थापना, जनपद पंचायत मद के अंतर्गत जमीन, शहर में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने, तालाबों का गहरीकरण व

सौन्दर्यीकरण, गांधी चौक स्थित ट्रांसफर्मर के विस्थापना के संबंध में चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने गर्मी को देखते हुए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति और बिजली आपूर्ति के प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का भी जायजा लिया एवं जनता को बिजली व पानी को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने की बात अधिकारियों को कही। वहीं नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत धरसा में हुए अतिक्रमण को हटाने, पानी टंकी निर्माण कार्य की जांच करने, विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति और पेयजल एवं बिजली आपूर्ति, नगर के प्रमुख चौक-चौराहों के सौन्दर्यीकरण, तालाबों के गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण जैसे विभिन्न और निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति से अवगत हुईं। विधायक भावना बोहरा ने बताया कि पंडरिया नगर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, लगभग डेढ़ वर्षों में पंडरिया नगर के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली है।

वर्षों से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल निर्माण के लिए 76 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है और निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंडरिया नगर को विकसित एवं समृद्ध बनाने के लिए लगातार अधोसंरचना निर्माण, सड़कों का निर्माण,सड़क,बिजली,पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। अधोसंरचना मद के तहत पंडरिया नगर में कुल 3 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक के कार्यों को स्वीकृति मिली है, बजट 2025-26 में 16 करोड़ 63 लाख रुपए के विकास कार्यों को माननीय मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है।

गजब! ठग और दलाल ने सवा करोड़ में बेची दी घास भूमि

- **पुलिस की ऐसी भर्राशाही की, पीड़ित की शिकायत पर नहीं की कार्रवाई**
- **अब न्याय मांगने पीड़ित खा रहा दर-दर की ठोकर**

रायपुर /नवप्रदेश। घास जमीन को 1 करोड़ 15 लाख में बेचने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित डॉक्टर विकास देवांगन ने पुलिस से शिकायत की मगर कार्रवाई नहीं होने पर अब मामले की शिकायत सीएसपी और एसएसपी से की गई है।

डॉक्टर के मुताबिक धोखाघड़ी पाण्डेय परिवार और दलाल ने किया है। शिकायत पत्र में डॉक्टर ने बताया कि भूमि दलाल ललित जैन एवं कैलाश प्रधान का मेरे क्लीनिक में आना जाना व उठना बैठना होता था, उस वक्त मैं भूमि / मकान क्रय करने की इच्छुक था। तभी ललित जैन एवं कैलाश प्रधान ने एक भूमि / जमीन जो कि वाके मौजा- मकान नंबर 07, काली मंदिर चौक, भाटापारा, देवपुरी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को मुन्नी पाण्डेय पति रामनिधि पाण्डेय पता - मकान नंबर 7, काली मंदिर चौक, भाटापारा, देवपुरी, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की 27500 वर्गफिट भूमि जिसमें पूरे रकबे पर बाउंड्रीवाल किया हुआ एवं 5000 वर्गफिट पर मकान निर्मित था। होना बताते हुए मुझे उपरोक्त भूमि / मकान को दिखाया गया। मेरे द्वारा उपरोक्त भूमि / मकान को देखने के पश्चात मैने उसे क्रय किए जाने एवं उसके

मालिक से मिलवाने की बात कहा था। तब अप्रैल

2024 में भूमि दलाल ललित जैन एवं कैलाश प्रधान ने मुझे श्रीमती मुन्नी बाई पाण्डेय से मिलवाया था, मुन्नी बाई पाण्डेय ने उपरोक्त उल्लेखित भूमि को स्वयं के स्वामित्व एवं आधिपत्य का होना बताते हुए उपरोक्त वर्णित भूमि को मुझसे एकमुश्त रकम 11500000/- अक्षरी एक करोड़ पन्द्रह लाख रूपये में विक्रय किये जाने की बात कहीं गयी, जिस पर मैं सहमत हो गया, तत्पश्चात मेरे एवं मुन्नी बाई पाण्डेय के मध्य एक विक्रय इकरारनामा दो गवाहों के समक्ष 08/05/2025 को 50/- रू. के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर संपादित व निष्पादित हुआ था।

कई किश्तों में इतने रुपए का किया भुगतान

विक्रय इकरारनामा दिनांक को ही मेरे द्वारा मुन्नी बाई पाण्डेय को रकम 400000/- अक्षरी चार लाख रूपये नगद प्रदान किया गया, मुन्नी पाण्डेय को भिन्न भिन्न तारीखों में दिनांक 21/05/2024 को रकम 700000/- अक्षरी सात लाख रूपये, दिनांक 06/06/2024को रकम 500000/- अक्षरी पांच लाख रुपये, दिनांक 11/06/2024 को रकम 20,00,000/- अक्षरी बीस लाख रूपये, दिनांक 22/06/2024 को रकम 50,00,000/- अक्षरी पचास लाख रूपये, दिनांक 05/07/2024 को रकम 14,00,000/- अक्षरी चौदह लाख रूपये, 13/07/2024 को रकम 500000 /- अक्षरी पांच लाख रूपये एवं रकम 10,00,000/- अक्षरी दस लाख रूपये, चेक जो कि बैंक कोटक महिन्द्रा बैंक, रायपुर दिनांक 10/07/2024 का है, के माध्यम से कुल रकम 1,15,00,000/- अक्षरी एक करोड़ पन्द्रह लाख रूपये प्रदान किया गया। जिसकी प्राप्ति की अभिस्वीकृति विक्रय इकरारनामा के पृष्ठ भाग में उल्लेखित है। जिस पर मुन्नी पाण्डेय एवं उसके पुत्र बलभद्र पाण्डेय एवं आर्यन पाण्डेय का रकम प्राप्ति के रूप में हस्ताक्षर है व इसके अतिरिक्त दलाल ललित जैन एवं कैलाश प्रधान को दलाली के रूप में रकम 200000/- अक्षरी दो लाख रूपये भी प्रदान किया गया है।रकम 1,15,00,000/- अक्षरी एक करोड़ पन्द्रह लाख रूपये प्राप्त करने के उपरांत मुन्नी बाई पाण्डेय के द्वारा एक मलमा बिकीनामा 50/- रू. के नानज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर दो गवाह क्रमशः बलभद पाण्डेय एवं आर्यन पाण्डेय जो कि मुन्नी बाई पाण्डेय के रिश्ते पुत्र एवं नाति है, के हस्ताक्षर हैं, जो कि उपरोक्त संपूर्ण लेन देन में सम्मिलित रहा है एवं उनके द्वारा रकम की प्राप्ति की गयी है। चौकीदार को बताया जमीन मालिक

चौकीदार लालसिंह यादव पिता अमरू यादव जो कि शिव चौक, लालपुर, रायपुर छ. ग. में रहता था, जो कि पूर्व परिचित थे, मासिक वेतन 10,000/- रु. में चौकीदार के रूप में नियुक्त किया था। चौकीदार रखने के पश्चात लगभग 20 दिनों के बाद अनावेदक मनोज त्रिवेदी उक्त भूमि / मकान पर आया और उन्होंने चौकीदार को मुन्नी पाण्डेय का वारिसान होना बताते हुए उक्त भूमि को उनके पिताजी के स्वामित्व एवं आधिपत्य का होना बताया। मुन्नी पाण्डेय टाल-मटोल व हीला हवाला करने लगी। जब कब्जा नहीं दिलाये जाने पर मुन्नी पाण्डेय को प्रदान की गयी रकम की मांग किये जाने पर मुन्नी पाण्डेय ने रकम 14,50,000/- अक्षरी चौदह लाख पचास हजार रूपये छोटे साले योगेन्द्र देवांगन को आनलाईन के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रदान किया एवं रकम 14,00,000/- रू. की एक भूमि जो कि कमल विहार, रायपुर छ.ग. में स्थित था, को साले योगेन्द्र देवांगन के नाम पर किया। इस प्रकार मुन्नी पाण्डेय के द्वारा रकम 28,50,000/- अक्षरी अठाईस लाख पचास हजार रूपये वापस किया, किंतु शेष राशि आज दिनांक तक मुझे वापस नहीं की है।

हल्का पटवारी ने बताया घास भूमि

हल्का पटवारी से मिलकर उस जमीन को घास होना बताया रायपुर टिकरापारा सीएसपी देवांगन ने कहा, शिकायत मिली है जांच चल रही है, यदि धोखाधड़ी हुआ होगा तो एफआईआर कर कार्रवाई होगी इस संबंध में टीआई टिकरापारा से संपर्क करने की कोशिश की गई उनसे बात नहीं हो पाई।

10वीं-12वीं के परिणाम में कर्मा विद्या मंदिर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

रायपुर /नवप्रदेश। कर्मा विद्या मंदिर के बच्चों ने सीजी के 10वीं 12वीं के परिणाम में शानदार पर प्रदर्शन किया और स्कूल का नाम रोशन किया। इनके सब प्रतिशत प्रदर्शन से शाला परिवार का मस्त गर्व से ऊंचा हो गया है। विगत दिनों छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं 12वीं का परिणाम घोषित किया जिसमें कर्म विद्या मंदिर फाफाडीह के बच्चों ने शत प्रतिशत प्रदर्शन करते हुए पालकों तथा शाला प्रबंधन अपने आप को गौरवानित महसूस कर रहा है। उनके प्रदर्शन से ही पता चलता है की कर्म विद्या मंदिर की पढ़ाई बहुत उच्च स्तर की है।

सीजी बोर्ड के परिणाम में 10 वीं मे गगन साहू 89.66त्न, भावना नाग 89.66त्न, रिया यादव 87.16त्न, टीना ध्रुव 85.5त्न, गीतिका महानंद 85.16त्न, दुशिता साहू 84.5त्न ने प्राप्त किया। वही 12 वी मे कामर्स संकाय मे रिंकी धीवर ने 74.4त्न, मंगल निषाद 73.4त्न, दुर्गेश्वरी साहू ने 71त्न प्राप्त हुए। इनकी सफलता मे शाला समिति के समिति के संरक्षक और आरडीए के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, समिति के उपाध्यक्ष काशीराम साहू, सचिव पुनित राम साहू, कोषाध्यक्ष बलराम साहू, सदस्य शंकर साहू, यशवंत साहू, पवन साहू तथा प्राचार्य श्री मति बी भारती तथा समस्त शिक्षक गण ने बच्चों की तारीफकी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

करेंगुट्टा में ऐतिहासिक अभियान के बाद मुख्यमंत्री साय की रणनीतिक यात्रा

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के करेंगुट्टा की पहाड़ियों में हाल ही में हुए सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान ने उग्रवाद की जड़ों को झकझोर दिया है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया, जिनमें संगठन के शीर्ष स्तर के ACM और DVCM जैसे वरिष्ठ कैडर भी शामिल थे। यह कार्रवाई नक्सल आंदोलन के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है।

इस महत्वपूर्ण सफलता के बाद अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद मोर्चा संभालने जा रहे हैं। वे आज बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा पर स्थित गलगम के सीआरपीएफ कैंप पहुंचे। वहां वे जांबाज़ सुरक्षाबलों से मुलाकात करेंगे, उनका उत्साह बढ़ाएंगे और आगे की रणनीति पर भी गहन चर्चा करेंगे।

करेंगुट्टा, जिसे अब तक नक्सलियों का अभेद्य गढ़ माना जाता था, वहां 450 से ज्यादा आईईडी डिफ्यूज किए गए हैं। सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में

हथियार भी बरामद हुए हैं, जिनमें पहली बार नक्सलियों द्वारा तैयार की गई दो मेगा स्नाइपर राइफलें भी शामिल हैं। यह सब संकेत देते हैं कि नक्सली दबाव में हैं और उनका नेटवर्क तेजी से कमजोर हो रहा है।

मुख्यमंत्री की इस यात्रा का उद्देश्य केवल सैनिक जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे स्थायी शांति और विकास में बदलने का भी है। शाम को बीजापुर में वे एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें सुरक्षा अभियानों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, संचार और युवाओं के रोजगार से जुड़े विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा होगी।

राज्य सरकार नक्सलवाद से निपटने के लिए दोहरी रणनीति पर काम कर रही है—एक ओर जहां कड़ी सुरक्षा कार्रवाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर बस्तर जैसे संवेदनशील इलाकों में तेज़ी से विकास योजनाएं लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री की यह यात्रा आने वाले समय में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है।

संघर्ष विराम को लेकर मध्यस्थता करने से ट्रम्प के पलटने पर कांग्रेस नेता अपने बयानों पर शर्म महसूस कर बिना शर्त माफी मांगें : देवलाल

प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने भारतीय प्रधानमंत्री और सेना पर सवाल उठाने पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला, कहा : कांग्रेस देश विरोधी मानसिकता का परिचय दे रहीरायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने भारत-पाक संघर्ष विराम को लेकर मध्यस्थता करने संबंधी अपने बयान से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पलट जाने पर कांग्रेस नेताओं को अपने बयानों पर शर्म महसूस करने और बिना शर्त माफी मांगने कहा है। श्री ठाकुर ने पूर्व में ट्रम्प द्वारा किए गए ट्वीट को लेकर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना पर सवाल उठाने पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि अब जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपने बयान से पलट गए हैं और कह रहे हैं कि युद्ध में मैंने मध्यस्थता नहीं करवाई, तब उन तमाम कांग्रेसियों का, जो इतने दिन से तमाशा कर रहे थे, क्या होगा?भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेसी पूछ रहे थे कि अमेरिका की बात मानें या भारत की? उन्हें यह सवाल करते जरा भी शर्म नहीं आई थी।

हजरत सैय्यद चांद शाह वली का सालाना उर्स मुबारक 16 मई से

रायपुर /नवप्रदेश। हजरत सैय्यद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार नलघर चौक छोटापारा नाके वाले बाबा का सालाना उर्स पाक हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही शानो शौकत से मनाया जाएगा। 16 मई से 18 मई तक तीन दिनों तक चलने वाले उर्स को लेकर उर्स कमिटी ने काफी तैयारियां की है। दरगाह के खादिम जनाब शेख रहीम भाई , जनाब शेख शमीम भाई और निजाम भाई ने बताया है कि 16 मई जुमा को बाद नमाज जोहर शाही संदल चादर निकाला जाएगा । जो शहर का गश्त करने के बाद मजार पहुंचेगा। जहां असर की नमाज के बाद चादर पोशी की रस्म अदा की जाएगी।

दुआ खैर के बाद तबर्रुक तकसीम किया जाएगा । इसी दिन रात को ईशा की नमाज के बाद उलमाओं की तकरीर होगी ।दूसरे दिन 17 मई को मगरीब की नमाज के बाद दरबारी कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे । इसी तरह 18 मई को सुबह 10 बजे कुल शरीफ की फातिहा होगी । उसके बाद आम लंगर का एहतमाम किया जाएगा। उर्स पाक के दौरान तकरीर और नात शरीफ के कार्यक्रम होंगे ।खादिमें आस्ताना और अराकीने उर्स कमिटी ने जायरीनों से उर्स पाक में शामिल होने की अपील की है ।

बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आवंटन के लिए राज्य शासन ने कलेक्टरों को लिखा पत्र

रायपुर /नवप्रदेश। राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आवंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी परिपत्र में विगत 17 अप्रैल को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मंत्रिपरिषद के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज (स्द्गड्डह्यद्ग) दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये ज ा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर के मान से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है।

प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम, लोक माता अहिल्या बाई की स्मृतियों से समाज जुड़ेगा : भाजपा

रायपुर /नवप्रदेश। पूर्व नेता प्रतिपक्ष व अहिल्या बाई होल्कर स्मृति आयोजन समिति के प्रमुख नारायण चंदेल ने कहा कि लोक माता अहिल्याबाई होल्कर का समग्र जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा है, उनके जीवन प्रेरक प्रसंगों को समाज के हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाना इस आयोजन का लक्ष्य है। इसी निमित्त पूरे प्रदेश में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।भाजपा छत्तीसगढ़ द्वारा पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर 16 से 31 मई तक प्रदेशव्यापी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान राज्यभर में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला संपन्न होगी।

कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार है :

- 16-18 मई: जिला मुख्यालयों में कार्यशालाएँ
- 21-22 मई: जिला मुख्यालयों में प्रदर्शनी
- 23-24 मई: सभी मंडलों में मंदिरों की सफाई
- 25-26 मई: महाविद्यालयों में परिचर्चा एवं गोष्ठियाँ
- 26-27 मई: मंडलों में विचार गोष्ठियाँ
- 28-31 मई: जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों, नगरपालिकाओं और जिला मुख्यालयों में गोष्ठी एवं महिला सम्मान समारोह

वित्त मंत्री का भूपेश पर बड़ा पलटवार

- **मंत्री चौधरी ने कहा - हीनता बोध से ग्रस्त हुए भूपेश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की जीत को नहीं पचा पा रहे**

रायपुर । 15 मई 7 तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बयान को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया में पोस्ट किया जिसे कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने आड़े हाथों लिया है। मंत्री श्री चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को हीनता बोध से ग्रस्त बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की जीत को नहीं पचा पा रहे हैं।

आयोजन शब्द का समझाया अर्थ -मंत्री चौधरी जी ने आयोजन शब्द को लेकर कहा कि 'नागरी प्रचारिणी सभा' के शब्दकोष में 'आयोजन' का अर्थ है - 'किसी कार्य या गतिविधि को सुनियोजित और व्यवस्थित ढंग से करने की प्रक्रिया।' इसमें योजना बनाना, संसाधनों का प्रबंधन और कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करना शामिल है। **सैनिकों के शौर्य पर नहीं करना चाहिए सवाल** - मंत्री चौधरी-कैबिनेट मंत्री श्री चौधरी ने आगे लिखा कि क्या कांग्रेस नेता यह कहना चाहते हैं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत चला अभियान सुनियोजित नहीं था या अव्यवस्थित था? या सेना ने योजना सही नहीं बनायी थी, कि संसाधनों का प्रबंधन सेना ने सही नहीं किया? कभी सर्जिकल स्ट्राइक का इसी तरह मजाक बनाते हुए भूपेशजी ने यह कहा था कि 'वहां केवल कौए मरे हैं।' जनता ने उस भद्दे मजाक का माकूल जवाब भी दे दिया उन्हें। हमारे सैनिकों के शौर्य पर सवाल खड़ा करते रहने की परिपाटी बंद

गजानंद एप से ऑनलाईन सट्टा संचालन पिता-पुत्र गिरफ्तार

रायपुर /नवप्रदेश। गजानंद एप के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा का संचालन करने वाले पिता-पुत्र नंदलाल लालवानी उर्फ नंदू तथा गोविंद लालवानी को पुलिस ने तिल्दा-नेवरा से गिरफ्तार किया है। तथा उनके कब्जे से 07 नग मोबाईल फोन, 60 हजार रूपये नगद तथा 600 से अधिक बैंक खातो में लेन-देन का हिसाब बरामद किया है। पुलिस ने लेन-देन से सबंधित सभी बैंक खातों को फ्रीज करवा दिया गया है। मामले में अभी तक 6 सटोरियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सटोरियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 4(क) जुआ एक्ट, छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07, 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआ, सट्टा एवं ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वालों की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में दिनांक 02.04.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं. 06 स्थित एक मकान में गजानंद एप से ऑन-लाईन सट्टा संचालित करते आरोपी हर्ष पंजवानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 04 नग मोबाईल फोन तथा नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 60,000/- रूपये तथा विभिन्न कम्पनी के चेकबुक, पासबुक एवं ए.टी.एम. कार्ड एवं सट्टा के पैसों का हिसाब-किताब जप्त किया गया है।

जुबानी जंग

भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा-रे बे करने वाले भाषाई ज्ञान न दें

भूपेश की बयानबाजी को भाजपा ने कहा-भूपेश अब सस्ते ट्रोलर

- **एक्स पोस्ट पर भाजपा नेताओं ने भूपेश बघेल को घेरा**

रायपुर /नवप्रदेश। एक सस्ते ट्रोल की तरह ही व्यवहार कर रहे हैं आप भूपेश बघेल जी। देश हित से जुड़े इतने बड़े विषय का इस तरह मजाक उड़ाना निंदनीय है। आश्चर्य है कि कितनी फुरसत में रहते हैं आप और आपकी टीम। एक सहज-सरल मुख्यमंत्री का इस तरह उपहास करना, इस तरह विषय को भटकाना यह दिखाता है कि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की यह सफलता आपको पच नहीं रही है। कभी सर्जिकल स्ट्राइक का इसी तरह मजाक बनाते हुए आपने कहा था कि वहां कौए मरे थे। जनता ने आपके भद्दे मजाक का जवाब दे दिया। क्यों इस तरह अपनी भद्द पिटवाते रहते हैं कका?

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा

सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में भूपेश बघेल इन दिनों सड़क छाप ट्रोलर की भूमिका में है । प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ़ मुद्दाविहीन हो चुके भूपेश बघेल अब उनके लिए हर दिन अनर्गल प्रलाप का भोपू बजा रहे है । सेना के शौर्य पर प्रश्न चिह्न भूपेश बघेल कांग्रेस के बदनाम टूल से ज़्यादा कुछ नहीं है ।

पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह ने कहा भूपेश बघेल जी, एक सुशासन प्रिय मुख्यमंत्री ने देश की सेना पर गर्व जताया, और आप उसमें भी मीन मेख निकाल रहे हैं? देश आज ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए आतंकियों के पनाहगार पाकिस्तान पर की गयी कार्रवाई से गर्वित है। सेना का मनोबल गिराने वाले सवाल सिर्फ कांग्रेस की ओर से ही क्यों उठाते हैं

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने कहा-

ऐ लड़की राजनीति मत कर,तेरे बाप ने भी कभी माइक पकड़ा है,ये लोग कितना भी भौंके,ऐसे शब्दों का प्रयोग करने वाले मा.पूर्व मुख्यमंत्री जी आप तो कम से कम भाषा पर न बोले तो अच्छा है,एक सरल, सहज ,आदिवासी मुख्यमंत्री आपको पच नहीं रहा है तो आप बेवजह की सस्ती राजनीति कर रहे है।

पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष और भाजपा प्रवक्ता हर्षिता पांडेय ने कहा

सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में भूपेश बघेल इन दिनों सड़क छाप ट्रोलर की भूमिका में है । प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ़ मुद्दाविहीन हो चुके भूपेश बघेल अब उनके लिए हर दिन अनर्गल प्रलाप का भोपू बजा रहे है । सेना के शौर्य पर प्रश्न चिह्न लगाने वाले भूपेश बघेल कांग्रेस के बदनाम टूल से ज़्यादा कुछ नहीं है ।

न्यूज गैलरी

शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला, सेंसेक्स 130 अंक उछला, निफ्टी 24,613 पर

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार हरे निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 130 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 81,278.49 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.14 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,613.80 पर खुला। आज के कारोबार के दौरान ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस, वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स, वीआईपी इंडस्ट्रीज, हनीवेल ऑटोमेशन, ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया, मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, एएसके ऑटोमोटिव, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज और भारती हेक्साकॉम के शेयर फोकस में रहेंगे। कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ रेड जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 1281 अंकों की गिरावट के साथ 81,148.22 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 1.39 फीसदी की गिरावट के साथ 24,578.35 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, जियो फाइनेंशियल, हीरो मोटोकॉर्प, डॉ रेड्डीज लैब्स और सिप्ला के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि पावर ग्रिड कॉर्प, इंफोसिस, इटरनल, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे। बीएसई मिडकैप सूचकांक स्थिर रहा, जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.9 फीसदी की बढ़ोतीर हुई. सेक्टरों में मीडिया, पीएसयू बैंक, फार्मा इंडेक्स में 1-1 फीसदी की तेजी आई. जबकि आईटी, एफएमसीजी, रियल्टी इंडेक्स में 1-2 फीसदी की गिरावट आई। सेक्टरों में सबसे ज्यादा नुकसान निफ्टी आईटी इंडेक्स में हुआ, जो इंट्रा-डे ट्रेड में करीब 3 फीसदी गिरा. इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसे दिग्गज शेयरों में मुनाफावसूली के चलते 3 से 4 फीसदी तक की गिरावट आई. ऑटो और एफएमसीजी शेयरों पर भी दबाव देखने को मिला।

चौथी तिमाही के नतीजों के बाद टाटा मोटर्स के शेयरों में आई गिरावट

मुंबई। टाटा मोटर्स के शेयर की कीमत में बुधवार को सुबह के कारोबार में 3 फीसदी की गिरावट आई, जो मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद चौथी तिमाही के नतीजों के बाद आई. टाटा मोटर्स ने लाभांश की भी घोषणा की है। जगुआर लैंड रोवर के कमर्शियल व्हीकल निर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार 13 मई को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही (वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही) के दौरान अपने समेकित शुद्ध लाभ में 51.34 फीसदी की साल-दर-साल गिरावट दर्ज की, जो 8,470 करोड़ रुपये थी. कंपनी ने पिछले वर्ष इसी अवधि में 17,407 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था. कंपनी की वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही बिक्री 1,19,502 करोड़ रुपये रही, जो साल-दर-साल 0.4 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी दिखाता है। टाटा मोटर्स, ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय साल-दर-साल 4.1 फीसदी गिरकर 16,700 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एबिटा मार्जिन 60 आधार अंक घटकर 14 फीसदी हो गया। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान, हालांकि टाटा मोटर्स ने वित्त वर्ष 25 के लिए 4,39,695 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.3 फीसदी अधिक था, लेकिन इसका लाभ 11.4 फीसदी गिरकर 27,830 करोड़ रुपये हो गया। टाटा मोटर्स पर ब्रोकरेज की राय विभाजित है, सीएलएसए ने आउटपरफॉर्म रेटिंग और 805 रुपये का मूल्य लक्ष्य बनाए रखा है, जो बुधवार के समापन मूल्य से 14 फीसदी की संभावित वृद्धि का सुझाव देता है। सीएलएसए ने उल्लेख किया कि जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) टैरिफ चिंताओं और व्यापक आर्थिक चुनौतियों के कारण वित्त वर्ष 26 में मांग के बारे में सतर्क है, लेकिन समग्र लक्जरी यात्री वाहन खंड पर इसका कोई खास असर नहीं हो सकता है. इन बाधाओं के बावजूद, जेएलआर को अपने वित्त वर्ष 26 के ईबीआईटी मार्जिन मार्गदर्शन को प्राप्त करने का भरोसा है।

तीन वर्षों में जोड़ी जाने वाली कुल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का 20 प्रतिशत से अधिक होगी

बैक्ड रिन्यूएबल एनर्जी की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी वित्त वर्ष 2027-28 तक बढ़कर 25-30 गीगावाट हो जाएगी- रिपोर्ट

नई दिल्ली। क्रिसिल रेटिंग्स की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में स्टोरेज-बैक्ड रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी वित्त वर्ष 2027-28 तक बढ़कर 25-30 गीगावाट (जीडब्ल्यू) हो जाने की संभावना है, जो 2024-25 के दौरान लगभग शून्य है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धिशील क्षमता तीन वर्षों में जोड़ी जाने वाली कुल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का 20 प्रतिशत से अधिक होगी। स्टोरेज-बैक्ड आरई प्रोजेक्ट रिन्यूएबल एनर्जी जनरेशन की रुक-रुककर होने वाली प्रकृति के लिए एक प्रभावी समाधान प्रदान करती हैं।ऐसे प्रोजेक्ट आवश्यकता पड़ने पर बिजली की आपूर्ति करते हैं, जिससे ग्रिड स्थिरता को सपोर्ट मिलता है।उदाहरण के लिए ये प्रोजेक्ट मासिक या प्रति घंटे के शेड्यूल पर या सुबह और शाम के पीक घंटों में ग्रीन पावर प्रदान कर सकते हैं।सरकार इन प्रोजेक्ट पर जोर दे रही है ताकि रिन्यूएबल एनर्जी को देश के बिजली मिश्रण का एक स्थायी हिस्सा बनाया जा सके।हाल ही में टेंडर नीलामी में इन प्रोजेक्ट की उच्च मात्रा में जोर देखा गया, जो कैलेंडर वर्ष 2024 में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा टेंडर के माध्यम से दी गई कुल क्षमता का लगभग 25 प्रतिशत (या 11 गीगावाट) है, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 11 प्रतिशत (या 2.5 गीगावाट) है। हाई-एनर्जी आवश्यकताओं को देखते हुए इन प्रोजेक्ट को कॉन्ट्रैक्टेड कैपेसिटी के 2.5 गुना तक औसत ओवरसाइज़िंग की आवश्यकता है। इसके परिणामस्वरूप लगभग 34 गीगावाट की संचयी कैपेसिटी पाइपलाइन बन गई है।हालांकि, इन टेंडर के माध्यम से प्रदान की गई लगभग पूरी क्षमता या तो विकास के चरण में है या निर्माण के प्रारंभिक चरण में है, जिससे प्रोजेक्ट शुरू होने में निहित जोखिम

उत्पन्न होते हैं।रिपोर्ट के अनुसार, इन प्रोजेक्ट में जोखिम आम तौर पर ऑफटेक समझौते, फंडिंग और निष्पादन में देरी के रूप में सामने आते हैं। लेकिन, हमें लगता है कि कमीशनिंग के लिए जोखिम कम से कम मध्यम होंगे, खासकर ऑफटेक और फंडिंग जोखिम कम होंगे। इसके अलावा, डेवलपर्स का सक्रिय दृष्टिकोण, विशेष रूप से भूमि और कनेक्टिविटी आवश्यकताओं के प्रति, निर्माण जोखिमों को सीमित करने में मदद करेगा।रिपोर्ट के अनुसार, फंडिंग की उपलब्धता भी कोई बड़ी चुनौती नहीं होगी, क्योंकि प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद नकदी प्रवाह की अच्छी संभावना के साथ-साथ 25-वर्षीय पीपीए के माध्यम से लॉन्ग-टर्म रेवेन्यू विजिबिलिटी से ऋणदाताओं की रुचि बढ़ेगी। क्रिसिल रेटिंग्स के एसोसिएट डायरेक्टर अंकुश त्यागी ने कहा कि आखिरकार, निर्माण से संबंधित निष्पादन जोखिम कम से मध्यम प्रतीत होते हैं। डेवलपर्स से हमारी समझ के आधार पर, कैलेंडर वर्ष 2024 में प्रदान की गई क्षमताओं में से लगभग 70 प्रतिशत ने बोली में भाग लेने से पहले आवश्यक महत्वपूर्ण संसाधनों मुख्य रूप से भूमि और ग्रिड कनेक्टिविटी, की पहचान कर ली है या उन्हें सुरक्षित कर लिया है। यह उनके लिए फायदेमंद साबित होगा।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी

केंद्र ने पाकिस्तानी झंडे और अन्य सामान की बिक्री को लेकर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी

नई दिल्ली। सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट समेत प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों को उनके प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तानी प्रतीकों वाले झंडे और सामान की बिक्री के संबंध में नोटिस जारी किया है।

यह जानकारी केंद्रीय मंत्री की ओर से दी गई। केंद्रीय उपभोक्ता मामले के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की पोस्ट में लिखा कि सीसीपीए ने पाकिस्तानी झंडों और उससे संबंधित सामान की बिक्री को लेकर अमेजन, फ्लिपकार्ट, यूबाय इंडिया, एटसी, द फ्लैग कंपनी और द फ्लैग कॉर्पोरेशन को नोटिस जारी किया है।उन्होंने आगे कहा कि ऐसी असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जोशी ने कहा, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों को निर्देश दिया जाता है कि वे ऐसी सभी सामग्री को तुरंत हटा दें

और राष्ट्रीय कानूनों का पालन करें। मंत्री ने सभी ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं को देश में व्यापार करते समय भारतीय कानूनों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी भी दी। पिछले हफ्ते सीसीपीए ने उचित डिस्क्लोजर, लाइसेंसिंग जानकारी या इक्विपमेंट टाइप अप्रूवल (ईटीए) के बिना अपने प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी की लिस्टिंग और बिक्री के खिलाफ अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो और ओएलएक्स जैसे प्रमुख डिजिटल मार्केटप्लेस को 13 नोटिस जारी किए थे।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस की आवश्यकता या लागू कानूनों के अनुपालन के बारे में अनिवार्य और स्पष्ट डिस्क्लोजर के बिना ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी बेचे जा रहे हैं। प्रारंभिक विश्लेषण से अमेजन पर लगभग 467, फ्लिपकार्ट पर 314, मेशो पर 489 और ट्रेडइंडिया पर 423 ऐसी लिस्टिंग का पता लगा, जो इस मामले की गंभीरता को दिखाती है। केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा था कि गैर-अनुपालन वाले वायरलेस उपकरणों की बिक्री न केवल वैधानिक दायित्वों का उल्लंघन करती है।

केनरा रोबेको ने लॉन्च किया केनरा रोबेको मल्टी एसेट एलोकेशन फंड

मुंबई। भारत के दूसरे सबसे पुराने एसेट मैनेजर, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने आज केनरा रोबेको मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च का ऐलान किया है। यह एक ओपन-एंडेड हाइब्रिड फंड है जिसका लक्ष्य बाजार के अच्छे प्रदर्शन के समय अल्फा रिटर्न हासिल करना और बाजार के खराबदौरमेंनुकसान की संभावना को कम करना है।

यह फंड एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो इक्विटी और इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट, डेट और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट, गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ में निवेश करती है। इसकी मल्टी असेट एलोकेशन रणनीति का लक्ष्य सभी तरह की बाजार स्थितियों में बेहतर परिणाम हासिल करना है।यह फंड बदलती आर्थिक स्थितियों, अर्निंग मोमेंटम, मार्केट वैल्यूएशन और इक्विटी रिस्क प्रीमियमको ध्यान में रखते हुए समय-समय पर असेट क्लॉस की समीक्षा करता रहेगाजिससे पोर्टफोलियो को संतुलित रखने में आसानी होगी।

नया फंड ऑफर (NFO) सब्सक्रिप्शन के लिए 9 मई, 2025 को खुलेगा और 23 मई, 2025 को बंद होगा। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर, श्री रजनीश नरूला ने कहा, ÷केनरा रोबेको मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च से न केवल हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार होगा, बल्कि यह निवेशकों को बाजार की नई-नई जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग तरह के समाधान प्रदान करने की हमारी क्षमता को भी बढ़ाएगा।÷ ÷हमारा लक्ष्यनिवेशकों के लिए लगातार नए फंड विकसित करना और उन्हें मजबूत पोर्टफोलियो बनाने में सहायता करना है।हम निवेशकों के वित्तीय लक्ष्यों के मुताबिकप्रोडक्ट विकसित करने के साथ ही इनमें लगातार सुधार करते रहतेहैं और उत्कृष्टता की अपनी संस्कृति पर फोकस बनाए रखते हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20732 दिनांक 15.05.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446M91038 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती पिता/पति M/S BALAJI BUILDERS AND DEVELOPERS BHAGIDAR- RAMCHANDRA KOTWANI श्री/श्रीमती पिता/पति LATE DHALUMAL KOTWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पिता/पति CHIRAUNJI LAL GUPTA श्री/श्रीमती पिता/पति S/O SHRI SALIK RAM GUPTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानन्द दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20771 दिनांक 15.05.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651O00019 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती पिता/पति MANSI SHIVANI श्री/श्रीमती पिता/पति AMAR SHIVANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पिता/पति POOJA TOLANI श्री/श्रीमती पिता/पति W/O SHRI JAY KUMAR TOLANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानन्द दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20845 दिनांक 15.05.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651O00116 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती पिता/पति KOMAL JASUJA श्री/श्रीमती पिता/पति VIDYANAND JASUJA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पिता/पति VIJAYA JAIN श्री/श्रीमती पिता/पति W/O SHRI VIJAY KUMAR JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानन्द दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20735 दिनांक 15.05.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651KM7804 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती पिता/पति DINESH LAMBA श्री/श्रीमती पिता/पति DEVENDRA KUMAR LAMBA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पिता/पति RAJIV NIVSARKAR श्री/श्रीमती पिता/पति S/O SHRI SHARAD CHINTAMAN NIVSARKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानन्द दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20245 दिनांक 15.05.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446J01754 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती पिता/पति MS S R V VENTURES BY PTR VASUDEV JEEVNANI AND OTHER श्री/श्रीमती पिता/पति --- के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पिता/पति PRATEEK GUPTA श्री/श्रीमती पिता/पति S/O SHRI VISHANU PRASAD GUPTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानन्द दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 20733 दिनांक 15.05.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651KM7801 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती पिता/पति ARUNA LAMBA श्री/श्रीमती पिता/पति DINESH LAMBA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पिता/पति RAVI NIVSARKAR श्री/श्रीमती पिता/पति S/O SHRI RAJIV NIVSARKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानन्द दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

अप्रैल में थोक महंगाई घटकर 0.85 फीसदी पर आई

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई मार्च में 2.05 फीसदी से अप्रैल 2025 में 0.85 फीसदी तक गिर गई. मंहगाई में गिरावट मुख्य रूप से ईंधन एवं बिजली तथा प्राथमिक वस्तुओं के खंडों में कीमतों में गिरावट के कारण हुई. हालांकि विनिर्माण क्षेत्र ने लचीलापन दिखाना जारी रखा। ऐसा मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, केमिकल्स और केमिकल्स प्रोडक्ट, अन्य परिवहन उपकरणों के निर्माण और मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हुआ है. यह मार्च में डब्ल्यूपीआई दर से कम है, जो 2.05 फीसदी थी। डब्ल्यूपीआई बड़ी मात्रा में बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में औसत बदलाव को ट्रैक करता है और उत्पादन स्तर पर मुद्रास्फीति का एक महत्वपूर्ण संकेतक है. यह कृषि, खनन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में आपूर्ति और मांग के रुझान को दिखाता है। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई 2019 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है. अप्रैल 2025 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक साल-दर-साल 3.16 प्रतिशत दर्ज किया गया।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email-sepwdkanker.2010@rediffmail.com/ se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन/ सड़क कार्य हेतु दिनांक 04.06.2025 समय 17:30 बजे तक आनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	एन.आई.टी. नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
01	12	168432	कोण्डागांव के ग्राम-छिनारी में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित)	120.13 लाख
02	13	168433	कोण्डागांव के ग्राम-लूभा में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित)	120.13 लाख
03	14	168434	कोण्डागांव के ग्राम-बफना में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित)	120.13 लाख
04	15	168435	जिला नारायणपुर के बड़ेजम्हरी में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित)	120.44 लाख
05	16	168436	जिला नारायणपुर के धौड़ाई में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित)	120.44 लाख
06	17	168437	जिला कांकेर के कुलगांव गौठान के लिए सी.सी. सड़क निर्माण कार्य लंबाई 1.00 कि.मी.।	61.88 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 04.06.2025 है।
नोटः- प्रथम आमंत्रण

जी-252600893/3

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurment Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 01,02,03,04/वलेलि/2025-26 जगदलपुर, दिनांक 13/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि रु. 1.50 लाख।

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	निर्धारित समयावधि
1		2	3	4
01	168060	बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के कोयनार स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	290.63 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
02	168061	बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर के विश्रामपुरी जलाशय में बांध के ऊपर मिट्टी कार्य, नवीन स्लूस वेस्ट वियर कार्य एवं नहर लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	293.88 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
03	168062	बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के पेदापारा (मण्डवा) स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	292.95 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
04	168064	बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल के बड़े आरापुर स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	289.67 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 20.05.2025 17:31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 30.05.2025 17:30 Hours

रिमार्क :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 20.05.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

जी-252600848/5

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)
दुर्ग, दिनांक 07.05.2025

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से आनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 27.05.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

निविदा आमंत्रण सू.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
39/दुर्ग (दुर्ग)/2025	केन्द्रीय जेल दुर्ग में सुरक्षा से जुड़े मजबूतीकरण एवं मरम्मत का कार्य बारबेड वायर फेसिंग का कार्य	70.35
40/दुर्ग(बालोद)/2025	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत पुल-पुलियों में विशेष मरम्मत कार्य	30.00
41/दुर्ग(बालोद)/2025	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई एवं रंग रोगन कार्य	30.00
42/दुर्ग(बालोद)/2025	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत, एवं एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य	25.00
43/दुर्ग(बालोद)/2025	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई एवं रंग रोगन कार्य	24.99
44/दुर्ग(बालोद)/2025	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य	30.00
45/दुर्ग(बालोद)/2025	लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेच रिपेयर कार्य	25.00
46/दुर्ग(खैरागढ़)/2025	उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत आवासीय एवं आवासीय गैर आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य	20.00
47/दुर्ग(खैरागढ़)/2025	उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में संधारण मरम्मत कार्य	20.00
48/दुर्ग(राज.)/2025	लोक निर्माण विभाग, संभाग राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल-पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य	50.00

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी-252600838/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876

अवैध कॉलोनी में पालिका करा रहीं है 31.62 लाख की लागत से सड़क निर्माण

भू माफिया-जमीन दलाल को फायदा पहुंचाने की स्कीम, अध्यक्ष ने सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन, उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया, लेकिन दोनों ही अंजान

जयदेव सिंह

नवप्रदेश एक्सक्लूसिव

महासमुंद/नवप्रदेश। भू माफिया द्वारा अवैध प्लाटिंग कर आम लोगों को टुकड़े में जमीन बेचना का खेल आम हो गई है। नगर पालिका के जिन जिम्मेदारों को अवैध प्लाटिंग और अवैध कॉलोनी पर नकेल कसने की जिम्मेदारी है, अब वहीं अवैध कॉलोनी में लाखों फूंक कर सड़क बनाकर दे रहे हैं। भू माफिया को फायदा पहुंचाने के लिए नगर पालिका सारे नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष उसी अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण का भूमिपूजन और निरीक्षण करते हैं।

मचेवा स्थित कलेक्टोरेट कॉलोनी के सामने जिला आबकारी अधिकारी के निवास के पीछे से जाने वाले मार्ग पर नगर पालिका द्वारा 31.62 लाख की लागत से करीब 400 मीटर कांक्रीटीकरण सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जहां सड़क बनाई जा रही है वो वार्ड नंबर 28, में आता है। यहां भू माफिया, जमीन दलालों ने अवैध प्लाटिंग कर के अलग-अलग लोगों को बेचा है। जहां अब धीरे-धीरे अवैध कॉलोनी स्थापित होता जा रहा है। ऐसे अवैध कॉलोनी को कैसे बढ़ावा मिलता है इसकी एक बानगी देखने से समझ में आ जाएगा। भू माफिया को फायदा पहुंचाने के लिए वर्ष 2024 में कांग्रेस की तत्कालीन नगर

पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग रहीं। इस कार्यकाल के दौरान ही पीआईसी और परिषद की बैठक लेकर वार्ड नंबर 28 के अवैध कॉलोनी में यामिनी साहू के निवास से कलेक्टर कॉलोनी तक कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण कार्य का ऐजेंडा में शामिल किया गया और नगरीय प्रशासन विकास विभाग को प्रस्ताव भेजा गया। भेजे गए प्रस्ताव में कहीं भी यह ज़िक्र नहीं किया कि जिस जगह पर सड़क का निर्माण किया जाएगा वो अवैध कॉलोनी है। जबकि नगर पालिका के लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर किसी भी निर्माण से पहले स्थल निरीक्षण, ड्राइंग डिजाइन, स्टीमेट तैयार करने की जिम्मेदारी होती है। इन्हें पता होता है कि कौन सी कॉलोनी वैध और अवैध है। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा अवैध कॉलोनी की सच्चाई छिपाए रखा और भ्रमक व झूठी जानकारी देकर नगरीय प्रशासन विकास विभाग से इस सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति ले ली। इसके लिए बाकायदा 15वें वित्त की राशि 31.62 लाख से सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली। अब इस अवैध कॉलोनी में करीब 400 मीटर कांक्रीटीकरण सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिस अवैध कॉलोनी में इतनी बड़ी लागत लगाकर सड़क बनाया जा रहा है वहां गिनती के सिर्फ 12 मकान है बाकी सब खाली प्लाट है।

अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण से अंजान

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को वार्ड नंबर 28 में सड़क निर्माण की जानकारी तो है लेकिन निर्माण अवैध कॉलोनी में हो रहा इससे अंजान है। वे स्वयं इस अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण का भूमिपूजन कुछ दिन पहले कर चुके हैं। तो दूसरी ओर इसके ठीक दो दिन बाद नगर पालिका के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी इसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश देकर लौटे थे। इससे साफ जाहिर होता है कि जब नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को वैध अवैध की जानकारी नहीं तो नगर पालिका में इससे पहले क्या क्या हुआ इसका पता कैसे लगाएंगे?

ऐसे पहुंचाया जाता भू माफिया को फायदा

भू माफिया, दलाल अवैध प्लाटिंग कर लोगों को टुकड़े में प्लाट बेचते हैं। सामान्य तौर पर जमीन की कीमत 1500 रुपये वर्ग फुट है, अगर उसी प्लाट के आसपास सड़क और नाली की सुविधा लोगों को मिले तो उसी प्लाट की कीमत 2000 रुपये हो जाता है। इसका सीधा फायदा भू माफिया को अवैध प्लाटिंग से मिलने लगता है। भू माफिया, जमीन दलाल और नगर पालिका की मिलीभगत से आम लोगों को जमीन बेचना और भी आसान हो जाता है। इसके अलावा भू माफिया, दलालों का अच्छा खासा मुनाफा हो जाता हैं और उसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। क्योंकि अवैध कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा किसी भी तरह की मूलभूत सुविधाएं देने का नियम नहीं है। तब तक मूलभूत सुविधाएं नहीं देते जब तक कि, उस मकान या कॉलोनी का नियमितीकरण नहीं हो जाता। लेकिन यहां सिर्फ भू माफिया को फायदा पहुंचाने के लिए 12 मकानों के लिए 31 लाख से ज्यादा की लागत से 400 मीटर कांक्रीटीकरण सड़क का निर्माण कर स्वयं नगर पालिका ऐसे अवैध कॉलोनी को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कलेक्टर ने लिया संज्ञान

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह कलेक्टर कॉलोनी के सामने अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का संज्ञान लेते हुए सीएमओ अशोक सलामे को निर्माण कार्य की जांच करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अवैध कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण नियमों के विपरित हो तो तत्काल काम रोकने को कहा है। सीएमओ अशोक सलामे ने कहा कि पिछले परिषद द्वारा सड़क निर्माण का प्रस्ताव के बाद स्वीकृति मिली है। कॉलोनी वैध है या अवैध जांच के बाद स्पष्ट हो पायेगा।

संक्षिप्त खबरें

सीबीएसई बोर्ड में धमतरी जिला में प्रियम चन्द्राकर टॉपर

कुरूद/नवप्रदेश। सी बी एस ई बोर्ड में धमतरी जिला में टॉप करने वाला प्रियम चन्द्राकर

98.6प्रतिशत से टॉपर बन के कुरूद नगर एवं समाज का मान बढ़ाया है। पिता खिलेन्द्र चन्द्राकर व्यवसायी है एवं माताजी पार्वती चन्द्राकर व्याख्याता(जीव विज्ञान) है। प्रियम चन्द्राकर केन्द्रीय विद्यालय धमतरी का होनहार छात्र है। प्रियम आगे आईएएस बनना चाहता हैं। प्रियम ने बताया कि शिक्षको एवं माता पिता का सहयोग पढ़ाई के लिए बहुत मिला और खुद भी 8 से 10 घंटे तक पढ़ाई करके आज जिला में टॉप आया है। प्रियम की इस उपलब्धि पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य गिरीश बाबू, , समस्त शिक्षकों और समाज जन मित्र गनो, ने बहुत बहुत बधाई दिया है।

नवागढ़ में 26 मई से शुरू होगी धर्म सभा

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर में 26 से 30 मई तक धर्म और अध्यात्म का भव्य आयोजन धर्म सभा 2025 के रूप में होने जा रहा है। यह धर्म सभा अपने चतुर्थ वर्ष में प्रवेश कर रही है, जिसकी थीम है – धर्म ही जीवन का आधार÷। यह संदेश देती है कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के हर पहलू में उसका मार्गदर्शन आवश्यक है। इस बार धर्म सभा के मुख्य वक्ता योगेश्वरानंद महाराज होंगे। इनके साथ ही पं. नागेश्वर तिवारी, पं. ध्रुव शर्मा और सागर महाराज के प्रवचन भी सुनिश्चित किए गए हैं, जो धर्म, नैतिकता, आत्मिक उत्थान और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर अपने विचार प्रकट करेंगे। प्रतिदिन भजन-कीर्तन, सत्संग, प्रवचन और सामूहिक प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी। इस आयोजन के माध्यम से धर्म के मूल तत्वों को समझने, आत्मिक चेतना जगाने और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का उद्देश्य है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित शेखर शर्मा ने बताया कि धर्म सभा समाज में शांति, सद्भाव और अध्यात्म के प्रति जागरूकता का संदेश देने का कार्य कर रही है। उन्होंने सभी श्रद्धालुजनों से इस पावन आयोजन में सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

14 साल से फरार कुख्यात ठग गिरफ्तार

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर पुलिस को ऑपरेशन अंकुश के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। 14 वर्षो से फरार चल रहे कुख्यात ठग अनिल उर्फनीलू मल्होत्रा को जशपुर पुलिस ने जांजगीर-चांपा जिले से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ थाना पत्थलगांव में ठगी के दो मामले वर्ष 2011 में दर्ज थे, जिनमें वह लगातार फरार चल रहा था। आरोपी ने नौकरी लगाने के नाम पर झांसा देकर झारखंड और जशपुर के दो लोगों से कुल 2,90,000 की ठगी की थी और उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र देकर धोखाधड़ी की। जब पीड़ित सरकारी स्कूल में ज्वाइनिंग के लिए पहुंचे तो पता चला कि दिए गए आदेश पत्र फर्जी हैं। मामले में पहले ही आरोपी के अन्य साथी - विष्णु गुप्ता, धरनीधर, रामसिंह, महेश टोप्पो, देवसाय और चंदा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था।

राष्ट्रीय उद्यान में वाहन चालक भर्ती पर उठे सवाल

- **अभ्यर्थी ने चयन प्रक्रिया में अनियमितता के लगाए आरोप**

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर में भारी वाहन चालक के पद पर हुई भर्ती प्रक्रिया अब सवालों के घेरे में आ गई है। अभ्यर्थी अशोक कुमार द्वारा की गई शिकायत और दस्तावेजों के अनुसार, चयन प्रक्रिया में कई गंभीर अनियमितताएं और नियमों का उल्लंघन सामने आया है, जिससे पूरी भर्ती की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

अनुचित रूप से दिए गए अनुभव अंक –

शिकायत में विशेष रूप से यह बताया गया है कि एक चयनित अभ्यर्थी को उनके पिता के नाम पर जारी निजी वाहन अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर अनुभव के अंक प्रदान किए गए, जबकि छत्तीसगढ़ शासन के नियमों के अनुसार केवल आवेदक के नाम पर पंजीकृत व्यावसायिक वाहन का अनुभव ही मान्य होता है। निजी वाहन या परिजन के अनुभव को मान्यता नहीं दी जा सकती।

साक्षात्कार से पहले मिला अंदरूनी 'लीक'!– एक और गंभीर आरोप यह है कि साक्षात्कार से एक दिन पहले चयन समिति से जुड़े एक कर्मचारी द्वारा कुछ अभ्यर्थियों को व्हाट्सएप पर मशीन पार्ट्स की जानकारी भेजी गई, जिससे उन्हें अनुचित लाभ मिला। इस घटना का



मोबाइल स्क्रीनशॉट और बातचीत के प्रमाण भी शिकायत के साथ संलग्न हैं।

सूचना मांगने पर भी नहीं मिली जानकारी– अशोक कुमार ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत चयन प्रक्रिया से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ जैसे–साक्षात्कार वीडियो रिकॉर्डिंग, अंक तालिका, चयन मानदंड और अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रतियां–मांगी थीं। लेकिन नियमानुसार 30 दिनों के भीतर सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई।

सवालों में चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता– पूरे मामले में यह सवाल उठता है कि जब एक अभ्यर्थी ने सभी योग्यताओं के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त किए, तो उसे क्यों वंचित किया गया? क्या चयन प्रक्रिया पूर्व निर्धारित मापदंडों के अनुसार पारदर्शिता से की गई? क्या कुछ अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों की अनदेखी की गई?

योग्यता में अव्वल, फिर भी बाहर कर दिया

अशोक कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने 07 अप्रैल 2025 को आयोजित वाहन मशीन ज्ञान परीक्षा में 50 में से 47 अंक प्राप्त किए तथा 08 अप्रैल को हुए साक्षात्कार में अच्छा प्रदर्शन किया। उनके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, भारी वाहन चलाने का लाइसेंस और वर्षों का व्यावसायिक अनुभव भी है। बावजूद इसके, उन्हें मेरिट सूची से बाहर कर दिया गया, जबकि उनसे कम अंक लाने वाले कई अभ्यर्थियों को चयन सूची में ऊपर स्थान दिया गया।

जांच की मांग

अभ्यर्थी ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए अधिकारियों से मेरिट सूची की समीक्षा तथा दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। यदि इस तरह की अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं, तो यह भर्ती प्रणाली की साख को प्रभावित करने वाला मामला बन सकता है। अब निगाहें वन विभाग और जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वे इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या निष्पक्ष जांच कराते हैं।

नक्सलियों को खदेड़ने वाले अभियान में शामिल डॉग की मौत

ऑपरेशन में सीआरपीएफ के डॉगी 'रोलो' का भी रहा अहम योगदान

मधुमक्खियों ने किया था हमला

बीजापुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित करेंगुट्टा के पहाड़ पर सीआरपीएफ व दूसरे सुरक्षाबलों ने तीन सप्ताह तक चले ब्लैक फ़ॉरेस्ट ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें से 28 नक्सलियों की पहचान हो गई है। मारे गए नक्सलियों में 16 महिला और 15 पुरुष शामिल हैं। इस ऑपरेशन में 18 जवान भी घायल हो गए हैं। इस ऑपरेशन में सीआरपीएफ के डॉगी 'रोलो' ने भी अहम योगदान दिया था।

अभियान में शामिल जवानों को आईईडी से बचाने के लिए 'रोलो' ने सर्चिंग में काफ़ी मदद की थी। इस दौरान मधुमक्खियों एक विशाल झुंड ने अचानक रोलो पर हमला कर दिया। इसके चलते रोलो की जान चली गई। सीआरपीएफ की 228 बटालियन में रोलो को पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सीआरपीएफ जवानों ने हथियार उल्टे कर रोलो को सलामी दी। यह सम्मान रोलो के हैंडलर द्वारा ग्रहण किया जाएगा। सीआरपीएफ डीजी जीपी सिंह ने डॉग रोलो को मरणोपरांत डीजी कमेंडेशन डिस्क (सम्मान) देने की घोषणा की है। रोलो का जन्म 5 अप्रैल 2023 को हुआ था। रोलो को इन्फैंट्री पेट्रोलिंग, विस्फोटक का पता लगाने और आक्रमण में प्रशिक्षित किया गया था। ट्रेनिंग के बाद के9 रोलो को पिछले माह ही नक्सल विरोधी अभियान में शामिल किया गया। सीआरपीएफ व छत्तीसगढ़ पुलिस ने गत माह नक्सलियों के खिलाफ अभी तक का सबसे बड़ा अभियान चलाया था। इस अभियान हजारों जवान शामिल थे। नक्सलियों ने कदम कदम पर आईईडी लगा रखी थी। आईईडी का पता लगाने के लिए रोलो को तैनात किया गया था। केजीएच में एक विशेष ऑपरेशन के दौरान जब गहन सर्च चल रही थी, तभी वहां पर मधुमक्खियों के एक विशाल झुंड द्वारा अचानक रोलो पर हमला कर दिया गया।

प्रयास कारगर साबित नहीं हो सका

जवानों का यह प्रयास कारगर साबित नहीं हो सका। मधुमक्खियों का विशाल झुंड कवर के अंदर घुस गया था। उन्होंने रोलो को बुरी तरह काट लिया। तीव्र दर्द और जलन के कारण रोलो बेहोश हो गया। जवानों ने उसे कवर से बाहर निकाला। उसकी जान बचाने के संचालकों ने रोलो को आपातकालीन उपचार दिया। उसके बाद रोलो को पशु चिकित्सक के पास ले जाया गया। हालांकि रोलो, दर्द और पीड़ा के कारण रास्ते में ही दम तोड़ चुका था। पशु चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीआरपीएफ ने रोलो को सलामी दी। इसके बाद डीजी ने रोलो को उसकी बहादुरी पर सम्मान देने की घोषणा की है।

9 महीने बाद लौट आई रहस्यमयी ढंग से गायब युवती

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले से 9 महीने पहले रहस्यमयी हालात में लापता हुई एक नाबालिग युवती अचानक अपने घर लौट आई है। यह वही मामला है जिसमें पुलिस ने अपहरण और हत्या की आशंका के चलते गांव के श्मशान में एक कब्र तक खुदवा दी थी।

मामला अगस्त 2024 का है, जब ग्राम चलना पदर में अपनी बुआ के घर रह रही युवती अचानक लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। कॉल डिटेल खंगालने के दौरान युवती की बातचीत गांव के ही 40 वर्षीय पड़ोसी से होने की जानकारी मिली। पुलिस ने उसे 31 जनवरी 2025 को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी के गोलमोल जवाबों से पुलिस को संदेह हुआ और हत्या की आशंका के चलते आरोपी की निशानदेही पर श्मशान में एक कब्र खुदवाई गई। कार्यपालिक दंडाधिकारी की मौजूदगी में खोदी गई कब्र से करीब 10 साल पुराना एक कंकाल मिला, जिससे मामला और पेचीदा हो गया और पुलिस ने जांच की दिशा बदल दी।

मुंडाली में मिली दुर्लभ प्रजाति की एशियन पाम सिवेट मां और बच्चे

वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

कोरबा /नवप्रदेश । कटघोरा वनमंडल के मुंडाली गांव में वन विभाग और नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी ने एशियन पाम सिवेट और उसके पांच बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा। यह प्रयास वन्यजीव संरक्षण और ग्रामीण सहयोग का उल्लेखनीय उदाहरण है।

कटघोरा वनमंडल के मुंडाली गांव में एक दुर्लभ एशियन पाम सिवेट और उसके पांच बच्चों को वन विभाग और नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी की संयुक्त टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू किया। सिवेट मां अपने बच्चों के साथ गांव के एक घर की धान की कोठी में रह रही थी।

घर के मालिक केशव जायसवाल ने वन विभाग को सूचना दी कि सिवेट मां बच्चों को

छोड़कर जाने को तैयार नहीं थी। कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश और उप वनमंडलाधिकारी चंद्रकांत के मार्गदर्शन में रेंजर अशोक मान्यवर, डिप्टी सुखदेव सिंह मरकाम, महेंद्र देवेंगन, और नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एम. सूरज, जितेंद्र सारथी, मयंक बागची व बबलू मारुवा की टीम ने संवेदनशीलता के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया।

समन्वित प्रयास की सराहना

टीम ने सावधानीपूर्वक सिवेट मां और बच्चों को बिना किसी तनाव या हानि के पकड़ा और उन्हें निकटवर्ती सुरक्षित वन क्षेत्र में उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन वन्यजीव संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में एक उल्लेखनीय उदाहरण है। स्थानीय ग्रामीणों, पर्यावरण प्रेमियों और वन्यजीव संरक्षण संगठनों ने वन विभाग और नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के इस समन्वित प्रयास की सराहना की है। यह पहल जैव विविधता संरक्षण के लिए प्रेरणादायक है।

आरक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। आरक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अधेड़ से 10 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र सिंह मानसर 49 वर्ष ग्राम परसदा जांजगीर चांपा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरवीएच कालोनी जागृतिनगर में आारोपी जय वर्मा ने प्रार्थी के भाई भुपेन्द्र सिंह मानसर को छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए ऐंठ लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नलकूप सूखने और नल की धार पतली होने की शिकायत

- **जोन क्रमांक चार की समस्याएं सुलझाने इंडोर स्टेडियम में लगा शिविर**
- **ब्राम्हणपारा में पेयजल संकट की सुधारने की मांग की पार्षद अजय साहू ने**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने आज जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत आने वाले सात वार्डों के लिए समाधान शिविर जूनेजा स्टेडियम बूढ़ापारा में आयोजित किया गया। जोन अध्यक्ष अमर गिरवानी ने बताया कि ब्राम्हण पारा सहित विभिन्न वार्डों में पेयजल संकट की समस्याएं पार्षदों ने उठाई। नलकूप सूखने एवं नल की धार धीमी होने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों ने आवेदन दिये।

समाधान शिविर में ब्राम्हण पारा वार्ड के अजय साहू ने भाग लिया उन्होंने बताया कि शिविर में राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शासन की लाभदायी योजनाओं तथा हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसमें नगर निगम आयुक्त विश्वजीत सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 57 के भगवती चरण शुक्ला वार्ड के पार्षद अमर गिरवानी ने बताया कि मेरे वार्ड में पेयजल संकट नहीं है नलकूप सूखने और नल से पानी कम आने की शिकायत लोगों ने की है।

ब्राम्हण पारा में भी नई पाइप लाइन बिछाने का अनुरोध पार्षद ने किया है जिसमें सदर बाजार सहित अन्य वार्ड के लोग शामिल हुए। पार्षदों ने बताया कि महापौर मीनल चौबे भी शामिल हुई। सभी सात वार्डों के पार्षद भी अपने अपने वार्ड की समस्याओं के समाधान के बीच पहुंचे।

खनन माफिया सक्रिय | दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर की जाएगी कार्रवाई

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन कसेगा शिकंजा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। ज़िले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन सख्त रुख अख्तियार किया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी अनुविभागों के एसडीएम को अपने अनुविभाग में रेत उत्खनन के ग्रे और ब्लैक स्पॉट की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि जिम्मेदारों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के तहत एफआईआर कर कठोर क़ारवाई करें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश हैं कि अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए। कलेक्टर सोनी ने बताया कि राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम जिम्मेदारों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करेगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी रेत के अवैध खनन और परिवहन को रोकने में प्रशासन की मदद करने की अपील की। बैठक में उन्होंने बताया कि आम नागरिक संपर्क

केंद्र के मोबाइल नंबर 9201899925 पर अवैध खनन और परिवहन की जानकारी दें। सटीक जानकारी देने वाले को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। कलेक्टर सोनी ने कहा कि जिले में रेत उत्खनन हेतु 14 खदानें स्वीकृत हैं, जहाँ से केवल ट्रेक्टर में माध्यम से उत्खनन करने की मंजूरी है। यदि कोई हाइवा या चैन माउंटेन का उपयोग करता है तो उनका वाहन ज़ब्त किया जाएगा। इसके बाद ड्राइवर के साथ-साथ वाहन के मालिक पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि वन कानूनों के तहत भी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और वाहन राजसात भी किया जाएगा। कलेक्टर ने परिवहन विभाग को रेत उत्खनन में शामिल वाहन मालिकों और वाहन चालकों की संपूर्ण जानकारी एकत्रित करने के निर्देश भी दिए। जिसमें उनके सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के दस्तावेज की जानकारी आदि शामिल हो। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि संयुक्त टीम पूरे दल बल के साथ अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतर्कता और सजगता से कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान टीम के सदस्य अपनी सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com